सुप्रभात
रांची, रविवार
24.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी/दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 74

12 कपड़े और थर्मोकोल से बनेगा पंडाल

## न्यूज डायरी

### पश्चिम बंगाल में डेंगू से छह और लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डेंगू से छह और लोगों की मौत होने से इस वर्ष राज्य में डेंगू से मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 से अधिक हो गयी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि दो मरीजों की कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उनमें से एक सॉल्ट लेक तथा दूसरा बाघा जतीन का निवासी था।

### पीएम की सुरक्षा में चूक काफिले में कूदा युवक

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गयी। वाकया, वाराणसी में रुद्राक्ष सेंटर के बाहर का है। पीएम यहां एयरपोर्ट के लिए रवाना ही हुए थे। इसी दौरान एक युवा उनके काफिले के आगे कूद गया। वह पीएम की गाड़ी से बमुश्किल 10 फीट की दूरी पर था।

### गुजरात में धू-धूकर जल उठी हमसफर एक्सप्रेस

**गुजरात।** वलसाड रेलवे स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद शनिवार को श्री गंगानगर हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन के जेनरेटर यान और उसके बगल वाले यात्री डिब्बे में आग लग गयी। इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। इसमें किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है।

### पलामू के हैदरनगर में युवक ने की खुदकुशी

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रांची रोड रेडमा के देवी मंडप के पास एक युवक ने फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना शुक्रवार देर शाम की है। युवक की पहचान इलाके के विनोद राम (40) के रूप में हुई है।

### बारिश से गिरा कच्चा मकान, पति की मौत

**पलामू।** हैदरनगर प्रखंड की बडंडा पंचायत के मोकहर खुर्द में शुक्रवार रात बारिश में एक कच्चा मकान गिर गया, जिसके मलबे में दबने से मकान मालिक सुरेश राम (55) की मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नी तेतरी देवी घायल हो गयी है।

### फुटबॉल मैच के दौरान वज्रपात, दो की मौत

**दुमका।** हंसडीहा मिशन के पास फुटबॉल मैदान में हिरला मरांग बुरु क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान वज्रपात की घटना में दो लोगों की मौत हो गया। ठनका की चपेट में आकर तीन अन्य लोग भी गंभीर रूप से झुलस गये हैं। मृतकों की पहचान शिवलाल सोरेन (32) एवं संतलाल हेम्ब्रम (20 वर्ष) के रूप में की गयी है।

### बुंडू जंगल में हाथियों का झुंड, दहशत में लोग

**बुंडू।** प्रखंड के रेलाडीह के समीप जंगल में चार दिनों से हाथी जमे हुए हैं। इस कारण आसपास के दर्जनों गांवों में लोग दहशत में हैं। वे अपने गांव में फसलों के बचाव के लिए रातभर जग कर सुरक्षा में लगे रहते हैं। वन विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# चेंबर चुनाव आज, देर रात तक रिजल्ट

## मतदाता करेंगे 39 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला

- सुबह नौ से शाम पांच बजे तक वोटिंग का समय तय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का वार्षिक आम चुनाव रविवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल मैदान में होगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। चुनाव सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इस अवधि में चेंबर के मतदाता अपना मत का प्रयोग कर सकते हैं। रविवार देर रात तक नतीजे भी घोषित हो जायेंगे। रविवार को होनेवाले मतदान के दिन ही दक्षिणी छोटानागपुर और उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के उपाध्यक्ष पद के लिए भी चुनाव होगा। दोनों प्रमंडल के लिए दो-दो सदस्यों ने नामांकन किया है। शेष चार प्रमंडलों के लिए उपाध्यक्ष का चयन निर्विरोध हो चुका है। 21 सदस्यीय कार्यकारिणी सदस्यों के लिए होनेवाले चुनाव में इस बार 39 प्रत्याशी अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

### सीसीटीवी की निगरानी में बैलेट पेपर से वोटिंग



इस बार चुनाव में किशोर मंत्री ने फिर से नामांकन दाखिल किया है। उनके साथ वर्तमान टीम ने भी दाखिल किया है। वहीं, अमित शर्मा टीम की भी दावेदारी जोरों पर है। चुनाव इस बार बैलेट पेपर से होगा। चुनाव परिसर मे मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए कहना या प्रचार करना निषेध है। इसकी निगरानी के लिए मतदान परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। जिसपर मतदान अधिकारियों की नजर रहेगी।

### मतगणना और रिजल्ट भी आज

मतदान के बाद रविवार को ही को ही मतगणना होगी। देर रात तक परिणाम घोषित किया जायेगा। वर्तमान में चेंबर की सदस्यता संख्या लगभग चार हजार है, जिसमें कुल 3534 आजीवन सदस्य, 169 जेनरल मेंबर, 83 सम्बद्ध संस्था, 2 पैट्रोन और 10 कॉरपोरेट सदस्य हैं। सम्बद्ध संस्थाओं को 2 वोट का अधिकार है। 2008 के बाद से यह परंपरा रही है कि चेंबर में कोई भी अध्यक्ष एक बार के बाद दोबारा अध्यक्ष बनने के लिए चुनावी मैदान में नहीं उतरा था। ऐसे में देखा जाय तो एक लंबे अरसे के बाद किशोर मंत्री ने अध्यक्ष होते हुए फिर से दावेदारी की है।

## करम अखरा में झूमे लोग



करम परब को लेकर आयोजित सांस्कृतिक संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम करम अखरा में नृत्य पेश करतीं आदिवासी बच्चियां। पद्मश्री मधु मसूरी हंसमुख, महावीर नायक एवं डॉ शरण उरांव ने संगोष्ठी में करम परब की महत्ता व पौराणिकता पर प्रकाश डाला। खोरठा करम गीत नृत्य, पंचपगनिया करम गीत नृत्य, पाता झूमर, करम गीतों पर सभी झूमते नजर आये। फोटो -समीर

फोटो : समीर

## समन के खिलाफ हाइकोर्ट गये सीएम, इडी को भेजा पत्र

# न्यायालय से दखल और कार्रवाई रोकने का आग्रह

- मामला जब तक लंबित है कोई कार्रवाई न की जाये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इडी के चौथे समन के बाद भी शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी दफ्तर नहीं गये, परंतु सुबह 11 बजे हाईकोर्ट गये और ईडी के समन के खिलाफ याचिका दाखिल की। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इडी की कर्रवाई पर रोक लगाने की मांग और इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। सीएम ने अपनी याचिका में इडी की शक्तियों को भी चुनौती दी है। वहीं सीएमओ का एक कर्मी पत्र लेकर शनिवार की दोपहर इडी दफ्तर पहुंचा और इडी को पत्र सौंप दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### चौथे समन पर भी इडी दफ्तर नहीं गये सीएम



जमीन घोटाला मामले में इडी ने सीएम को पहली बार 24 अगस्त को पूछताछ के लिए समन भेजा था। इसके जवाब में पत्र भेजकर सीएम ने समन को गैरकानूनी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन से ईडी ने बीते साल 17 नवंबर को करीब 9 घंटे तक पूछताछ की थी। आरोप है कि रक्षा मंत्रालय की जमीन को माफिया, बिचौलियों और नौकरशाहों के एक समूह ने मिलकर 1932 के फर्जी दस्तावेज तैयार किये थे। इस घोटाले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, विष्णु अग्रवाल सहित 13 आरोपी जेल में बंद है।

# आज रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन को रवाना करेंगे पीएम

## रांची में उद्घाटन समारोह की सभी तैयारियां पूरी

- 11 राज्यों में 9 ट्रेनों को मोदी दिखायेंगे हरी झंडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** पीएम मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रांची-हावड़ा समेत पटना-हावड़ा समेत देशभर के 11 राज्यों में 9 वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। रांची रेल मंडल की मानें तो कार्यक्रम का आयोजन वर्चुअल है। ट्रेन संख्या 02098 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का रविवार को उदघाटन के बाद रांची से 12: 30 प्रस्थान स्पेशल के रूप में हावड़ा तक परिचालन होगा। इसका सामान्य परिचालन 27 सितंबर से किया जायेगा। रांची में उदघाटन समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### 27 से सामान्य परिचालन शुरू



इस ट्रेन का सामान्य परिचालन 27 सितंबर से होगा। रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस(20898) रांची से सप्ताह में छह दिन (मंगलवार छोड़ कर) प्रस्थान करेगी। रांची प्रस्थान सुबह 5: 15 बजे चल कर मूरी, कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर होते हुए 12: 20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं हावड़ा से (20897) दोपहर 3: 45 बजे रांची को चलेगी और उसी रूट से 10: 50 बजे रांची पहुंचेगी।

### ये हैं 9 नयी वंदे भारत ट्रेनें



जिन नयी ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी जायेगी, वे रांची-हावड़ा वंदे भारत, पटना-हावड़ा वंदे भारत, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत, उदयपुर-जयपुर वंदे भारत, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत, एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

# कानून सरल हो, सभी समझ सकें : मोदी

- भारतीय भाषाओं में कानून बनाने का चल रहा प्रयास

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार जितना संभव हो सके आसान तरीके से और भारतीय भाषाओं में कानून बनाने की दिशा में ईमानदारी से प्रयास कर रही है। यहां अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि कानून लिखने और न्यायिक प्रक्रिया में जिस भाषा का इस्तेमाल किया जाता है, वह न्याय सुनिश्चित करने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने विधि क्षेत्र के लोगों से कहा कि हम लोग सोच रहे हैं कि कानून दो तरीकों से पेश किया जाना चाहिए। एक मसौदा उस भाषा में होगा जिसका आप इस्तेमाल करते हैं। दूसरा मसौदा उस भाषा में होगा जिसे देश का आम आदमी समझ सकता है।

(शेष पेज 11 पर)




### संस्थागत सहयोग जरूरी : सीजेआइ

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायिक प्रश्नों पर निर्णय के दौरान समाधान के लिए संस्थागत सहयोग जरूरी है। यह न्याय तक पहुंच बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाता है। कहा कि यह सोचना काल्पनिक है कि ऐसा भी एक दिन आयेगा, जब हम सटीक समाधान तलाश पायेंगे और न्याय प्रदान करते वक्त कोई चुनौती नहीं होगी। उन्होंने कहा कि एक ऐसी दुनिया की कल्पना करना निश्चित रूप से काल्पनिक नहीं है, जहां राष्ट्र, संस्थाएं और व्यक्ति बिना किसी खतरे के या अपमान महसूस किए एक-दूसरे के साथ जुड़ने और सीखने के लिए तैयार होंगे।

### एशियाई खेल शुरू, तिरंगा थामे दल ने लोगों का दिल जीता



**नयी दिल्ली।** चीन के हांगझोउ शहर में शनिवार को एशियन गेम्स 2023 का रंगारंग आगाज हो गया। टॉप मुक्केबार लवलीना और भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हाथों में तिरंगा थामे भारतीय दल का नेतृत्व किया। उद्घाटन समारोह में कार्बन रहित आतिशबाजी देखने को मिली। यह समारोह अरुणाचल प्रदेश के तीन भारतीय खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार को लेकर उठे राजनयिक विवाद के बीच हुआ, जिसमें प्रौद्योगिकी, चीन के सांस्कृतिक इतिहास और महाद्वीप की एकता की भावना अद्भुत मेल था।

# हाइवा फूंकी, चालक ने भाग कर बचायी जान

## सीसीएल एनके एरिया के पुरनाडीह की घटना से दहशत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र के पुरनाडीह परियोजना में अपराधियों ने शुक्रवार की देर रात कोयला लदे एक हाइवा (जेएच 02ए जेड 6777) को आग के हवाले कर दिया। हाइवा पुरनाडीह से कोयला लोड कर जैसे ही पुरनाडीह पुल के समीप पहुंची, दो तरफ से आठ की संख्या में आये अपराधियों ने सबसे हाइवा को रोककर कई राउंड फायरिंग की। फिर अपने साथ लाये पेट्रोल डालकर हाइवा में आग लगा दी। ड्राइवर जान बचा कर भागने में सफल रहा।

हाइवा कोयला लेकर केडीएच रेलवे साइडिंग गिराने जा रही थी। घटना के बाद ट्रांसपोर्टरों में भय का मौहाल है। शनिवार की सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद पिपरवार थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंच जांच में जुट गयी। घटना को अपराधियों या उग्रवादियों ने अंजाम दिया, इसकी जांच चल रही है।



# कब्जे वाले कश्मीर को शीघ्र खाली करो

## भारत ने यूएनजीसी में पाक को लताड़ा - आतंक की फैक्ट्री बंद करें

- केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** भारत ने पाकिस्तान को एक बार फिर एक वैश्विक मंच पर खरी-खरी सुनायी है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए)में भारत ने पाकिस्तान को दो टूक शब्दों में कहा- कब्जे वाले कश्मीर को खाली करे और आतंक की फैक्ट्री को बंद करे। भारत ने पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम अनवारुल हक काकर के बयान पर यूएनजीए में उन्हें खरी-खरी सुनायी। काकर ने अपने भाषण में कश्मीर का राग अलापा था। राइट टू रिप्लाई के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए भारत ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं। इससे संबंधित मामले पूरी तरह से भारत का आंतरिक हैं।

(शेष पेज 11 पर)

### आतंकवाद रोकने की हिदायत

पेटल गहलोत ने पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकने की भी हिदायत दी। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताते हुए उसे रोकने का भी आह्वान किया। दक्षिण एशिया में शांति के लिए उसे तीन कदम उठाने की सलाह दी। सीमा पार आतंकवाद पर रोक लगाना चाहिए, जिसके लिए जरूरी है कि वह देश में मौजूद आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करने की कार्रवाई करे। दूसरी सलाह में पेटल ने पाकिस्तान को कहा कि उसे पाक अधिकृत कश्मीर से अपना अवैध कब्जा छोड़ते हुए भारतीय क्षेत्रों को खाली कर देना चाहिए। तीसरी सलाह में उन्होंने पाकिस्तान से कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ गंभीर और लगातार अपराध हो रहे हैं, जो मानवाधिकार उल्लंघन की श्रेणी में आते हैं। पाकिस्तान सरकार को इन अपराधों को रोकने के लिए कार्रवाई करते हुए अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।




### पहले अपने गिरेबां में झांके पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र में भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी पेटल गहलोत ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन की याद दिला दी। उन्होंने कहा, पाकिस्तान जब दूसरों के आंतरिक मामलों में झांक रहा है तो उसे अपने देश में घोर मानवाधिकार उल्लंघनों को पहले देखे और इसे तुरंत बंद करना चाहिए। भारत ने इस मंच पर कश्मीर का मुद्दा उठाने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। भारत की फर्स्ट सेक्रेटरी ने पाकिस्तान से अपने कब्जे वाले इलाकों को खाली करने और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। पाकिस्तान आतंकवादी संस्थाओं का घर है और उसे संरक्षण भी देता है।

## वन नेशन, वन इलेक्शन समिति की पहली बैठक

# रोड मैप पर चर्चा, समिति सभी दलों और विधि आयोग से लेगी सुझाव

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश में लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय समिति ने शनिवार को अपनी पहली बैठक की। बैठक में सदस्यों ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की। एक बयान में जानकारी दी गयी कि इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए राजनीतिक दलों और विधि आयोग को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष कश्यप और पूर्व सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी मौजूद थे। एक सदस्य अधीर रंजन चौधरी बैठक में नहीं थे। उन्होंने एक पत्र भेज कर में समिति का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। बयान में कहा गया है कि समिति ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों, राज्यों में सत्तारूढ़ दलों, संसद में अपना प्रतिनिधित्व रखने वाले दलों और अन्य मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों को देश में एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर सुझाव देने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया है।

# जमीन घोटाले में सीएम को सताने लगा डर : बाबूलाल

## सोशल मीडिया पर मरांडी ने रखी अपनी बात

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलावे पर पूर्व सीएम और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर तंज कसा है। शनिवार को सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखते कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी का डर है। वे डर रहे हैं कि आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन खुद हड़पने के घोटाले एवं मनी लॉड्रिंग में पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया जा रहा है और उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। इस कारण वे ईडी के सामने पूछताछ के लिए जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली तो अब गिरफ्तारी से बचाने के लिए हाईकोर्ट की शरण में गये हैं।

बाबूलाल के मुताबिक सीएम का ये डर अच्छा है। गलत करने वाले हर व्यक्ति को कानून का डर होना ही चाहिये। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली, पहुंच और पैसे वाला क्यों न हो? काश कानून का यह डर सीएम हेमंत सोरेन को पहले ही आ गया होता तो झारखंड और झारखंडियों को लूट-खसोट और आतंक देखने नहीं मिलता। न ही देश दुनिया में झारखंड की इतनी बदनामी होती। इसके अलावा हेमंत को झारखंड से लेकर दिल्ली तक किसी भी तरह जेल जाने से बचाने के लिए यहां-वहां मत्था टेकते घूमना और महंगे से महंगे वकीलों पर गरीबों की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपये भी खर्च नहीं करना पड़ता।

## नाबालिग से गैंगरेप के आरोपी विजय और सूरज समेत तीन दोषी करार

**रांची।** नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने के 3 आरोपियों को रांची सिविल कोर्ट ने दोषी करार दिया है। रांची सिविल कोर्ट स्थित पोक्सो की विशेष अदालत ने यह फैसला सुनाया। तीनों दोषियों की सजा के बिंदु पर 29 सितंबर को कोर्ट सुनवाई करेगा। कोर्ट ने जिन आरोपियों को दोषी करार दिया है, उसमें नाबालिग समेत समेत विजय रजवार और प्रेम कुमार है। दरअसल, तीनों ने 11 अगस्त 2020 को डोरंडा थाना क्षेत्र के पोखर टोली में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया था। नाबालिग पीड़िता से आरोपी विजय की जान पहचान थी। विजय ने पीड़िता को फोन कर बिरसा चौक बुलाया और जबरन स्कूटी पर बैठाकर पोखर टोली स्थित एक बाउंड्रीवाल में ले गए, जहां पीड़िता को शराब पिलाई और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने पीड़िता को बिरसा चौक पर छोड़ दिया। इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने डोरंडा थाना में मामला दर्ज कराया।

## आजसू पार्टी ने बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर 100 सभाएं की

# बिनोद बाबू की सोच और दर्शन से झारखंड बढ़ेगा झारखंडियों को उनका हक मिलेगा : सुदेश महतो

### धनबाद के बलियापुर और बोकारो के रामडीह मोड़ पर बिनोद बाबू को अर्पित की श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बिनोद बिहारी महतो एक महान समाज सुधारक और सशक्त झारखंडी दर्शन से पूर्ण नेता थे। बिनोद बाबू के दर्शन और सोच से ही झारखंड बढ़ेगा, झारखंडियों को उनका हक मिलेगा। वह कहते थे पढ़ो और लड़ो, एक शिक्षित समाज ही देश राज्य का निर्माण कर सकती है। बिनोद बाबू ने इस राज्य और समाज के बारे में जो सपना देखा था वो अभी तक पूरा नहीं हो पाया। उनके सपनों का झारखंड बनाना ही हमारा लक्ष्य है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बोकारो जिला के चंदनकियारी में स्व. बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा में माल्यार्पण कार्यक्रम में कही। स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने बोकारो जिला अंतर्गत रामडीह मोड़ और धनबाद में विनोद बिहारी महतो के बलियापुर स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्होंने बिनोद बाबू के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन, समाज की बुराइयों को दूर करने, लोगों को शिक्षित करने और विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए वे अजीवन संघर्षशील रहे। वे किसी खास समाज के नहीं बल्कि जन जन के नेता थे।

विनोद बाबू ने आज से 50 साल पहले स्कूल और कॉलेज को संचालित करने एवं नए विद्यालय, महाविद्यालय खोलने के लिए पांच लाख रुपए तक की सहायता राशि दी थी ताकि समाज के सभी वर्गों के बच्चे वहां पढ़ सकें और झारखंड के सुनहरे भविष्य की नींव मजबूत करें। उनका यह नारा मौजूदा हालात में भी प्रासंगिक है।

**राज्य की महागठबंधन सरकार ने बिनोद बाबू के विचारों के विपरीति किया काम :** श्री महतो ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने राज्य में बिनोद बाबू के विचारों के विपरीत गरीबों और शोषितों को भ्रष्टाचार के दलदल में धकेलने का काम ने किया है। आज कोई भी सरकारी काम बिना पैसा खिलाए नहीं हो रहा है हर टेबल रेट तय है। जिससे आम जनता त्रस्त है। अगर आपके पास पैसे हैं तो आपके सारे काम बिना किसी रुकावट के समय से पहले भी हो सकता है लेकिन एक गरीब इंसान बस सरकारी कार्यालयों के चक्कर ही लगता रह जता है। सरकार के काम करने के रवैये से राज्य के सभी वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है, बड़े-बड़े झूठे वादें कर के सत्ता में आई इस सरकार को जनता आने वाले चुनावों में सत्ता से उखाड़ फेंकेगी।

**बिनोद बिहारी महतो की जयंती पर 100 सभाएं आयोजित :** पार्टी ने विनोद बाबू के 100वीं जयंती पर पूरे प्रदेश में 100 सभा आयोजित करने का निर्णय लिया था जिसके तहत सभी विधानसभा, सभी जिला में विनोद बाबू के फोटो पर माल्यार्पण और उनकी राह पर चलने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ केंद्रीय महान अधिवेशन में सभी विधानसभा और जिला क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चिंतन और मंथन भी किया गया। इस दौरान महाधिवेशन में भाग लेने वाले कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन नंबर 99905 99905 के माध्यम से निबंधन करने का निर्देश दिया गया।

# मनरेगा : ग्राम पंचायतों में योजनाओं की स्वीकृति के लिए गाइडलाइन जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की स्वीकृति देने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी और ग्राम पंचायत मुखिया के लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। इस संबंध में सभी जिलों के उपायुक्त और उपविकास आयुक्तों को पत्र लिखा गया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत में परियोजनाओं के विकास के लिए उक्त वर्ष के प्रारंभ से जिसमें इसे निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है, संवीक्षा और प्रारंभिक पूर्वानुमोदन के लिए कार्यक्रम अधिकारी को विभिन्न कार्यो के बीच अग्रता का कम सम्मिलित है, अपने प्रस्तावों को अग्रेषित करेगी। ग्रामीण विकास विभाग ने उपायुक्तों को कहा कि वे अपने अधीन बीडीओ और मुखिया को इस बात से अवगत करायें। इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का आदेश निर्गत करें।

विभाग ने कहा है कि ग्राम पंचायत, ग्राम सभा और वार्ड पंचायतों की सिफारिशों के अनुसार किसी स्कीम के अधीन ग्राम पंचायत क्षेत्र में कार्यान्वयन के लिए ली जाने वाली परियोजना की पहचान और ऐसे कार्य के निष्पादन और पर्यवेक्षण के लिए उत्तरदायी होगी। कोई ग्राम पंचायत, पंचायत क्षेत्र के भीतर किसी स्कीम के अधीन किसी परियोजना को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मंजूर किया जायेगा। सिफारिशों पर विचार करने के बाद विकास योजना तैयार की जायेगी। स्कीम के अधीन जब कभी कार्य की मांग उत्त्पन्न होती है तो किए जाने वाले संभव कार्य का शेल्फ रखेंगे। इसके अलावा ग्राम पंचायत परियोजना के विकास के लिए जिसके अंतर्गत उस वर्ष के प्रारंभ से जिसमें इन्हें निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है कि संवीक्षा और प्रारंभिक पूवार्नुमोदन के लिए कार्यक्रम अधिकारी को विभिन्न कार्यो के बीच अग्रता का काम शामिल है अपने प्रस्तावों को अग्रसारित करेगी।

## सीबीआई कोर्ट में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी

# चर्चित तारा शाहदेव प्रकरण में 30 सितंबर को आयेगा फैसला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन, यौन उत्पीड़न और दहेज प्रताड़ना से संबंधित मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के मामले में शनिवार को सीबीआई और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई। इसके बाद सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मामले में फैसले की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। पूर्व में सीबीआई की ओर से हुई बहस के दौरान तारा शाहदेव ने कोहली पर लगाए गए आरोपों का समर्थन किया था। वहीं बचाव पक्ष द्वारा बहस में तारा शहदेव द्वारा लगाए गए सभी आरोपी को बेबुनियाद बताया गया था। गौरतलब है कि मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाईकोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) बर्खास्त मुश्ताक अहमद एवं कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने 2015 में केस टेक ओवर किया था। रंजीत कोहली एवं तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी, लेकिन कुछ माह बाद उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया गया था। जिसके बाद मामला सुर्खियों में आया था।

# झारखंड पेंशन नियमावली में होगा संशोधन, वित्त विभाग कर रहा तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से झारखण्ड पेंशन नियमावली में संशोधन की तैयारी चल रही है। यह संशोधन पुरानी पेंशन प्रदान करने संबंधित नियमावली को लेकर है। पूर्ण पेंशन के लिए सेवा अवधि 33 वर्ष करने पर विचार चल रहा है। वर्तमान में 10 साल की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले कर्मचारियों को अंतिम वेतन का 50% अर्थात पूर्ण पेंशन दिया जा रहा है।


सूत्रों से मिली जानकीर के अनुसार सरकार के स्तर पर नियमावली संशोधन में कई तरह के प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। इसमें पूर्ण पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि 33 वर्ष करने तथा पेंशन की राशि अंतिम वेतन का 50% से घटाकर 40% करने का विषय भी सम्मिलित है।

### 1 सितंबर 2022 से राज्य में पुरानी पेंशन हुई बहाल

राज्य सरकार ने एक सितंबर 2022 से अपने उन कर्मियों के लिए भी पुरानी पेंशन बहाल किया है। जिनकी नियुक्ति एक दिसंबर 2004 के उपरांत नई पेंशन योजना के तहत हुई है। इस प्रकार समस्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के दायरे में लाने से पुरानी पेंशन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ेगी, ऐसा लगता है कि वित्त विभाग के अधिकारी दीर्घकालिक वित्तीय दायित्वों को कम करने के लिए पूर्ण पेंशन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या को सीमित करने के लिए इस प्रकार के संशोधन प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। इस संबंध में झारखंड ऑफिसर टीचर्स एंड एम्पलाइज फेडरेशन का कहना है कि उन्हें भी ऐसी सूचना मिल रही है, जो चिंतनीय है। इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा। कर्मचारी ऐसे किसी अनैतिक बदलाव का पूरी ताकत से विरोध करेंगे।

# झारखंड में मिले डेंगू के 67 और चिकनगुनिया के 48 नये मरीज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या में हर रोज बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में राज्यभर में डेंगू के 206 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 67 में डेंगू की पुष्टि हुई। सबसे ज्यादा पूर्वी सिंहभूम में 60 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें 33 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं साहिबगंज में 38 संदिग्ध मरीजों ने जांच करवायी। इनमें 18 में डेंगू की पुष्टि हुई। धनबाद में 18 संदिग्ध मरीजों में 12 में डेंगू की पुष्टि हुई। हजारीबाग में एक, रामगढ़ में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में डेंगू के एक मरीज मिले हैं।

**चिकनगुनिया के 48 संदिग्ध मरीज मिले :** वहीं, राज्य के दो जिले रांची और साहिबगंज में चिकनगुनिया के 48 संदिग्ध मरीज मिले हैं। साहिबगंज में 38, जबकि रांची में 10 संदिग्ध मरीज मिले थे। जांच के बाद सभी में चिकनगुनिया की पुष्टि हुई है।

# मार्केटिंग बोर्ड : तत्कालीन एमडी ने दी थी दुकान बेचने की अनुमति

### पोस्टिंग के साथ ही कर दिया था 2018 की चिट्ठी को विलोपित

खबर मन्त्र ब्यूरो



आरोपी प्रभारी सचिव राकेश सिंह

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड के तत्कालीन एमडी मनोज कुमार ने ही धनबाद बाजार समिति में राकेश सिंह की पोस्टिंग करते हुए दुकान बेचने की अनुमति दी थी। तभी तो ज्ञापांक 400 दिनांक 8 अप्रैल 2022 को राकेश सिंह को धनबाद बाजार समिति में सचिव का प्रभार दिया और दूसरे पत्र के पत्रांक 403 दिनांक 8 अप्रैल 2022 के आदेश से ही पर्षदीय पत्रांक 265 दिनांक 20 फरवरी 2018 को तत्काल प्रभाव से विलोपित करते हुए दुकान बेचने की अनुमति दे दी। हालांकि उन्होंने आदेश में लिखा था, कि कृषि उत्पादन बाजार समितियों द्वारा समिति क्षेत्र के निर्मित दुकान सह गोदाम, गोदाम और सैंड्री शॉप का आवंटन खुली डाक पद्धति से किए जाने संबंधित निर्णय के आलोक में बोर्ड के स्तर पर गठित उप समिति से प्राप्त प्रतिवेदन पर निदेशक मंडल का निर्णय प्राप्त होने अथवा अगले आदेश तक बाजार समितियों के राजस्व हित में कृषि उत्पादन बाजार समितियों द्वारा अपने समिति क्षेत्र में निर्मित रिक्त दुकान, सैंड्री शॉप, दुकान सह गोदाम और गोदाम का आवंटन परिषद द्वारा गठित आवंटन उप समिति (बाजार समिति के लिए) के माध्यम से पूर्व से स्थापित प्रक्रिया एवं शर्तों के अधीन नियमानुसार आवंटन प्रक्रिया बनाई जाए।

### एमडी के आदेश की गलत व्याख्या कर दुकानों को बेचा

एमडी के इस आदेश का गलत फायदा उठाते हुए धनबाद के प्रभारी मार्केट सेक्रेटरी राकेश सिंह ने एक-एक कर दुकानों को बेचना शुरू कर दिया और आईबी तक बेच दिया। इसका खुलासा तब हुआ, जब दो समिति की दो दुकानों को यूपी के एक व्यापारी के हाथों बेचा गया और उसकी चिळी वायरल हो गई। इसके बाद उसके काले कारनामों की खबर दैनिक खबर मन्त्र में छपी और जांच प्रक्रिया शुरू हुई। हालांकि जांच के लिए मार्केटिंग बोर्ड के स्तर पर बनाई गई टीम में दो पत्राचार लिपिक को शामिल कर पूरे जांच पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया गया। वहीं कृषि सचिव डीसी धनबाद के स्तर पर भी जांच कर कर मार्केटिंग बोर्ड को सख्ते में डाल दिया है।

### कई दुकानों को किया गया सौदा

राकेश सिंह को 8 अप्रैल की शाम में धनबाद बाजार समिति में सचिव का प्रभार दिया गया था। 9 अप्रैल को उन्होंने तत्कालीन प्रभारी सचिव अनंत कौशल को बिना बताये स्वतः पदभार ग्रहण कर लिया। इसके बाद से ही बोर्ड में यह चर्चा का विषय बन गया था कि एक एक घूसखोर पदाधिकारी को धनबाद जैसी बड़ी कमेटी का प्रभार दे दिया गया। आदेश के ठीक चार महीने के भीतर प्रभारी सचिव ने करीब 29 दुकान और गोदामों को बेच दिया और कहा कि राजस्व हित में दुकानों का आवंटन किया जा रहा है। प्रभारी सचिव पर चार महीने के भीतर गोदाम संख्या दो दक्षिणी भाग, तीन का उत्तरी और दक्षिणी भाग, सात का उत्तीर भाग, गोदाम 8 बी, दुकान संख्या क-4, एसएस-एक और 4 तथा ज तीन और ग 33 एवं 34 के अलावा आईबी समेत अन्य 29 दुकानों और गोदामों को बेचने के आरोप लगे हैं। दुाकन और गोदाम शमिल है।

# हजारीबाग डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी पर लगे आरोपों की विभाग ने मांगी पूरी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने हजारीबाग डीआरडीए के परियोजना पदाधिकारी (तत्कालीन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा चास, बोकारो) प्रभात रंजन के खिलाफ लगे आरोपों और उन पर कृत कार्रवाई की विस्तृत और क्लीयर रिपोर्ट उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त से मांगी है। उनके खिलाफ साल 2023 में एक परिवाद विभाग को मिला था, जिसमें इन्हें और इनको संरक्षण देने वाले जिलास्तरीय पदाधिकारी और कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गयी थी। इस मामले पर ग्रामीण विकास विभाग ने छह मार्च को हजारीबाग कमिश्नर को पत्र लिखा, जिसमें संविदा पर कार्यरत प्रभात रंजन की सेवा समाप्ति की बोकारो उपायुक्त की अनुशंसा का भी जिक्र था। विभाग ने हजारीबाग आयुक्त से उक्त परियोजना पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए अभिलेख, नियुक्ति के लिए जारी प्रेस विज्ञप्ति से लेकर नियुक्ति तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्रतिवेदन के रूप में देने को कहा है। इस मामले में आयुक्त ने पांच अप्रैल 2023 को एक प्रतिवेदन दिया, जिसकी समीक्षा में यह बात सामने आयी कि उन्होंने मात्र उपायुक्त, बोकारो एवं डीडीसी बोकारो के प्रतिवेदन को ही कॉपी बनाकर भेज दिया।

# केंद्रीय संयुक्त स्वास्थ्य सचिव ने उपायुक्तों के साथ के बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक की अध्यक्षता में शनिवार को रिम्स में बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डायरेक्टर अलोक त्रिवेदी, रिम्स निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ, रिम्स एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्य के 24 जिलों के उपायुक्त और सिविल सर्जन बैठक में शामिल थे। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

**रक्तदान और अंगदान को बढ़ावा देने को करें जागरूक :** संयुक्त सचिव ने सभी जिलों के डीसी एवं सिविल सर्जन को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम के आयोजन के में भूमिका सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही रक्तदान और अंगदान को बढ़ावा देने के लिए स्कूल, कॉलेज, कार्यालयों, उद्योग यूनिट में जागरूकता सत्र और कैंप लगाने के निर्देश दिये। पटनायक ने कहा की स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड में हो रहे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से दिखाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को मिल कर काम करना होगा। बैठक में सभी ने अपने सुझाव साझा किये और सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने पर सभी सहमत हुये।

## झामुमो ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा की, कहा

# भाजपा के नेताओं में जहर उगलने की चल रही प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के संसद में दिए गए आपत्तिजनक बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि हमारे पूर्वजों ने संवैधानिक व्यवस्थाएं जो तय की थीं वह आज कठिन परिस्थितियों से गुजर रही है। जेएमएम के कैंप कार्यालय में सुप्रियो ने कहा कि ये समझ में आ गया कि 5 दिन के विशेष सत्र का मकसद क्या था। यह सौभाग्य था कि जिस संसद भवन में कभी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबूल कलाम आजाद और राम मनोहर लोहिया जैसे लोग बैठते थे,वह जगह अंतिम समय में अपमानित होने से बच गया। लेकिन जो नया भवन बना उस भवन के बनाने के पीछे की नियत का पता प्रथम सत्र में ही दिख गया और ये भी समझ में आ गया कि देश अब किसी ओर जा रहा है।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का समर्थन एक बलात्कार का आरोपी करता है। एक सांसद तो संसद में गाली गलौज करते हुए धर्म को आतंकवाद और उग्रवाद के साथ जोड़ता है। वीभत्स शब्दों का प्रयोग करता है और भाजपा के वरिष्ठ सांसद उसकी बातों को सुनकर हंसते हैं। ये भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। आश्चर्य की बात ये है कि सदन के नेता इस मुद्दे पर मौन है। सदन में राजनाथ सिंह ने इस पर खेद जरूर व्यक्त किया है लेकिन ये महज आई-वाश है।

ऐसा लग रहा है कि भाजपा के अंदर प्रतियोगिता चल रही है कि कौन कितना जहर उगलेगा और जो जितना ज्यादा गाली गलौज करेगा और धर्म के नाम पर नफरता फैलाएगा उसकी पदोन्नति सबसे ज्यादा होगी। लगता है भाजपा बहुत जल्दी रमेश बिधूड़ी को कैबिनेट मंत्री बना दिया जाएगा।

सुप्रियो भप्ताचार्य ने कहा कि कहीं शीतकालीन सत्र में भाजपा मारपीट नहीं करा दे. भाजपा की जो मानसिकता है उससे लगता है कि आने वाले समय में देश में नरसंहार कराया जाएगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाईकोर्ट जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हे उच्च न्यायालय से न्याय की पूरी उम्मीद है।

# रमेश बिधूड़ी की संसद सदस्यता रद्द करने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के मंदिर में नए संसद भवन के उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद बीएसपी सांसद कुंवर दानिश अली पर बीजेपी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा अशोभनीय भाषा बोले जाने के खिलाफ शनिवार को भाकपा माले एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सांसद की सदस्यता रद्द करने एवं खास जाति विशेष शब्द का उपयोग कर सांप्रदायिक सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई। भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड जनार्दन प्रसाद, केंद्रीय कमिटी के सद्स्य शुभेंदु सेन, नदीम खान और भुवनेश्वर केवट ने कहा कि संसदीय कार्यवाही के दौरान असंसदीय शब्दों के उपयोग पर निषेध के बावजूद इस तरह के शब्दों का उपयोग आदत में शुमार हो चुका है। यह भाषायी लिंचिंग है, हेट स्पीच के तहत कार्रवाई हो साथ ही सबसे पहले सदस्यता रद्द कर उनकी अविलंब गिरफ्तारी हो।

विरोध कार्यक्रम में मोहन दत्त, जगरनाथ उरांव, समर सिन्हा, यास्मीन लाल, शौकत अंसारी, निरंजना हेरेंज, चंदन पाहन, रामचरित शर्मा, मो इमरान रजा, मो आसिफ अहमद, नंदिता भट्टाचार्य, शांति सेन, एती तिर्की, सिंदरी खालखो, देवकीनंदन बेदिया, सुदामा खलखो, अकरम रशीद, मो नौशाद अंसारी, मो समी, नौरीन अख़्तर, निशात खान आदि थे।

# करमा को लेकर अरगोड़ा मैदान में दो दिवसीय करम अखरा कार्यक्रम शुरू





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** करम परब को लेकर झारखंड सांस्कृतिक कार्य के तत्वावधान में सांस्कृतिक संगोष्ठी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम करम अखरा का दो दिवसीय कार्यक्रम अरगोड़ा मैदान में शुरू हुआ। पहले दिन के आयोजन का शुभारंभ धर्मेन्द्र कुमार दीक्षित (निदेशक, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय), पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, महावीर नायक, डॉ शरण उरांव एवं राकेश रमन ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पद्मश्री मधु मसूरी हंसमुख, महावीर नायक एवं डॉ शरण उरांव ने संगोष्ठी में करम परब की महत्ता एवं पौराणिकता के बारे में बताया। इसके बाद पद्मश्री मुकुंद नायक, किशोर नायक एवं दल कुंजबन ने नागपुरी गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की। कला मंदिर जमशेदपुर के मधु सरदार ने भूमिज करम गीत, बंदी उरांव चाला अखड़ा खोड़हा रांची ने उरांव करम गीत नृत्य, विनोद महतो बोकारो ने खोरठा करम गीत नृत्य, राजेन्द्र अहीर एवं दल ने पंचपगनिया करम गीत नृत्य, सविता गोप एवं दल पूर्वी सिंहभूम ने पाता झूमर, माधुरी मिंज एवं दल ने कुड़ूख करम गीत नृत्य, विकास एवं दल बोकारो ने कुरमाली करम गीत नृत्य, गुरु मुंडा एवं दल खूंटी ने मुंडारी करम गीत नृत्य, वर्षा लकड़ा एवं दल रांची ने नागपुरी नृत्य नाटिका की सुंदर प्रस्तुति दी। मंच का संचालन शैलजा बाला तथा कारनूलिश मिंज ने किया।

## सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस ने चलाया अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में यातायात व्यवस्था सुगम हो, इसके लिए शनिवार को रांची पुलिस ने शहर के लोअर बाजार, डोरंडा, कोतवाली, डेली मार्केट, चुटिया, सुखदेवनगर, लालपुर इलाके में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पहले लोअर बाजार थाना क्षेत्र में जाम की समस्या ना हो लोगों को परेशानी ना हो इन सबको देखते हुए प्रभारी ट्रैफिक एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी जीतवहान उरांव, सिटी डीएसपी दीपक कुमार के नेतृत्व में लोअर बाजार थाना अंतर्गत सभी जगह पर जो दुकान के बाहर बर्तन, टायर, ठेला, खोमचा इत्यादि लगाकर ट्रैफिक को अव्यवस्थित करते हैं ऐसे लोगों को चेतावनी दी गयी। पुलिस ने सभी लोगों से अपील की है कि दुकान के बाहर टायर, टेबल, बेंच, ठेला इत्यादि नहीं लगाएं, नहीं तो जुर्माना कटेगा। अभियान में थाना प्रभारी दयानंद भी शामिल रहे।

उधर, पुलिस ने रांची की ट्रैफिक व्यवस्था को स्मूथ करने बनाने को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान डोरंडा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने झंडा चौक, युनुस चौक, तुलसी चौक, एजी मोड आदि जगहों पर पैदल मार्च कर दुकानदारों को दुकान के बाहर समान नहीं रखने की हिदायत दी। पुलिस ने लोगों से रोड पर यहां-वहां गाड़ी पार्क नहीं करने के लिए भी जागरूक किया।

### रांची नगर निगम ने मनाया 45वां स्थापना दिवस, नगर विकास सचिव ने कहा

# रांची नगर निगम राज्य का आईना बने

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम ने शनिवार को अपना 45वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रांची नगर निगम पूरे राज्य का दर्पण है। रांची नगर निगम राज्य के लिए आइना बने, ऐसी सुविधा प्रदान करें। राज्यभर से लोग राजधानी आते हैं। जब लोग एयरपोर्ट, रांची और हटिया रेलवे स्टेशन या फिर कांटाटोली बस स्टैंड उतरें तो उन्हें लगे कि राजधानी में हैं। देखकर लोगों की अवधारणा बदले। इसमें अधिकारी और कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। राजधानी की साफ-सफाई, परिवहन, लाइट, पेयजल, ट्रैफिक, सड़क इन सभी व्यवस्था में आपकी भूमिका दिखे।

वहीं नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि रांची नगर निगम की स्थापना 1979 में हुआ। स्थापना के 21-22 साल में राजधानी बनी। राजधानी के बाद इन 22-23 सालों में शहर की अपेक्षाएं बहुत बढ़ी है। शहर की अपेक्षाओं के अनुरूप नगर निगम काम कर रही है। मूलभूत सुविधाओं पर हमारा अधिक फोकस है। इसमें तकनीकी सहयोग भी लिया जा रहा है। राज्य सरकार से जो मदद चाहिए वह हमें मिल रहा है। आगे भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड काल में नगर निगम ने बेहतर काम किया। आनेवाले दिनों में वायु प्रदूषण से भी निपटने के उपाय पर काम करने हैं। ट्रैफिक सुविधा को बेहतर करने की योजना है। हमारे सामने कई चुनौतियां है। बदलाव आनेवाले समय में और दिखेगा। मौके पर नगर निगम के मनोज कुमार राय , गिरीश प्रसाद, ओंकार पांडेय, शशिकांत कुमार, कृष्णा राम, नरेश वर्मा, सुशील बाखला, मुनी टोप्पो व पुनम कच्छप, दीपक रजक और सुभाष खलखो, पिंटू राम को सम्मानित किया गया।

### तीन सालों में नगर निगम क्षेत्र में बहुत काम हुए

उन्होंने कहा आपके शहर की बेहतर सिटी बस सर्विस देना, घर-घर पानी का कनेक्शन देना, डोर-टू-डोर कचरा का उठाव सुनिश्चित कराना, झीरी कचरा के पहाड़ का निस्तारण करना, समस्याओं के लिए कॉल सिस्टम बनाने, वेंडर्स के लिए व्यवस्थित जगह देने को प्राथमिकता में रखें। उन्होंने कहा कि बिजली देना नगर निगम का काम नहीं है, लेकिन स्ट्रीट लाइट जले इसे सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि इधर के तीन सालों में नगर निगम क्षेत्र में बहुत काम हुए हैं। कांटाटोली, सिरमटोली व रातू रोड फ्लाईओवर का काम राज्य सरकार ने तीव्र गति से करा रही है। हरमू व कांके रोड फ्लाईओवर निर्माण की बात चल रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम स्वायत बॉडी है। इसकी सालाना 60-70 करोड़ हो गयी है। वेतन की कोई समस्या नहीं है। अनुकंपा बहाली पर कोई रोक नहीं है। कर्मियों की मेडिकल सुविधा का प्रस्ताव आप भेजें सरकार जरूर विचार करेगी।

# शर्मनाक : रेप की घटनाओं से झारखंड फिर हुआ शर्मसार

## रांची से लोहरदगा गयी महिला के साथ ऑटो चालक ने किया दुष्कर्म, आरोपी सेन्हा पुलिस की हिरासत में

**सेन्हा थाना पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, ऑटो जब्त**

**एसपी हरिश बिन जमां ने मीडिया को दिया बयान- कानून सम्मत कार्रवाई होगी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/लोहरदगा।** रांची से लोहरदगा ट्रेन से अपने गांव जा रही युवती का ऑटो ड्राइवर ने दुष्कर्म किया। दोबारा वह युवती से दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहा था, इसी बीच ग्रामीणों ने युवक को पकड़ कर सेन्हा थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी तबरेज की ऑटो को जब्त कर लिया है। थाने में तबरेज पर आदिवासी युवती के साथ एक मुस्लिम युवक पर खुद की पहचान छिपाकर जाल में फंसाने और युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। सेन्हा थाना पुलिस मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामले में एसपी हरिश बिन जमां ने मीडिया को दी गई जानकारी में कहा कि मामला पुलिस के पास पहुंचा है। पुलिस मामले में नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

**मुस्लिम युवक ने अपना नाम बदलकर आदिवासी युवती को जाल में फंसाया**

बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती 15 दिन पहले रांची से लोहरदगा ट्रेन से लौटने के बाद अपने गांव में जाने के लिए सेन्हा थाना क्षेत्र के नूरी सराय नदीडीपा निवासी सहबाज खान के पुत्र ऑटो ड्राइवर तबरेज खान के ऑटो में बैठी थी। इस दौरान युवक ने अपना नाम युवती को रोशन कुजूर बताया था। युवती का हाल में ही विवाह हुआ है। युवती का पति रोजगार की तलाश में परदेश गया हुआ है। ड्राइवर तबरेज खान के ऑटो में आने के क्रम में युवती का मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन से सेन्हा जाने के क्रम में तबरेज ने सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा मैदान में सुनसान स्थान में ले जाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। साथ ही उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर किसी से भी इस घटना के बारे में जानकारी देने से मना किया।

## गुमला की छात्रा का रांची में गैंगरेप

**पीड़िता रांची में रहकर करती है पढ़ाई, नागाबाबा खटाल से किया अपहरण**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में गुमला की एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता रांची में रहकर पढ़ाई करती है। जानकारी के अनुसार नाबालिग का अपहरण किया गया उसके बाद सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो वायरल किया गया। पीड़िता की मां ने गुमला एसपी को आवेदन देकर मामले में अनु महतो, दशरथ साहू, आनंद महतो और अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लड़की की मां ने बताया कि पहले पीड़िता की गांव के ही एक युवक ने हत्या की कोशिश की थी। जिसके बाद थाने में मामला दर्ज कराया गया ता। वह मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है। उसी केस को उठाने के लिए आरोपी लगातार दबाव बना रहा था। केस वापस नहीं लेने पर आरोपियों ने रांची के नागाबाबा खटाल जाने के क्रम में छह लोगों के साथ मिलकर उसको किडनैप किया और लड़की को ओरमांझी ले गए, जहां उसके साथ गैंगरेप किया। घटना 15 सितंबर की है।

### पीएचडी की छात्रा ने प्रोफेसर पर लगाया यौन शोषण का आरोप, जांच प्रारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बीआईटी में पीएचडी कर रही एक छात्रा ने कॉलेज के ही एक प्रोफेसर पर यौन शोषण और दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस बाबत पीड़िता ने महिला थाना में प्रोफेसर एसके राउत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया है कि प्रोफेसर के अधीन रह कर पीएचडी कर रही थी। इसी दौरान प्रोफेसर उसे गलत निगाहों से देखने लगा। प्रोफेसर ने उसे पढ़ाने के लिए बुलाया और उसने अश्लील हरकत की। अश्लील हरकत करने के बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। पीड़िता ने इस बात की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिजनों ने महिला थाना प्रभारी स्नेहलता से संपर्क साधा और प्राथमिकी दर्ज करायी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है।

**खबर एक नजर में**

### आमया के पदाधिकारी आजसू पार्टी में जायेंगे

**रांची।** आमया संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्य आज आजसू पार्टी ज्वाइन करेंगे। आमया के एस अली ने बताया कि पिछले 2006 से समाजिक कार्यकर्ता के तौर पर झारखंड के सवालों पर काम किया गया है। इस बीच कई अहम मुद्दों को हल कराया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान महागठबंधन सरकार जो झारखंड की जनता और हमलोगों से वादा किया था, उसे पूरा करने में विफल रही है और ना ही समाजिक कार्यकताओं को सम्मान दे पायी। यही कारण है कि झारखंडी विचारधारा वाले झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी आजसू पार्टी का दामना थामने का निर्णय लिया गया, जिसमें जेएमएम और कांग्रेस से जुड़े लोग भी शामिल रहेंगे।

### पैसे के अभाव में शराब दुकान के कर्मी ने दम तोड़ा

**चुटिया देसी शराब दुकान में सहायक के रूप में था कार्यरत**

**रांची।** पैसे के अभाव में खुद का इलाज न कर पानेवाले जितेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। जितेंद्र की मौत हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज से हो गयी। वह चुटिया देसी शराब दुकान में सहायक के रूप में कार्यरत था। उसकी मौत के बाद झारखंड लिकर एसोसिएशन ग्रुप ने उसकी आर्थिक मदद के लिए गुहार लगायी।

**चार महीने से वेतन से था वंचित** : जितेंद्र सिंह को चार महीने से वेतन नही मिल रहा था। इससे वह परेशान था, घर की जीविका नहीं चल रही थी। पैसे के अभाव में वह बीमार रहने लगा। उसने कई बार अपने ओनर से पैसे की मांग की, लेकिन उसे पैसे नहीं मिले। पैसे के अभाव में वह अपना इलाज ठीक ढंग से नहीं कर सका और उसकी मौत हो गयी।

**एसोसिएशन ने किया चंदा, तब हुआ शवदाह** : जितेंद्र की मौत के बाद लिकर एसोसिएशन ने चंदा करना शुरू कर दिया। चंदे की रकम से जितेंद्र का शवदाह किया गया। इधर, एसोसिएशन के सदस्य सुबोध ने बताया कि जितेंद्र को फ्रंट लाइन की ओर से अंतिम संस्कार के लिए 15 हजार रूपए दिया गया है। उत्पाद विभाग ने आश्वस्त किया है कि उनका बकाया वेतन भेज दिया जायेगा।

### कल के बाद बारिश में आयेगी कमी

**रांची।** पिछले 24 घंटे में राज्य के कई हिस्सों में बारिश हुई। राजधानी रांची में भी शनिवार को हल्की बारिश हुई। वहीं रविवार को भी राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 25 सितंबर के बाद बारिश में कमी आ सकती है। निम्न दबाव के कारण यह बारिश हो रही है जो धीरे- धीरे कमजोर हो रहा है। रांची स्थित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव और मानसून टर्फ झारखंड के ऊपर से गुजरने के कारण राज्य भर के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश हो रही है।

**अब भी बारिश सामान्य से 29 प्रतिशत कम** : झारखंड में हुई दो तीन दिनों की बारिश से बड़ी राहत मिली है। स्थिति में सुधार हुआ है। 1 जून से 22 सितंबर तक सामान्य से 29 प्रतिशत कम बारिश हुई है। पिछले सप्ताह तक यह अनुपात 34 प्रतिशत कम था, लेकिन चार-पांच दिनों में हुई बारिश से स्थिति बेहतर हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य में अब तक 688.6 मिलीमीटर बारिश हुई है।

### चक्रधरपुर की संकल्प सभा में महागठबंधन पर जमकर बरसे

## 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार और झारखंड में भाजपा सरकार बनाने का लें संकल्पः बाबूलाल मरांडी

**भाजपा गांव, गरीब, किसान-मजदूर महिला, युवा सभी के लिए समर्पित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी शनिवार को चक्रधरपुर की संकल्प सभा में हेमंत सरकार पर जमकर बरसे। श्री मरांडी को सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्री मरांडी ने कहा कि पूरा सिंहभूम की जनता डेंगू और मलेरिया से परेशान है लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दलालों बिचौलियों को बचाने में परेशान हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार, अपराध चरम पर है। खान खनिज, बालू पत्थर की लूट मची है। हेमंत सोरेन और उनका परिवार नाम बदलकर उरांव, हो, मुंडा सभी गरीब आदिवासियों की जमीन लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाजन प्रथा का विरोध करते करते शिबू सोरेन परिवार ही आज झारखंड का सबसे बड़ा महाजन बन गया।

उन्होंने कहा कि राज्य में रोज हत्या, चोरी, अपहरण, डकैती के वारदात हो रहे। बहन बेटियां घरों में सुरक्षित नहीं हैं। दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं आम हो गई हैं। बेटियों को पेट्रोल से जलाया गया, पहाड़िया बेटी को टुकड़ों में काटा गया लेकिन आज तक अपराधी को सजा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों को प्रधानमंत्री आवास, छोटे मोटे निर्माण के लिए नदी से बालू लेने पर पुलिस पकड़ लेती है लेकिन सरकार के संरक्षण में रोज हजारों ट्रक अवैध बालू बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, मुंबई जा रहा लेकिन पुलिस कोई कारवाई नहीं करती, क्योंकि उन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक, थाना सभी जगह भ्रष्टाचार है। राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, म्यूटेशन करने के लिए हजारों रुपए घूस देने पड़ते हैं। पदाधिकारी बोलते हैं मोबाइल की तरह पोस्ट को रिचार्ज कराकर आए हैं। वसूल तो करेंगे ही। उन्होंने कहा कि पुलिस आज चोर बदमाश लुटेरों को नहीं पकड़ रही बल्कि दिनरात वसूली कर रही। मुख्यमंत्री दलालों बिचौलियों को बचाने केलिए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे। जनता की कमाई का करोड़ों रुपए खर्च कर रहे।

श्री मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गरीबों का अनाज बेचकर अपनी तिजोरी भर रहे हैं। भाजपा गांव गरीब किसान मजदूर महिला युवा सभी वर्गों के विकास के लिए समर्पित है। अटल जी की सरकार ने अलग राज्य दिया। गांव-गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना, पुल पुलिया दिया और आज मोदी सरकार अंत्योदय के लक्ष्य को पूरा कर रही है। केंद्र में मोदी जी की सरकार बनते ही गरीबों को बैंक से जोड़ा। प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, गैस सिलेंडर, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यों से गरीबों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा पीएम विश्वकर्मा योजना देशी हुनरमंद जिसमें कुम्हार, स्वर्णकार, लोहार, नाई, धोबी जैसे व्यवसाय व्यवसाय शामिल है, को प्रोत्साहित करने के लिए 13 हजार करोड़ से शुरू की गई है। उन्हें 3 लाख तक के ऋण, प्रशिक्षण, किट आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। साल 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं तथा विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाएं। भाजपा अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त और विकास युक्त झारखंड बानने के लिए संकल्पित है।

### अवधेश कुमार गोलीकांड

## गृह सचिव ने डीसी और एसएसपी से मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र स्थित ब्लॉक चौक के पास जमीन कारोबारी अवधेश कुमार को गोली मारने के मामले में गृह सचिव अविनाश कुमार ने संज्ञान लिया है और डीसी और एसएसपी से रिपोर्ट मांगी है। गृह सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि घटना में संभावित अभियुक्तों के खिलाफ 107 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई शुरू करने के अलावे कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जबकि चितरंजन (अवधेश पर गोली चलाने वाला) उस इलाके का जाना-माना भू-माफिया है। उसके खिलाफ स्थानीय थाना में एक से अधिक मामले लंबित हैं। घटना की जांच पूर्व में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**डीसी ने सभी सीओ से मांगी रिपोर्ट** : गृह सचिव के आदेश के बाद रांची डीसी ने जिले के सभी सीओ से रिपोर्ट मांगी है। एसएसपी से सीओ से जमीन कारोबार को लेकर हो रही घटनाओं को रोकने के लिए पूर्व में दिये गये निर्देश, सीओ व थाना प्रभारी प्रत्येक सप्ताह अंचल और थाना जाकर भू-माफिया से जुड़े मामले और महत्वपूर्ण भूमि विवाद का निष्पादन करने के संबंध में आदेश निर्गत किया है।

**गृह सचिव ने ये निर्देश किये जारी**
सीओ और थाना प्रभारी हर सप्ताह अंचल और थाना जाकर भू-माफिया से जुड़े मामले और महत्वपूर्ण भूमि विवाद का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भू-माफियाओं की सूची तैयार करेंगे। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूर्व में इस तरह के अपराध में शामिल व्यक्ति जिन पर आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

### लातेहार, रामगढ़ में मजबूत होगा झामुमो

**रांची।** रामगढ़ एवं लातेहार जिला समिति की विस्तारित बैठक शनिवार को (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सचिव सहित) पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में पूर्व स्व. विनोद बिहारी महतो की जयंती पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा झारखंड के लिए किए गए संघर्षों को याद कर किया गया। बैठक में रामगढ़ एवं लातेहार जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। साथ ही जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लायी गयी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओ को पहुँचाने का निर्देश दिया गया जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके। बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा उपरांत केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय के द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।

# अन्न प्रासन्न और गोद भराई का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पोषण माह 2023 के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन (समाज कल्याण शाखा) द्वारा मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में सुपोषित झारखंड, साक्षर झारखंड, सशक्त झारखंड थीम पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर निदेशक समाज कल्याण शशि प्रकाश झा, अपर सचिव समाज कल्याण अभिनंदन अम्बष्ट, उप विकास आयुक्त रांची दिनेश कुमार यादव एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्वेता भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची रवि शंकर मिश्रा, डीपीएम जेएसएलपीएस दिव्यदीप सिंह एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए।



### सेविकाएं और पर्यवेक्षिका जिन्हें किया गया सम्मानित

माहेश्वरी पाहन, किरण कुमारी, किलघेरो एक्का, स्टेला कुजूर, अनिमा खलखो, कौशल्या देवी, कौशिला देवी, फबिओला लकड़ा, दीपिका रानी, सुमित्रा देवी, संगीता कुमारी, पविता देवी, रुक्मिणी देवी, गीता रानी, रुखसाना खातून, नीलम बेक, सोनी तिग्गा एवं किरण झा।

कार्यक्रम के दौरान अन्नप्राशन का आयोजन किया गया। शशि प्रकाश झा, दिनेश कुमार यादव एवं अभिनंदन अम्बष्ट ने बच्चों का अन्नप्रासन्न कराया।

साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गयी। गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त भोजन से संबंधित सामग्री प्रदान करते हुए आला अधिकारियों ने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से आंगनबाड़ी और चिकित्सकों से परामर्श लेते रहने को कहा। कार्यक्रम के दौरान परियोजनावार उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह के द्वारा तैयार किये गये खाद्य उत्पादों का स्टॉल भी लगाया गया था। सभी विशिष्ट अतिथि ने स्टॉल का जायजा लेते हुए खाद्य उत्पादों का स्वाद लिया और खाद्य उत्पादों के गुणवत्ता और स्वाद से काफी प्रभावित हुए एवं स्टॉल से खरीदारी भी की।

### पोषण के लिए मिलेट्स का उपयोग करें

शशि प्रकाश झा ने अपने संबोधन में पोषण के लिए मिलेट्स का उपयोग करते हुए दिनचर्या में इसे शामिल करने की बात कही। बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने सभी से लाभ लेने को कहा। अभिनंदन अम्बष्ट एवं दिनेश कुमार यादव ने भी मिलेट्स की महत्ता पर जोर देते हुए अपने खान-पान में ज्यादा से ज्यादा शामिल करने की बात कही।

# मांडर कॉलेज के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को मिलेगा पंचम पुनरीक्षित वेतनमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नवांगीभूत महाविद्यालय, मांडर के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान दिलाने का आग्रह करने वाली मोहम्मद सलीम एवं अन्य की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक को चार सप्ताह के अंदर प्रार्थियों को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक के इस दलील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि आयोग की रिपोर्ट में प्रार्थियों का नाम नहीं था इसलिए इन्हें पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा सकता।

कोर्ट ने कहा चूंकि विश्वविद्यालय द्वारा प्रार्थियों को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान देने की अनुशंसा कर दी गई थी, ऐसे में उच्च शिक्षा निदेशक को भी इस पर सहमति देनी चाहिए थी। राज्य सरकार को पावर नहीं है कि जब विश्वविद्यालय ने पंचम पुनरीक्षित वेतनमान के संबंध में किसी के नाम के अनुशंसा कर फिक्सेशन कर भेजा है तो वह इस अनुशंसा को दरकिनार करते हुए उसे पंचम पुनरीक्षित वेतनमान का भुगतान न करें। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित थे।

उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जस्टिस एसबी सिन्हा एवं जस्टिस एससी अग्रवाल के आयोग की रिपोर्ट में प्रार्थियों का नाम नहीं था, इस कारण उन्हें पंचम पुनरीक्षित वेतनमान नहीं दिया जा सकता है। वही प्रार्थियों के द्वारा कोर्ट को बताया गया की विश्वविद्यालय ने पंचम पुनरीक्षित वेतनमान के लिए उनके नाम की अनुशंसा करते हुए राज्य सरकार को भेजा था। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब विश्वविद्यालय ने प्रार्थियों को पंचम पुनरीक्षित वेतनमान देने की अनुशंसा कर दी है तो उच्च शिक्षा निदेशक को भी अप्रूवल देना चाहिए था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रेम पुजारी ने पैरवी की।

## आरयू के डीएसडब्ल्यू से मिला एनएसयूआई मेरिट लिस्ट में अनियमितता का आरोप



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू से शनिवार को एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष आशिश रौशन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल और ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव सरफराज अहमद ने कहा की एसएस मेमोरियल कॉलेज प्रशासन द्वारा सेकंड मेरिट लिस्ट जारी किया गया है, जो अवैध है। इसे गलत ढंग से जारी किया गया है। इसपर संज्ञान लिया जाए। विश्विद्यालय कर्मचारी की मिली भगत से बिना नोटिफिकेशन जारी किए चांसलर पोर्टल खोल कर फॉर्म भर दिया गया। इसमें 90% से लेकर 40% तक ले छात्र छात्राओं का लिस्ट में नाम निकाला गया है। हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस एवं हिंदी विभाग में फॉर्म कैसे भरा गया ? जब पोर्टल ऑफिशियली खुला ही नही... तो फार्म कैसे भर दिया है। मौके पर इसकी जांच की एवं जो दोषी को हटाने की मांग की गयी। छात्र नेताओं की बातों को सुनने के बाद डीएसडब्ल्यू ने कहा की मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच होगी और दोषियों पर उचित करवाई भी करेंगे। मौके पर रांची विश्वविद्यालय पीजी विभाग अध्यक्ष कुमुद महतो, आमिर मुमताज, अदीब आलम मौजूद थें।

## वैश्य मोर्चा की रांची जिले के चार जोन में तैयारी बैठक संपन्न

12 अक्टूबर को रांची में वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की 12 अक्टूबर को रांची के संगम सभागार में होने वाले 5वां स्थापना दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए शानिवार को रांची जिले के चारों जोन में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकताओं के बीच बैनर, पम्पलेट एवं स्टीकर का वितरण किया गया। रांची महानगर जोन की बैठक अरगोड़ा में तैयारी समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु के आवास पर हुई, जिसमें उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, केंद्रीय सचिव शिवनंदन प्रसाद सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, केंद्रीय सदस्य कृष्णा साहु, नरेश साहु आदि काफी संख्या में वैश्य समाज के लोग शामिल हुए।

इसी तरह रातू जोन की बैठक केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा के पंडरा स्थित आवास पर आयोजित की गयी। इस बैठक में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, संगठन सचिव अनिल वैश्य, मुकेश शर्मा आदि शामिल हुए, जबकि ओरमांझी जोन की बैठक पालू ग्राम में जिला अध्यक्ष रोहित कुमार साहु के नेतृत्व में संपन्न हुआ। बैठक में लोगों ने एक स्वर में कहा कि वैश्य मोर्चा समाज के लिए लड़ने वाली संगठन है। इसलिए स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए पूरी शक्ति से काम करने की जरूरत है।

## श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की महिला सदस्यों ने दुर्गा पूजा को ले किया बैठक



**रांची।** आगामी दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर धुर्वा सेक्टर 3 मे श्री श्री सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति की महिला सदस्यों की समूह ने एक अहम बैठक किया। बैठक मे ये बताया गया की इस बार पूजा का 60 साल हो रहा है इसे देखते हुए इस बार पूजा पूरे धूम धाम से मनाई जाएगी। इस बार महिलों की सूरक्षा के इंतेज़ाम किये जा रहें हैं। समिति की महिला सदस्यों ने आग्रह किया है कि दुर्गा पूजा को सफल बनाने में हमारी सहयोग करें।

## उर्वशी ज्ञान और अध्यात्म की अद्भुत कृति है : दयाल राम

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में मनी दिनकर की जयंती



**रांची।** स्नातकोत्तर हिंदी विभाग डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के तत्वावधान में शनिवार को रामधारी सिंह दिनकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार दयाल राम ने कहा कि उर्वशी ज्ञान और अध्यात्म की अद्भुत कृति है। उन्होंने कई संस्मरणों द्वारा दिनकर को सच्चे राष्ट्र कवि बताया। अध्यक्षता करते हुए डॉ अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि दिनकर जी साहित्य और राजनीति को समानांतर रूप में भोगा भी और रचना संसार में प्रमुख स्थान दिया। स्वागत भाषण करते हुए हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जिन्दर सिंह मुण्डा ने कहा कि दिनकर जी जन कवि थे। डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि दिनकर की कविताओं में आग के साथ राग भी मौजूद हैं। इस कार्यक्रम की सफलता में संजय, धर्मेन्द्र समेत विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

# सीएमपीडीआई में आयोजित दो-दिवसीय इंद्रधनुष मेला का समापन


खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वोमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स), सीएमपीडीआई शाखा के तत्वावधान में संस्थान के रबीन्द्र भवन में आयोजित दो-दिवसीय इंद्रधनुष मेला का समापन शनिवार को हो गया। मेले के समापन के अवसर पर स्टॉल धारकों के लिए लक्की ड्रॉ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने लक्की ड्रॉ निकाला और प्रथम-स्टॉल सं.-30, द्वितीय-स्टॉल सं.-6 एवं तृतीय स्थान पर रहे स्टॉल सं.-46 के संचालक को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता, निदेशक शंकर नागाचारी एवं ने सभी वॉलिंटियर्स को सम्मानित किया। विप्स की समन्वयक डॉ. शिल्पी स्वरूप एवं कोषाध्यक्ष स्वप्नाली बसु उपस्थित थीं।

इस मेले में फैशनेबल (आधुनिक) गारमेंट्स/साड़ियां, उत्कृष्ट आभूषण, मेडिकल कैम्प, वित्तीय सलाहकार, घर में रखने वाले प्लांट्स व लगाए जाने वाले पौधे तथा स्वादिष्ट भोजन के अलग-अलग लगभग 75 स्टॉल लगाए गए थे। मेले में रांची जिला के आसपास के ग्रामीण इलाकों की खासकर महिलाओं द्वारा जूट, शिल्प, फ्रेम, स्मृति चिन्ह, लकड़ी का शिल्प, बांस शिल्प, हैंड बैग एवं टेरा कोटा शिल्प की वस्तु/सामान की बिक्री हुई।

## अंधेरे मंदिरों में भी दीपक जलाये न्यास बोर्ड : दिव्यानंद महाराज



**रांची।** साधु संत समाज के प्रदेश महामंत्री धर्मगुरु स्वामी दिव्यानंद महाराज ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा की सरकार ने धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया है, अच्छी और सराहनीय है, विभिन्न मंदिरों में लोगों को नियुक्त करके कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं न्यास बोर्ड के सम्मानित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि राज्य में ऐसे अनेकों मंदिर हैं, जहां आरती और साफ सफाई तो दूर वहां दीया-बाती तक नहीं हो पाती, ऐसे मंदिरों में लोगों को नियुक्त करके मंदिरों की देखरेख व नियमित आरती करवाना एक सराहनीय पहल होगा।

उन्होंने कहा कि राजधानी के हृदय स्थल रोड में ही में एक दो दृष्टांत दे रहा हूं जिसे विशेष रूप से देखा जाना आवश्यक है। डेली मार्केट के अंदर में हनुमान जी का मंदिर और मल्लाहटोली में गुरुद्वारे के सामने मांदिर इसके अतिरिक्त कई अन्य मंदिर है। वर्तमान समय में जिस तत्परता से न्यास बोर्ड को गठन किया गया है, सनातन प्रेमियों के अंदर एक आशा जगी है, यदि यह कसौटी पर खरा नहीं उतरा, तो लोग इसे चुनावी स्टंट मान लेंगे।

# नीरजा सहाय में पीटीएम सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में शनिवार को पीटीएम सह चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सैम्फोर्ड अस्पताल ने रक्तदान शिविर लगाया एवं अन्वी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ने बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए उपयुक्त मनोवैज्ञानिक तरीके एवं सही परवरिश पर जोर दिया तथा माता - पिता का काउंसिलिंग सेशन लिया। विद्यालय में अभिभावकों की उपस्थिति के कारण अच्छी संख्या में लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों में स्वास्थ्य के साथ सकारात्मक व्यवहार की सराहना की। बच्चों एवं अभिभावकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के विद्यालय के इस प्रयास को भी सराहा। बच्चों ने भी आज बाल प्रदर्शनी में अपनी कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न स्टॉलों पर बच्चों ने अपनी कला की प्रदर्शनी की जिसमें बिना आग के भोजन तैयार किए। प्राचार्या ने बच्चों के हाथ से बने सैंडविच, फ्रूट सैलेड, झालमूढ़ी सरीखे बिना आग के तैयार होने वाले व्यंजनों को स्वयं चखा और बच्चों की सराहना की। दंत चिकित्सकों, बाल मनोवैज्ञानिकों एवं नवजात शिशु रोग विशेषज्ञों एवं उनकी टीम की उपस्थिति का भरपूर लाभ आगंतुक अभिभावों ने लिया। बच्चों के साथ माता- पिता ने भी विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

## पारस अस्पताल में दुर्लभ निमोनिया का सफल इलाज



**रांची।** पारस एचइसी अस्पताल में पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ निरुपम शरण के द्वारा दुर्लभ निमोनिया का इलाज किया गया। मरीज काफी नाजुक स्थिति में अस्पताल पहुंचा अस्पताल में जब मरीज का एक्सरे किया गया तो पता चला कि मरीज को निमोनिया ने पूरी तरह जकड़ लिया है। उसका दायां फेफड़ा पूरा सफेद पाया गया था। उसे क्रिप्टोजेनिक ऑर्गनाइजिंग निमोनिया नामक बीमारी थी। यह बीमारी एक लाख में मात्र 3% लोगों को होती है। इसमें सामान्यतः दोनों फेफड़े प्रभावित होते हैं। 50 से 60 वर्ष के लोगों में यह बीमारी ज्यादा होती है। सीनियर कंसलटेंट डॉ निरुपम शरण का कहना है कि तेज बुखार , सीने में दर्द, कफ की उपस्थिति के साथ सांस लेने में तकलीफ, खांसी से निकले कफ का रंग बदला हो तो तुरंत चिकित्सक से मिलकर सलाह लें। आज 2 साल से कम उम्र के बच्चे और 60 साल से ज्यादा उम्र के वृद्धों की मौत का एक प्रमुख कारण निमोनिया भी पाया गया है। बेहतर इलाज और उत्तम स्वास्थ्य देने के लिए पारस अस्पताल में सभी तरह के निमोनिया के इलाज की व्यवस्था है।

## श्रीश्याम प्रभु का फूलों से मनोहरी श्रृंगार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री श्याम मोहत्सव के तीसरे दिन शनिवार को अग्रसेन पथ स्थित श्रीश्याम मन्दिर में मोहत्सव का मुख्य समारोह रात्रि में प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर की अत्यन्त चिताकर्षक ढंग से सजाया गया एवम रजत सिंहासन पर विराजमान श्री श्याम प्रभु का बंगलुरू से मंगाये गये विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूल, ऑर्किड, जिप्सी फूल, जरबेरा, किसानथिमाम, हेलकोनिया, इत्यादि फूलों से दिव्य शीश का मनोहरी श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम वीर बजरंगबली का इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया श्रृंगार की भव्यता अत्यन्त ही मनमोहक थी।

मण्डल के संरक्षक सुरेश चन्द्र पोद्दार द्वारा सपत्नीक गणेश पूजन किया तत्पश्चात मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने आगंतुक भक्तों का स्वागत किया।

श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन किया गया तथा इस अवसर पर मुबई से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध भजन गायक साकेत बैरिलिया ने एक से बढ़ कर एक भजन पर भक्तगण को झूमने एवम पूरे मन्दिर परिसर को श्याम मय बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित

## बार एसोसिएशन के पदाधिकारी अर्जुन मुंडा से मिले



**बुंडू।** बुंडू अनुमंडल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण महतो उपाध्यक्ष आनंद राम महतो कोषाध्यक्ष अनूप कुमार जायसवाल अमूल्य दास आदि ने क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर बूंद में शीघ्र सिविल कोर्ट चालू करने बार भवन का निर्माण करने और बुंडू को जिला बनाने की मांग रखी। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया शीघ्र ही कोर्ट पहुंचकर सभी लोगों से मिलकर बात करूंगा और कार्रवाई की जाएगी।

## श्री कृष्णा प्रणामी मंदिर में नृत्य नाटिका आज



**रांची।** संत शिरोमणि श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के द्वारा पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में श्री राधा अष्टमी आज मनाया जाएगा। इस मौके पर उडीसा से आई हुई भजन गायिका स्वर्ण रेखा महंता के साथ कलकता से आई हुई रास मंडली के द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तूती दी जाएगी। इसे लेकर राधा अष्टमी महोत्सव की तैयारीयां जोर शोर से चालु है मंदिर परिसर को फुलो एव गुबारो से सजाया जा रहा है। मंदिर परिसर के साफ सफाई का कार्य जोर-शोर से चाल रहा है। फुलो और गुबारो की सजावट के लिए कलकता से बिमल मालाकार ग्रुप के कारीगर पहुँच चुके है। इस मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिती एवं उनके परिवार के सौजन्य से 108 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। यह जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## राप्रसे के अधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान का दिल्ली में निधन

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के संयुक्त सचिव स्तर के पदाधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान का शनिवार सुबह निधन हो गया है। वह, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली (एम्स) में इलाजरत थे। शनिवार को ही दिल्ली के निगमबोध शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह संयुक्त सचिव सह निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग झारखंड भवन नई दिल्ली में कार्यरत थे। बताते चलें कि वह झारखंड हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस स्व. विक्रमादित्य प्रसाद के पुत्र थे।

**राज्य प्रशासनिक सेवा के लिए अपूर्णीय क्षति :** श्रीज्ञान के असामयिक निधन की खबर सुनते ही झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के बीच पूरे दिन शोक का माहौल रहा। शनिवार की दोपहर झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) के कार्यालय में सामूहिक शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें संघ के पदाधिकारियों सहित राज्य सेवा के कई पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत पदाधिकारी की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई। बताते चलें कि बीपीएससी 41 वीं बैच के पदाधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान की छवि एक सरल, सहज, विनम्र, समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार पदाधिकारी के रूप में रही है। वह,

# मान्यता को लेकर निजी विद्यालयों को परेशान करना बंद करे शिक्षा विभाग : आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्राईवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में शनिवार को प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी और पासवा से जुड़ने जा रहे जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं निदेशक की बैठक हुई। बैठक वित्त मंत्री एवं पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव के सरकारी आवास पर हुई। इसमें श्री दूबे एवं पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने पासवा में शामिल हो रहे जिले के निजी विद्यालयों के प्राचार्य और निदेशकों का स्वागत किया। इस दौरान संगठनात्मक विस्तार पर भी चर्चा हुई। बैठक में नए सिरे से रांची, चतरा आदि विभिन्न जिलों में नवीन जिला कमेटी के गठन पर विस्तृत चर्चा की गई। एक्टिव सदस्यों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी देने पर बल दिया गया। कहा गया कि पासवा झारखंड में शिक्षा के गुणात्मक विकास को कृत संकल्पित है। इसी क्रम में राज्य के निजी विद्यालयों में शिक्षा के बीच गुणात्मकता को बढ़ाएं रखने के लिए नई शिक्षा नीति (एनईपी) उसके प्रावधानों और शिक्षण व्यवस्था में एनईपी के द्वारा जोड़े जा रहे नवीन सुधारों पर विस्तृत चर्चा के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के निजी विद्यालयों के ज्वलंत समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए पासवा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कोर्ट के स्टे आर्डर के बावजूद एक दो जिलों में शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निजी विद्यालय के संचालकों को मान्यता के प्रश्न पर विभिन्न नोटिस ऑन द्वारा धमकाने का मामला पासवा के संज्ञान में आया है। उन्होंने शिक्षा विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि मान्यता के प्रश्न पर उच्च न्यायालय ने पासवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए 22 अगस्त 2023 को 2019 के निजी विद्यालयों पर मान्यता के प्रश्न पर कार्रवाई न करने के पुराने आदेश स्टेआर्डर को कंटिन्यू रखा है। वहीं, शिक्षा सचिव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किसी भी निजी विद्यालय को परेशान न करने की स्पष्ट हिदायत दी है। यह मामला अभी कोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद झारखंड के चतरा सहित कुछ जिलों में निजी विद्यालयों को मान्यता संबंधी ऑनलाइन फॉर्म भरने की बात कह कर परेशान किया जा रहा है। कभी मान्यता के प्रश्न पर दबाव बनाया जाता है तो कभी झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली आठवीं बोर्ड की परीक्षा में बच्चों को न सम्मिलित करने की धमकी देकर परेशान किया जाता है। निजी विद्यालयों को बार-बार आरटीई के नए संशोधित नियमावली का डर दिखाकर परेशान किया जा रहा है।

बैठक में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन पर पासवा सभी जिला मुख्यालयों पर श्रद्धांजलि अर्पित करेगी एवं विधालयों में बापू के संदेशों से अवगत कराया जाएगा। राजधानी रांची में पूर्व संध्या पर 1 अक्टूबर को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में 1001 दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित करेगी। बैठक में रांची महानगर पासवा अध्यक्ष सह संत मोनिका एण्ड गैब्रियल स्कूल के डायरेक्टर डॉ सुषमा केरकेप्ता, प्रदेश सचिव सह झारखण्ड पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजय प्रसाद, छोटानागपुर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुखनाथ महतो, ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नाजिया तबस्सुम, ग्लोबल कान्वेंट स्कूल के निदेशक मोहम्मद मिस्बाह,अफाक एकेडमी एकेडमी स्कूल के प्राचार्य महताब अंसारी,एसटीकेएमसी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मोहम्मद उस्मान,पैरामाउंट स्कूल के डायरेक्टर सैयद अंसारुल्लाह, जीपीएस सिटी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मसूद कच्ची, सनराइज अकादमी के डायरेक्टर गुलाम गौस, संत जीएम स्कूल के डायरेक्टर मो. अर्श, एएस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मयूर दास उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## इटकी प्रखंड मुख्यालय से स्वच्छता जागरूकता रथ रवाना



**इटकी।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय से स्वच्छता जागरूकता रथ को बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घूम घूम कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करेगा साथ ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाये जारहे कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचायेगा। मौके पर कृषि पदाधिकारी हेमंत एक्काए श्रीधर सारंगी मौजूद थे।

## सड़क दुघर्टना में बाइक सवार घायल



**ओरमांझी।** हरचंडा के पास सड़क हादसे में कुल्ही निवासी जीतेंद्र महतो 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया है। सुबह नौ बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि युवक सिलदिरी स्थित एक सिमेंट छड़ की दुकान में काम करता है। अपने बाइक से वह दुकान जा रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात ओटो ने एक वाहन को ओवरटेक करने के दौरान बाइक को जोदरार ठोकर मार दिया। दुघर्टना में युवका का पैर टूट गया और माथे में भी गंभीर चोट लगी है।

## सिल्ली : महिला के गॉल ब्लाडर से निकाली गई आठ सौ पथरी

**सिल्ली।** सिंगपुर नर्सिंग होम में भरती एक महिला मरीज पुष्पा देवी के गॉल ब्लाडर से आठ हजार आठ सौ की संख्या में पथरी निकला है। नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में पथरी निकला है। उन्होंने बताया कि एक नर्स को इसे गिनने में काफी वक्त लग गया। महिला के पेट में काफी दिनों से दर्द की शिकायत थी इसका आपरेशन बुधवार को किया गया। अभी महिला स्वस्थ है।

## कुआं में डूबने से ऊर्जा मित्र की मौत



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पुरना टोली आनंदी निवासी सुरेश प्रसाद साहू का 22 वर्षीय बेटा रिंकु प्रसाद की कुंआ में डूबने से मौत हो गई है। रिंकु ऊर्जा मित्र था और क्षेत्र में वह बिजली बिल देने का काम करता था। घटना के संबंध में बताया गया कि रिंकु सुबह में अपने घर के कुंआ के पास मुंह धो रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और कुंआ में गिर गया। स्वजनों ने उसे कुंआ से निकाल कर हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी।

## श्राद्धकर्म के लिए दी खाद्य सामग्री

**अनगड़ा।** आजसू पार्टी के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने बोंगाईबेड़ा पंचयात निवासी रंगवा महतो के श्राद्धकर्म हेतु उनके परिजनों की आटा और चवाल देकर सहयोग प्रदान किया। मौके पर आजसू पार्टी के पंचयात अध्यक्ष गणेश उराँव पंचयात प्रभारी सुरेंद्र महतो उपस्थित थे।

## नगड़ीः बच्चों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी पंचायत राजकीय मध्य विद्यालय नगड़ी में स्वच्छता संबंधी प्रतियोगता स्वच्छता शपथ और जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमे जल सहिया रिंकी देवी यूनिसेफ सफोट के अतूल रंजन मनोज कुमार के द्वारा बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर नगड़ी पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव पंचायत समिति सदस्य शिला देवी राजू मुडा मौजूद थे।

# इटकी, मांडर और बेड़े में करम पूर्व संध्या पर खोड़हा दलों ने बांधा समां

# मांदर की थाप पर झूमे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी मोड़ के सोहराई जतरा स्थल पर शनिवार को करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पड़हा सरकार के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न गांव के खोड़हा दलों के सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में मांदर के थाप पर जमकर नृत्य गान किया। कार्यक्रम में शामिल 39 खोड़हा दलों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर मिंज शामिल हुए। उन्होंने करम पूर्व संध्या मनाने के औचित्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि करमा पर्व में हम सभी अपने इष्टदेव करमदेव की पूजा अर्चना करते हैं। करमदेव का वास करम पेड़ पर होता है। इस कारण इस पेड़ की भी पूजा की जाती है। कार्यक्रम की शुरूआत जतरा स्थल स्थित शक्ति खूंट की पूजा अर्चना के साथ की गयी। मौके पर बेड़ो कॉलेज की प्रोफेसर डॉ डेलोमयी हांसदा, एतो भगत, आनंद कुजूर, संजय, नंदलाल महतो, राजेंद्र भगत, जागरे उरांव व दीपक उरांव सहित अन्य शामिल थे।



### प्रकृति से जुड़ा है करम पर्व : सीओ

**मांडर।** अंचल कार्यालय मांडर में शनिवार को कर्म पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो ने स्वयं मंदर उठा लिया और मंदर बजाते हुए जमकर आंचल कर्मियों के साथ कर्म पूर्व संध्या मनाया। मौके पर उन्होंने कहा कि यह त्यौहार प्रकृति पर्व से जुड़ा हुआ है। आपसी मतभेद भुलाकर इस त्यौहार पर लोग खुले दिल से एक दूसरे के साथ मिलकर मांदर की थाप पर गाते हुए नृत्य करते हैं।

### भाई-बहन के प्रेम का पर्व है करम

**बेड़ो।** सातो रे बहिन सातो करम गाड़ीए सातो गोतनी सेवा करय रे।के गीतों पर आदिवासी खोड़हा नृत्य दलों ने अपना नृत्य व गीत एवं मांदर नगाड़ा व अन्य वाद्य यंत्रों की धुन पर बेड़ो सरना स्थल स्थित रंगमंच पर हजारों लोग झुम उठे। बेड़ो सरना समिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित करम पूर्व संध्या का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि भादो एकादशी को झारखण्ड सहित देश के अन्य राज्यों में रहने वाले आदिवासियों द्वारा यह भाई बहन की असीम प्यार का यह पर्व सांस्कृतिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो हमें बाकी समाज के अलग करती है। उन्होंने कहा कि इस पर्व में सभी की सुख समृद्धिए की कामना की जाती है। इस दौरान एसटी मोर्चा के भोगेंन सोरेन ने कहा आदिवासियों का यह पर्व प्रकृति पर्व है जो भाई बहन के असीम प्यार दर्शाता है। मौके पर उपस्थित डोरंडा कॉलेज की इतिहास विभाग की प्रोफेसर डॉ मंजू मिंज ने कहा कि आप लोग रहन सहन के साथ खान पान पर भी पुरानी परंपरा को जीवित रखें। उन्होंने शिक्षा पर जो देते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें ताकि वे अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संचालन अनिल उरांव ने किया।



# रातू : सड़क हादसे में राशन डीलर की मौत, एक घायल

### बाइक और स्कूटी में हुई थी सीधी टक्कर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सिमलिया-बाजपुर रोड स्थित तिगरा बुचीडाड़ी पतरा के समीप शुक्रवार की शाम चार बजे मोटर साइकिल और स्कूटी के बीच सीधी टक्कर में राशन डीलर महावीर साहू जख्मी हो गये। परिजन रिंची ले गये। इसके बाद उन्हें पारस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गयाए जहां रात 11 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। वहींए दुर्घटना में घायल बुचीडाड़ी निवासी बंधु उरांव का पुत्र महेश उरांव का एक निजी अस्पताल में उपचार के बाद चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी। उसके सिर पर चोटें आयी है। जानकारी के मुताबिक श्री साहू स्कूटी चलाते हुये सिमलिया हाजी चौक से घर जा रहे थे। जैसे ही वह पतरा के निकट पहुंचेए विपरीत दिशा से केवला मोड़ की ओर आ रहे मोटर साइकिल सवार महेश उरांव से उनकी भिड़ंत हो गयी।

### गांव में पसरा मातम



दिवंगत महावीर साहू छह भाई.बहन में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी समेत चार पुत्र और एक पुत्री हैं। सभी की शादी हो चुकी है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। बीएसओ और राशन डीलर संघ के पदधारी व सदस्यों ने श्री साहू के निधन पर दु:ख व्यक्त करते हुये शोकाकुल परिवार जनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है।

## इटकी : दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**इटकी।** इटकी ब्राम्बे मार्ग पर रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की शाम हुई दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए नगड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में इटकी कोईरी टोला के बउआ महतो व तरगड़ी के सुमित खलखो के नाम शामिल है। जानकारी के मुताबिक बउआ और सुमित अलग.अलग मोटरसाइकिलों में कहीं जा रहे थे। इसी दौरान दोनों मोटरसाइकिल की टक्कर हो गयी। पुलिस दोनों मोटरसाइकिलों को अपने कब्जे में कर ली है।

## कमड़े आश्रम में राधाष्टमी महोत्सव

**रातू।** इस्कॉन की ओर से शनिवार को कमड़े आश्रम में राधाष्टमी महोत्सव मनाया गया। दिन के 11 से शाम 5 बजे तक राधाकृष्ण महाभिषेक ए कथा-कीर्तन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। समन्वयक एवं कथा वाचक रामप्रिया दास ने राधा अष्टमी पर मनमोहक कथा सुनायी और श्रोताओं का मन मोह लिया। पुजारी गोपाल गौरांग द्वारा 56 प्रकार का भोग लगाया गया। प्रसाद वितरण में भक्तों की भीड़ उमड़ी। प्रबंधक भूपति गोविंद दास ने कहा कि राधा के बिना श्रीकृष्ण को पाना मुश्किल है, जो राधे के प्रिय हैं वह श्रीकृष्ण के भी प्रेमी हैं। इस मौक पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। पंकज कुमार सिंह व पंकज प्रसुन्न बतौर अतिथि के अलावा प्रेम प्रकाश अग्रवाल व राम निवास प्रभु आदि मौजूद थे।

# रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण को लेकर जन सुनवाई




खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल द्वारा एनके एरिया के रोहिणी परियोजना कार्यालय में लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। इस आयोजन में एसी रांची रामवृक्ष महतोए एनके महाप्रबंधक संजय कुमारए उपनिदेशक वन गोपाल जीएअंचलाधिकारी शिशुपाल आर्यए प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नागए प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गाए गौरव जैनए संजीव कुमारए सीआईएसएफ कमांडेंट मृत्युंजय स्वामीएजिला परिसद सदस्य सरस्वती देवीए ललन प्रसाद सिंहए मनोज रजकए विनय खलखोए रंथु उरांवए रतिया गंझूएबिगन सिंह भोगताए जगरनाथ महतोए प्रेम कुमारए सुनील कुमार सिंहए शैलेश कुमारए विनय सिंह मानकीए गोल्डेन प्रसाद यादवए जीएम ऑपरेशन झाए पीओ नरेश सिंहए चूरी पीओ अजय कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में सीसीएल के अधिकारियों ने कोलियरी की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट पेश की। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी अपनी जमीन के अलावे डंपिंगए सीएसआरए विस्थापनए आदि बातों को गंभीरता पूर्वक विस्तार से उठाया। कहा कि कोलियरी विस्तारीकरण पर कोई विरोध नही है परन्तु हमारी मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखना प्रबंधन का दायित्व बनता है। वही एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि अपनी ओर से प्रबंधन का पक्ष रखा। रैयत विस्थापित मोर्चा एनके एरिया अध्यक्ष वीगन सिंह भोक्ता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन रैयतों के साथ धोखा करती है आज जो लोग जमीन दिये उसे नौकरी मुआवजा के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ता है जब कि बाहरी लोगों प्रखंड कार्यालय के मिली भगत कर जमीन का कागजात बना कर नौकरी कर रहे है। गरीब किसान को दारू पिला कर कई लोग जमीन अपने नाम लिखवा लिए है। यहाँ के रैयतों का अपने हक अधिकार से बंचित किया जा रहा। जीएम संजय कुमार ने कहा की सभी का पॉजिटिव सोच है की खदान खुले। वन विभाग और पर्यावरण विभाग की स्वीकृति से अथवा ग्रामीणों का सहयोग मिले तोए 1605 हेक्टर जमीन लेकर रोहिणी परियोजना का विस्तारीकरण करना है। 67 घर का नापी किया गया है जिसे हेड क्वार्टर भेजा गया है। ताकि उन्हें मुआवजा मिल पाए।

## एक नजर में

### ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई 1.25 किमी सड़क



**मांडर।** करम पर्व और ईंद जतरा को देखते हुए भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व मे ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर कैम्बो मैदान से पंचायत भवन तक 1.25 किलोमीटर पथ को चलने लायक बनाया गया। शनिवार को भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा श्रमदान से सड़क का मरम्मत किया गया। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा से आहत होकर ग्रामीणों ने करम पूर्व ईंद जतरा को देखते हुए सन्नी टोप्पो के सहयोग से श्रमदान से सड़क को चलने लायक बनाया गया। मौके पर उप मुखिया सुरा उरांव, गंगा उरांव, हुसू उरांव, मक्का उरांव, अनु साव, सुनील मिंज, सोमरा उरांव, हिरदु उरांव, मुनसफ अंसारी समेत सभी ग्रामीण मौजूद थे।

### लोक सुनवाई का मुखिया ने किया विरोध



**खलारी।** सीसीएल द्वारा एनके एरिया के रोहिणी परियोजना के दुब टोला में लोक सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लेकिन मुखिया जनप्रतिनिधियों के सम्मान व जनहित सवाल पर खलारी प्रखण्ड के तुमांग मुखिया संतोष महलीए लपरा पुतुल देवीए विश्रामपुर दीपमाला कुमारीएचुरी उत्तरी मुखिया ललिता देवी ने कार्यक्रम का विरोध करते हुये कार्यक्रम स्थल पर नही पहुँचे। इसकी भनक सीसीएल एनके एरिया के महाप्रबंधक संजय कुमार को मिली तो खुद जनप्रतिनिधियों के समक्ष गए समझने की बात कही। पुनः रोहणी पीओ भी आये और बार बार ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम स्थल पर चलने की आग्रह कर रहे थे, पर जनप्रतिनिधि मांग पर अड़े थे।

### हाथियों के झुंड ने धान की फसल को रौंद डाला

**राहे।** प्रखंड के होटलो पंचायत अंतर्गत घाघराडीह गांव में हाथियों के झुंड ने शुक्रवार रात धान की फसल को रौंद दिया। किसान कमल स्वांसी, सुधीर स्वांसी, त्रिभुवन मुंडा, अमिष्टर महतो, सुरेश महतो, अनंत मुखर्जी के खेत में 5 एकड़ में लगे धान की फसल को हाथियों ने रौंद दिया है। शनिवार सुबह आजसू प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी, महावीर महली ने खेत जाकर नुकसान की जानकारी ली और वन विभाग से बात कर तत्काल मुआवजा देने की बात कही।

# कुटे के चार बकरी चोर धराये, जेल

### पांचा से बकरी चोरी कर बेचने पहुंचे थे ओरमांझी



खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पांचा से बकरी चोरी करने वाले खुदिया लोटवा कुटे के चार चोर को ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। 19 सितंबर को पांचा निवासी विषेष्वर महतो के घर से दिन में दो बकरी चोरी हुई थी। बताया गया कि विषेष्वर महतो व स्वजन खेत गए थें। तभी बकरी को चुरा ले गए थें। खेत से लौटने पर आंगन में बंधे भूरा रंग दोनो बकरी गायब थें। आसपास ढुंढेने पर गांव वालों की इसकी जानकारी हो गई। दूसरे दिन ओरमांझी बाजार में कुटे के युवकों भूरा रंग की बकरी बेचते देखा गया। शक होने पर बकरी सहित चोर का फोटो खिंच कर किसान को भेज दी गई। पहचान होते ही जबतक किसान बाजार पहुंचता दोनो बकरी बिक चूकी थी। जिसके बाद किसान विषेष्वर महतो ने कुटे निवासी जीमल खान व शाहील खान के खिलाफ ओरमांझी थाना मामला दर्ज कराया और फोटो भी पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद ओरमांझी पुलिस द्वारा त्वरित कारवार्यी करते हुए दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने अपने दो साथी का नाम भी बताया। जिसके बाद पुलिस ने कुटे के समीर खान व खुदिया लोटवा के आविद खान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सभी ने चोरी में संलिप्त होने की बात भी स्वीकार लिया है।

# संस्कृति बचाने के लिए नशा छोड़ शिक्षा को अपनायें : विकास सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** नशापान छोड़ कर समाज की बेहतरी के लिए काम करें। कहा कि अपनी संस्कृति शराब पीने से नहीं बचेगी। हमें हर हाल में नशापान छोड़ना होगा और शिक्षा को अपनाकर ही अपनी संस्कृति को बचाया जा सकता है।उक्त बातें पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की ने कहा। वही विशिष्ट अतिथि तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा आज के आधुनिक परिवेश में जो दिखता है और जो समझ मे आता है। कि आधुनिक परिवेश में अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है। हम सभी लोग पश्चिमी सभ्यता को अपनाते आ रहे है। जो कि हम पीछे की ओर जा रहे है। इसका उदाहरण इस रूप में दिखेगा कि हमलोगों का जो जनजाति भाषा है। वह गांवों तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में हमारी संस्कति पूर्ण रूप से विलुप्त हो रही है। और इसका मूल सार हैए कि पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी संस्कति परंपरा को आगे बढ़ाना हैएसंस्कार नही मिला तो व्यवस्था ही समाप्त हो जाएगा। कही ऐसा न हो कि अपनी संस्कृति सभ्यता को जानने के लिए एक दिन स्कुल खोलना पड़े। उक्त बातें मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने कहीं। वे केंद्रीय सरना समिति मैक्लुस्कीगंज कर्मा पूर्व संध्या महोत्सव सह सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। अतिथियों में मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी भी मौजूद थे।

# चट्टी में गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन, प्रतिमा विसर्जित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** ऐतिहासिक राजकिला स्थित चट्टी में गोल्ड स्टार क्लब गणेश पूजा समिति की ओर से आयोजित पांच दिनी गणेश चतुर्थी महोत्सव शनिवार की शाम समाप्त हो गया। प्रतिमा विसर्जन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इससे पूर्व आरती पूजा हुई। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये थे। इसकी कमान पुलिस अवर निरीक्षक शेखर कुमार सिंह और पीसीआर की टीम ने संभाली थी। पूजा अनुष्ठान मुकेश पाठक ने कराया। मौके पर प्रिंस कुमार तिवारी, अमर कुमार साहू, नितेश कुमार ठाकुर, गोपाल लोहरा, अंकित गोप, बिट्टू कुमार, राजकुमार, अप्पू ठाकुर, अनिल ठाकुर, सोनू साहू, रोहित कुमार, संतोष सूत्रधार, गोपाल ठाकुर, राजू तिग्गा, राजेश भगत, रवि कुमार साहू, हर्ष कुमार तिवारी, अंशु, विशाल व श्याम चौबे आदि मौजूद थे।

# ओपा में बाबा गणिनाथ गोविंद का वार्षिकोत्सव



**चान्हो।** शनिवार को ओपा में बाबा गणिनाथ गोविंद जी की वर्षगांठ मनायी गयी। क्षेत्र से आये हुए हजारों भक्तों ने वार्षिक उत्सव हर्षोउल्लाश के साथ मनाया। भाजपा नेता सन्नी टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर समाज के एकजुटता के लिए बाते कही और बाबा के बताये मार्गों पर चलने के लिए कहा। पूरे वैश्य समाज को आश्वासन दिया कि जब भी मौका मिले मैं मधेसीय समाज के साथ सदैव खड़ा रहूंगा। रातू, लोहरदगा, कुडू, चट्टी और रांची से आये अतिथियों ने भी अपनी बात रखी और ओपा के आयोजन की सराहना भी किया। कार्यक्रम में बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस वर्ष 10वीं, 12वीं और स्नातक में उत्तीर्ण हुए बच्चों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अविनाश कुमार ने किया। मौके पर मंतोष गुप्ता, पप्पू गुप्ता, श्यामलाल, गौतम गुप्ता, गोपाल साव, कृष्णा गुप्ता, अजय गुप्ता, कैलाश गुप्ता, आनंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सरजू प्रसाद, सुधीर, आकाश, संतोष, सौरव, रवि, आशीष, कृष्णा, शिव, दीपक, पवन, प्रवीण, जितेश, पंकज, सचिन, पप्पू, सुभम, रितेश आदि मौजूद थे।

## सिल्ली अस्पताल में रक्तदान शिविर

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक अस्पताल में शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें रांची सदर अस्पताल के तकनीकी दल ने 10 यूनिट रक्त का संग्रह किया। शिविर में भरत देव साय डॉ विवेक कुमार बबिता केडीया कल्पना केडिया समीर रजक आशा देवी शुभम कुमार निरज शर्मा गुरुचरण कोइरी एवं श्रवण कोइरी समेत दस लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

**AFFIDAVIT**

I, NISHA TIGGA @ TITRI KACHHAP W/o Late Shishir Leonard Tigga, Resident of Village Churi Tola, PO & PS. Kanke, Dist. Ranchi, Jharkhand, do hereby solemnly declare vide affidavit No. 45 dated 16.09.2023 that in my educational certificate and other documents my name has mentioned as TITRI KACHHAP, but after marriage my name has changed as NISHA TIGGA. NISHA TIGGA & TITRI KACHHAP is the same and one person.

# होचर के ईंद जतरा में दिखेगी झारखंडी संस्कृति

### रातू के होचर में 28 सितंबर को लगेगा करम ईंद जतरा

शेख मुजिबुल

**रातू।** आदर्श सरना समिति की ओर से 28 सितंबर को होचर टिकरा में करम ईंद जतरा लगाया जायेगा। इसकी तैयारी जोरशोर से की जा रही है। इसमें झारखंड समेत बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, छत्तीसगढ़ व अंडमान निकोबार द्वीप समूह आदि राज्यों के सौ से अधिक खोड़हा टीमें पारंपरिक वेशभूषा में भाग होंगी। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में आदिवासी कला व संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। खोड़हेधारी पुरस्कृत किये जायेंगे। चौक-चौराहे में जतरा झंडा लगाये जा रहे हैं। महोत्सव को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। यहां सैकड़ों दुकानें सजने लगी है।



निर्मला बिरेंद्र भगत।

### दलादिली में 29 को है ईंद मेला

दलादिली में इस बार करमा पूजा के चौथे की बजाय पांचवें दिन ईंद मेले का आयोजन किया जायेगा। जतरा मैदान में 29 सितंबर को होने वाले महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गयी है। ईंद जतरा समिति का गठन भी कर लिया गया है। 60 के 65 खोड़हा मंडली हिस्सा लेंगी। इसके अलावा झारखंड व दूसरे राज्यों के कई विशिष्ट लोगों के भाग लेने की उम्मीद है। यह जानकारी अध्यक्ष अमित मुंडा ने दी है।

### सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध

समिति और जिला परिषद की अध्यक्ष निर्मला बिरेंद्र भगत ने जानकारी दी कि महोत्सव के दौरान गांव के पाहन, कोटवार, पईनभरा, महतो, दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि सम्मानित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध होंगे। शरारती तत्वों पर पैनी निगाह रहेगी। आरोपियों के खिलाफ सामाजिक सजा की भी व्यवस्था है। महुआ शराब की बिक्री पर पाबंदी रहेगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, चतरा**

**ई–अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/14/2023-24-RE-1 दिनांक– 22.09.2023

1. मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत:–

| क्र. सं. | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | सिमरिया | बन्हे | सिमरिया | सहबान मियाँ के घर लव मुर्शिद आलम के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 783484.00 | 15700.00 | 1250.00 | 1 माह |

2. वेबसाइट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.10.2023
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –11.10.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. (i) एन.आर.ई.पी., चतरा एवं (ii) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क,अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 12.10.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक।
5. ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 13.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–पुनर्निविदा आमन्त्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता एन.आर.ई.पी. चतरा
7. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं. – 8789430732 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. ई– पुनर्निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/एकाउण्ट से ही निर्गत बैंक ड्राप्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी. चतरा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. Ucan Registration फोटोकॉपी Upload करना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
10. परिमाण–विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

PR.NO.307604 NREP(23-24):D


कार्यपालक अभियंता, एन.आर.ई.पी., चतरा।

## समय संवाद

प्राचीन काल में गुफाओं में निवास करने वाला तथा कंदमूल फल खाकर या जानवरों का शिकार कर अपना पेट भरने वाला मनुष्य प्रायः वनमानुष ही था। बाद में कृषि की उत्पत्ति हुई । कृषि के लिए पानी चाहिए और पानी होता है नदियों में ।इसलिए आदमी गुफाओं से निकलकर नदियों के किनारे बसा ।शिकारी से किसान बना फिर पशुपालक बना। नदियों में मछलियों की उपलब्धता ने आहार की समस्या हल कर दी। नदियों के कारण मनुष्य के निवास स्थानों को व्यापक विस्तार मिला। खेती-किसानी से इतर समय को गाने- बजाने, नाचने ,चित्र बनाने में लगाया । संस्कृति का हुआ शुभारंभ । एग्रीकल्चर से कल्चर की ओर कदम नदियों से ही संभव हो सका । जीवन के प्रथम चरण में अपने अथक परिश्रम से न केवल प्रकृति के साथ संघर्ष में विकास करता गया और सभ्यता और संस्कृति की नींव डाल सका ।इस कार्य में उसे नदियों से भारी सहायता मिली । आज विश्व नदी दिवस है हमारी नदियों की चिंता करें।

# कैसी हैं हमारी नदियों की स्थिति

**बृजकिशोर पाण्डेय**



**पृथिव्यां त्रीणि रत्नानि जलंअन्नंसुभाषितम्।**
**मूढै पाषाण खण्डेषु रत्नसंज्ञा विधेयते ।।**

इस धरा धाम पर तीन ही रत्न है- जल अन्न और सुंदर वचन । जल ही जीवन है ,जल है तो कल है जैसे नारे हमारे जीवन के अंग हैं। और इस पानी का श्रेष्ठ और सुदीर्घ स्रोत नदी है। हजारों वर्षों से मनुष्य उसकी ओर खींचता चला आया है केवल इसलिए नहीं कि वह हमारी और हमारे खेतों की प्यास बुझाती है बल्कि इसलिए भी कि वह हमारी आत्मा को भी तृप्त करती है ।उसके तट पर हमारी आत्मा पल्लवित पुष्पित होती है, संस्कृति का जन्म होता है ।गंगा से वोल्गा, नील से मिसीसिपी और अमेजन से यांगत्सी तक कई संस्कृतियों का जन्म और अवसान नदियों के तट पर हुआ है ।संसार की सभी प्रमुख संस्कृतियों का जन्म नदियों की कोख से हुआ है ।मानव का प्रकृति से संस्कृति की ओर कदम नदियों की ही देन है ।

नदियों के कारण कृषि संभव हुई और कृषि के कारण लोगों को अपना समय ज्ञान विज्ञान और कला को दे पाना संभव हुआ । नदियां सभ्यता और संस्कृति का पालना बनीं ।

हमारे देश में नदियों के प्रति विलक्षण श्रद्धा रही है ।यह अंधश्रद्धा नहीं बल्कि यह श्रद्धा लोकमानस में प्रतिष्ठित हो चुकी है ।नदियों को बहते हुए जल के रूप में नहीं बल्कि उनमें जीवनदायिनी माताओं का प्रतिबिंब हम लोग निहारते हैं ?नदियों को लोकमाता कहा गया है। वेदों के मंत्र में कहा गया है लोगों के दिलों में रहने वाले सत्य और असत्य की परीक्षा लेने वाला भगवान पानी में रहता है। हाथ में जल लेकर सौगंध खाने की परंपरा है। अंजलि में जल लेने के बाद मनुष्य झूठ बोल ही नहीं सकता ।मरते हुए मनुष्य के मुंह में गंगाजल देने की परंपरा है। दाह संस्कार के बाद भी अस्थि और भस्म को नदियों में प्रवाहित करने की परंपरा है ।इतना ही नहीं मरणोपरांत भी हमें वैतरणी पार करनी होती है ।राज्य अभिषेक में चार समुद्र और सात नदियों के जल से राजा का अभिषेक किया जाता था। संक्षेप में जीवन में, मरण में और मरणोपरांत भी मानव जीवन नदियों से जुड़ा है ।भारत संस्कृति में नदियों में ईश्वर का प्रवाह मानकर उनमें प्रेम धारा के दर्शन किए जाते हैं ।चरैवेति चरैवेति का संदेश देती हुई नदी आगे बढ़ती रहती है पीछे पीछे नया और नया पानी आता रहता है ।अर्थात देते रहो ,लुटाते रहो। देते रहोगे तो तुम्हें मिलता रहेगा ।तुम्हारा भंडार कभी खाली नहीं होगा। वास्तव में

**वृक्ष कबहुं नहिं फल भखै नदी न संचय नीर। परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर ।।**

नदी ईश्वर की करुणा है और ईश्वर की करूणा सभी को समान रुप से मिलती है। परोपकाराय सतां विभूताय, या सर्वभूतहितेरता का जीवंत नमूना है नदी। जिस दिन यह नदी हमारे भीतर प्रवाहित होगी हमारा सारा दृष्टिकोण ही बदल जाएगा। हम लेना नहीं देना चाहेंगे ,जीना नहीं जिलना चाहेंगे। यथासंभव लोकमंगल कार्य करने की प्रेरणा स्रोत है नदी ।नदी में प्रेम ,परोपकार ,उदारता ,शीतलता आदि गुणहैं । नदी इन्हीं गुणों को अपनाने के लिए हमें प्रेरित करती है । मनुष्य प्रकृति को बदलना सीख गया है और आज भी संस्कृति की बदल रहे हैं और किंतु आधुनिकता के साथ शुरू हुई उपभोक्तावाद की अंधी दौड़ में हम सांस्कृतिक विरासत को स्वयं ही नष्ट करने पर तुले हुए हैं ।सभी नदियां हमारे शरीर की धमनियों की मानिंद कार्य करती हैं और इनका खस्ताहाल होना कई सभ्यताओं और संस्कृतियों की मृत्यु का संकेत है ।नदियों पर सिर्फ उसी का ही नहीं सभी जीव- जंतु ,- पेड़ पौधों का अधिकार है ।परंतु कूड़ा-कचरा, औद्योगिक कचरा, सिवरेज न जाने क्या-क्या नदी में डाला जा रहा है ।शव से लेकर शौच तक का भार नदियों पर है ।

आज नदियों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह खड़ा है ।हम सभ्य कहलाने के अधिकारी नहीं अगर नदियों को पवित्र नहीं रखते। बहुत लंबे समय तक हमने नदियों को धर्म एवं लोक आस्था से जोड़कर पवित्र बनाए रखापरंतु कालावधी में लिक से हटकर हम अपनी परंपरा एवं पूजा पद्धति तथा कर्मकांड के मूल भाव, वास्तविक उद्देश्य को भूल गए हैं ।हमें नदियों से बहुत कुछ मिलता है ।आज भी बहुत हद तक हमारा जीवन नदियों पर निर्भर है ।इनके प्रति सम्मान का भाव रखना जरूरी है। इनकी स्वच्छता और पवित्रता को चिरकाल तक बनाए रखने का शुभ संकल्प परम आवश्यक है, तभी संस्कृति सुरक्षित रहेगी ।जब यह बचेगी तो सब बचेगा और यह बचेगी साफ सोच से ।हम स्वयं को सभ्य कहते हैं और प्रमाण देने में शायद असफल । प्रत्यक्ष किम प्रमाणम ?

जो नदियों के साथ हो रहा है क्या वही सभ्यता और संस्कृति है ? नहीं।

# धर्म का हर पहलू तार्किक, व्यवहारिक है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



धर्म प्रवाह

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है।

मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है। उन संतो का इशारा उन लोगों के तरफ होता है जो सुर दुर्लभ मनुष्य शरीर पाकर अपने जीवन को अध्यात्म की अगली शिर्डी पर नहीं ले जाते अपनी पूरी आयु को प्राइमरी स्कूल में ही मिटा देते हैं। कोई भी समझदार आदमी कभी या नहीं कहेगा उसका बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकन नामांकन कर वही पाठ जिंदगी भर पढ़ता रहे। हमारे धर्म ग्रंथों में बार-बार यह जिक्र किया गया है कि आगे का खोजो यदि तुम्हारी खोज होगी तो वह राह दिखाने वाले महापुरुष जरूर मिल जाएंगे।

इसीलिए हिंदू धर्म में गुरु करने का प्रावधान किया गया है। गू का अर्थ होता है अंधकार और रू का अर्थ होता है प्रकाश यानी जो अंधकार से प्रकाश के तरफ ले जाए यानि जो भाव बंधन से मुक्ति के तरफ ले जाए। यह भी कहा गया है कि किसी ब्राह्मण से ही गुरु मंत्र लेना चाहिए। ब्रह्म को जानने वाले को अध्यात्म में ब्राह्मण कहा गया है। अध्यात्मिक की दूसरी श्रेणी वहीं से शुरू होती है महापुरुषों का इशारा इसी तरफ था। **(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर शाखा कुटी रांची)**

# वीगन डाइट सावधानी के साथ फायदेमंद

**वीगन** डाइट एक शाकाहारी स्पेशल डाइट है जिसकी शुरूआत धार्मिक, नैतिक और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने जैसी वजहों से की गई थी। वर्तमान में दुनिया भर में वीगन डाइट का ट्रेंड बढ़ा है। आमतौर पर वीगन डाइट को शाकाहारी भोजन माना जाता है जबकि वीगन डाइट उससे अलग है। दूध और दुग्ध उत्पादों का सेवन किया जा सकता है। जबकि वीगन डाइट पूरी तरह से पौधे-आधारित आहार है। वीगन डाइट में दूध, दही, क्रीम, घी, देसी घी, बटर, म्योनीज, चीज व यहां तक कि शहद खाना भी वर्जित है। विकल्प के तौर पर सोया मिल्क, कोकोनेट मिल्क या आलमंड मिल्क का इस्तेमाल किया जाता है। घी के बजाय वनस्पति तेल इस्तेमाल किया जाता है जैसे- सरसों, मूंगफली, सोयाबीन, सनफ्लॉवर, ऑलिव ऑयल।वैज्ञानिक वीगन डाइट को स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद मानते हैं।

**हार्ट के लिए हितकारी**

वीगन डाइट में इस्तेमाल होने वाला पौधे-आधारित फैट या ऑयल शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम करने में सहायक हैं। जबकि पशु-आधारित घी का सैचुरेटिड फैट कोलेस्ट्रॉल बढ़ाता है। दरअसल, वीगन डाइट से ब्लड प्रेशर, हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा काफी कम हो जाता है।

**कैंसर से बचाव**

वीगन डाइट में काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मिलते हैं जो शरीर की विभिन्न कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले विषाक्त पदार्थों यानी फ्री-रेडिकल्स को शरीर से बाहर निकालकर स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इस डाइट का सेवन करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है।

**डायबिटीज पर नियंत्रण**

वीगन डाइट का सेवन करने वाले व्यक्ति का ब्लड शूगर स्तर नियंत्रित रहता है। इंसुलिन निर्माण सामान्य तौर पर होता है जिससे टाइप -2 डाइबिटीज होने का खतरा कम होता है।

**आर्थराइटिस में राहत**

एंटीऑक्सीडेंट और पोषक तत्वों से भरपूर वीगन डाइट से आर्थराइटिस में होने वाले जोड़ों के दर्द, सूजन और सुबह के समय अकड़न कम करने में मदद मिलती है।

**वजन पर कंट्रोल**

वजन कम करने वालों के लिए वीगन डाइट सर्वाधिक उपयुक्त है। इसमें कैलोरी और फैट कम मात्रा में, जबकि फाइबर भरपूर मात्रा में मिलता है।

**पाचन तंत्र की मजबूती**

फाइबर से भरपूर वीगन डाइट पाचन को सुचारू रूप से चलाने में मदद करती है। जिससे अपच, गैस बनना जैसी समस्याएं कम होती हैं।

**संक्रमण से बचाव**

वीगन खाद्य पदार्थों में मौजूद विटामिन बी, सी जैसे जल में घुलनशील विटामिन से वायरस और बैक्टीरिया से होने वाली संक्रामक बीमारियों का खतरा कम रहता है।

**नुकसान भी न करें नजरअंदाज**

शरीर में कुछ पौष्टिक तत्वों की कमी भी हो सकती है जैसे विटामिन डी, विटामिन बी 12, आयरन, कैल्शियम, जिंक।

# नदियां जिंदा है, मानव के बराबर हैं, उनकी जान का ख्याल रखें



**एनके मुरलीधर**

नदियां हमारी सभ्यता व संस्कृति हैं। वर्ष 2023 में इसका थीम है 'नदियों का अधिकार', जो नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित करने की मांग करती है। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाएं वर्तमान समय में नदियों को स्वच्छ बनाने और उनके अधिकारों के लिए काम कर रही हैं। वर्तमान समय में नदियों को स्वच्छ बनाने के साथ उन्हें पर्यटन स्थल के रुप में विकसित किया जा रहा है। योगी सरकार नदियों पर विशेष ध्यान देने का कार्य कर रही है।

नदियों का विशेष धार्मिक महत्व भारत नदियों का देश है। नदियों का विशेष धार्मिक महत्व भी है। नदियों को पवित्र, श्रेष्ठ, और पूजनीय माना गया है। साथ ही इसे देवी और मां का दर्जा प्राप्त है। इसी को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार नदी किनारों को तीर्थ स्थल के रुप में विकसित करने का काम कर रही है। इसी क्रम में गोरखपुर, अयोध्या, मथुरा, वाराणसी, प्रयागराज सहित यूपी के कई शहरों में नदियों पर विशेष कार्य किया गया है। नदियों की स्वच्छता के लिए हो रहा यह कार्य स्वच्छ भारत मिशन के तहत नदियों के रिवर फ्रंट विकसित किये गए हैं। यहां पर्यटकों के घूमने के लिए स्थान भी बनाए गए हैं।

वर्तमान समय में कई बड़े कदम यूपी सरकार उठा रही है। जिसमें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को पूर्व अवस्था में लाना और बढ़ावा देना तथा सीवेज के प्रवाह की जाँच के लिये रिवरफ्रंट के निकास बिंदुओं पर प्रदूषण को रोकने हेतु तत्काल अल्पकालिक कदम उठाना शामिल हैं। प्राकृतिक मौसम परिवर्तन में बदलाव के बिना जल प्रवाह की निरंतरता बनाए रखना भी शामिल है। इसके साथ ही वृक्षारोपण के माध्यम से हो रहा यह कार्य क्षेत्र की प्राकृतिक वनस्पतियों के पुनर्जीवन और उनका रखरखाव करने का कार्य भी यूपी सरकार कर रही है। गंगा नदी बेसिन की जलीय जैव विविधता के साथ-साथ तटवर्ती जैव विविधता को संरक्षित और पुनर्जीवित करने का कार्य भी किया जा रहा है। करोड़ों की संख्या में सरकार वृक्षारोपण कर रही है। जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे और नदियों के कटान को भी रोका जा सके। प्रदूषण मुक्त कर नदियों में गिर रहे कचरे उत्तर प्रदेश सरकार ने नदियों में गिरने वाले कचरों का भी प्रदबंधन किया है।

वर्तमान समय में प्रदेश के शहरों में स्थित सभी नालों को जोड़कर उसके कचर को प्रदूषण मुक्त बनाने के बाद ही नदियों में गिराया जा रहा है।

स्वच्छ गंगा मिशन के तहत प्रत्येक घर को एसटीपी से सीधे जोड़ने का प्रोजेक्ट भी तेजी से काम कर राह है। जल को स्वच्छ बनाने का काम नालों की टैपिंग कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जल को स्वच्छ बनाने का काम किया जा रहा है। अलग-अलग हिस्सों मेंएसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) और एक सीईटीपी (कॉमन इफ्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट) लगा रखे हैं। पर्यटन व रोजगार को भी नदियों से हो रहा फायद नदियों के सुदंरीकरण ने उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। कई वर्षो की तुलना में इधर उत्तर प्रदेश के पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इसके ही इन स्थलों पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

# पितरों के श्राद्ध के नियम

**मदन गुप्ता सपाटू**



पितृ पक्ष आने वाला है। पितृ पक्ष अपने पूर्वजों को याद करने का, उन्हें नमन करने का समय होता है। साथ ही यह वर्तमान पीढ़ी को यह संदेश देने का वक्त होता है कि अपने से बड़ों का सम्मान करें। जहां निधन के बाद भी इतनी श्रद्धा से अपने बड़ों को याद किया जाता है, वहां बड़ों के प्रति स्नेह की सीख होनी तो स्वाभाविक है। यह श्रद्धा ही है कि हम अपने पूर्वजों की तस्वीरों को अपने घर में बहुत श्रद्धा से रखते हैं और उन पर पुष्प आदि अर्पण करते हैं। कुछ लोग पूर्वजों के चित्रों को आल्मारी या बॉक्स में बंद कर के रख देते हैं और इन्हें श्राद्ध या पितृ पक्ष के अवसर पर बाहर निकालते हैं। कहीं-कहीं व्यापारिक स्थलों पर पूर्वजों की बड़ी-बड़ी तस्वीरें या उनकी मूर्तियां भी दिख जाती हैं। अनेक नेता तो अपने जीते जी ही अपनी मूर्तियां सार्वजनिक स्थानों पर लगवा देते हैं। असल में यह वास्तु नियमों के विपरीत है। घरों में भी पूर्वजों के चित्र वास्तु नियमों के अनुसार रखे जाएं तो उनका आशीर्वाद बना रहता है और सुख-समृद्धि आती है।

वास्तु नियमों के अनुसार पितरों के प्रति श्रद्धा तो अगाध हो, लेकिन उनकी एक से अधिक तस्वीर न लगाई जाएं। इससे नकारात्मकता आती है। इसके साथ ही घर के प्रवेश द्वार के सामने पितरों की तस्वीर नहीं लगाई जानी चाहिए। इसके अलावा शयन कक्ष में भी पितरों की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। यह भी ध्यान रखें कि रसोई घर में पितरों की तस्वीर नहीं लगाई जाए। घर में पितरों की तस्वीर उत्तर दिशा में लगाई जानी चाहिए। माना जाता है कि पितरों की तस्वीर का मुख हमेशा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है। सभी पितर दक्षिण दिशा में निवास करते हैं। इसलिए दक्षिण दिशा में भी पितरों की तस्वीर लगाई जा सकती है।

शौचालय और स्नानघर के पास गलती से भी पितरों की तस्वीर ना लगाएं। भगवान की मूर्तियों के साथ भी पितरों की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। घर में पूर्वजों का फोटो मध्य स्थान में कभी नहीं लगाना चाहिए। कहा जाता है कि ऐसा करने से मान-सम्मान की हानि होती है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पितरों की फोटो को कभी भी घर के जीवित लोगों की तस्वीरों के साथ नहीं लगाना चाहिए। घर में अपने पुरखों की तस्वीर को कभी भी लटका कर नहीं रखना चाहिए। तस्वीरों को हमेशा लकड़ी के स्टैंड पर ही रखना चाहिए। गौर हो कि इस बार 20 सितंबर को पूर्णिमा का श्राद्ध पड़ रहा है और 21 तारीख से लेकर 6 अक्तूबर तक पितृपक्ष रहेगा। पितरों के प्रति अगाध श्रद्धा रखें और वर्तमान पीढ़ी को भी बड़ों के सम्मान का संस्कार दें।

# विनन्दिया राम कथा क्यों महत्वपूर्ण है?



**डॉ हराधन कोईरी**

फिर वानर राज सुग्रीव ने अंगद, नल, नील, हनुमान, जाम्बवंत आदि को दक्षिण दिशा की ओर जाने की आज्ञा दी। सभी वन पर्वतों में खोजते फिरते थके हारे समुद्र के तट पर पहुँच गये। ऐसे समय में हनुमान समुद्र के किनारे बैठकर समुद्र की तरंगों को देखकर चिन्ता करने लगे। हम कहाँ जायें तो माता जानकी का पता मिलेगा। हम इस विशाल समुद्र के उस पार कैसे जायेंगे? हनुमान की इस मनोदशा का सुन्दर चित्रण कवि ने किया है। जिसमें करुण रस की प्रधानता है। पद देखिए-

हनु दक्षिणेते आसि, समुद्रे तीरे बसि।

भाबिछे आपर तरंग देखि, कथा गेले पाव माता जानकी।।

दांडिये समुद्र कुले, कातरे हनु बले

दिले दारुण भारा भारहे, दीनानाथ केमने हइब सागर पार, हे दीनानाथ केमने।

सतेक भोजन जल, दांड़ाईत नहीं स्थल।

हनुमान को चिंतित देखकर ऋजराज जाम्बवान हनुमान से कहते हैं कि सुनो हनुमान! जगत में कौन-सा ऐसा काम है, जो तुमसे नहीं होगा? तुम पवन के पुत्र हो। उन्हीं के समान बल, बुद्धि और विज्ञान से निपुण हो। तुम्हारा जन्म ही रामकाज के लिए हुआ। कवि लिखते हैं-

एत सुनि जम्बुवान, करि गिये सन्मान।



**लोककवि विनन्दिया पंचपरगनिया भाषा-साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि हैं। रामकथा का गान करने कवियों में अग्रणी हैं। इनके रामकथात्मक गीत ' विनन्दिया रामायण ' और ' विनन्दिया रामपाला ' आदि नाम से जाना जाता है। झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में पंचपरगिया है का विशिष्ट स्थान है। कविवर विनन्दिया को पंचपरगनि भाषा का सूर और तुलसी कहा जाता है। झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाएँ हैं-- नागपुरी,खोरठा,कुड़माली और पंचपरगनिया ।**

ना हवे कातार, पार करिबे रघुवर हनु ना हवे कातर ।इस कथा प्रसंग को महाकवि तुलसीदास ने इतना जीवंत बना दिया है कि मानसानुरागी भाई-बहनों के कंठ में बसे हुए हैं।

यथा-

पवन तनय बल पवन समाना।

बुधि बिबेक बिग्यान निधाना।।

कवन सो काज कठिन जग माही।

जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं।।

राम काज लगि तब अवतारा।

सुनतहिं भयउ पर्वताकारा।।

कविवर विनन्द ने सुन्दरकांडह्ल के अन्तर्गत सुरसा द्वारा हनुमान की परीक्षा, लंका की सुन्दरता का वर्णन, लंकिनी द्वारा हनुमान को रोकना, रावण के शयन कक्ष का निरीक्षण करना आदि प्रसंगों को वाल्मीकि ह्यरामायणह्ल और तुलसीकृत ह्यरामचरितमानसह्ल की भाँति उपस्थित किया है। इस कथा-प्रसंग को ह्यरामचरितमानस ह्ल के माध्यम से पढ़ने में जितनी रसानुभूति होती है। उतनी ही रसानुभूति विनन्दिया के पदों के गायन से मिलती है। ह्यसुन्दरकांडह्ल का एक सुन्दर प्रसंग-लंकापुरी में सीता अन्वेषण के लिए गये हनुमान एक ऐसा महल देखते हैं, जहाँ राम के धनुष-वाण के चिह्न अंकित हैं। जहाँ पर नये-नये तुलसी के पौधे लगे हुए हैं। यह देखकर हनुमान के मन में बड़ा आश्चर्य हुआ। लंका तो राक्षसों की नगरी है। राक्षस की नगरी में सज्जन पुरुष का निवास कैसे? उनके मन में द्वंद्व होता है। कवि उस द्वंद्व का सुन्दर चित्रण करते हैं। पद देखिए--राम नाम अंकित, देखि गृह चकृत।

देखे हनु मनेते मगन, किवा सोभा तुलसीर वन।

दुरन्त राक्षस पुरे, के मने से वास करे।

देखे हनु मनेते मगन, हेथा बुझि आछे सन्त जन।

हनुमान विप्र का रूप धरकर विभीषण को पुकारा। विभीषण जी उठकर आये। प्रणाम किया और कहा कि हे विप्रवर! अपनी बात कहिये। आप कैसे यहाँ आये? तब हनुमान ने राम की सारी कथा कहकर अपना नाम बताये। यह सुन विभीषण प्रसन्न हुए। दोनों मिलकर राम के गुणों का बखान करने लगे। हनुमान ने कहा कि मैं सीता की सुधी लेने आया हूँ। माता सीता कहाँ मिलेंगी? तब विभीषण ने हनुमान को सारी युक्तियाँ बता दी। फिर विभीषण से विदा लेकर मसक का रूप धरकर अशोक वाटिका में गये। जहाँ सती रहती थीं। उसी समय बहुत-सी स्त्रियों को साथ लेकर रावण वहाँ आये। उन्होंने बहुत प्रकार से सीता को आश्वासन दिये, भय दिखाये फिर भी सीता नहीं मानी। तब जाते-जाते रावण सीता से यह कहकर गये कि- यदि महीने भर में मेरा कहना नहीं मानी तो मैं तुम्हें इस चन्द्रहास तलवार से काट डालूँगा। इधर राक्षसियों के समूह ने अनेक प्रकार के भयावह रूप धरकर सीता को डराने लगीं। इसी बीच त्रिजटा नाम की राक्षसी जिन्हें राम के चरणों में अतिसय प्रेम था। वह आयीं, उन्होंने सभी राक्षसियों को बुलाकर अपना स्वप्न सुनाने लगीं। इस कथा-प्रसंग के वर्णन में तो कवि ने सिद्धि प्राप्त कर ली है। देखिए-त्रिजटा बलेन माता, सुन गो सपनेर कथा।

प्रथम आइल एकला बानर, माता सुन आर किवा डर।

हेलाय आमेर बागान, भांगी कैल नाना स्थान। जारी...

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## कॉर्टून वर्ल्ड



स्पीड न्यूज

## चितरपुर सीओ ने किया वृक्षारोपण



**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत शनिवार को अंचल अधिकारी चितरपुर दीपक मिंज की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय परिसर में श्रमदान एवं वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान अंचल अधिकारी, चितरपुर की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय के अधिकारियों व कर्मियों सहित मायल पंचायत क्षेत्र के निवासियों द्वारा अमृत सरोवर के समीप श्रमदान कर साफ सफाई व वृक्षारोपण किया गया। वहीं, अंचल अधिकारी चितरपुर ने लोगों को नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता शपथ दिलाने के उपरांत नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों यथा नदियों तथा अन्य जल स्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने, नदियों तथा अन्य जल स्रोतों में कूड़ा कचरा ना फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, शौचालय का प्रयोग करने तथा नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों को पूर्ण करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार विवेक, प्रधान सहायक श्रवन कुमार, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## आजसू के महाधिवेशन को ले बैठक



**कुजू।** कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आजसू मांडू प्रखंड समिति की बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंद्रीय सदस्य हेमलाल महतो, जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, लालचंद महतो, तेजनाथ महतो तेजू, जिप सदस्य तपेश्वर महतो शामिल हुए। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व सांसद स्व विनोद बिहारी महतो का जयंती मनाया। तिवारी महतो ने 29 सितंबर से लेकर 1 अक्टूबर तक पार्टी द्वारा तीन दिवसीय महाधिवेशन को लेकर पूरजोर तैयारी करने के साथ 27 सितंबर मुरपा तरवाटाँड़ में विधानसभा स्तरीय बुढ़ाकरमा झुमर प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चर्चा की। मौके पर जगदीश आडवाणी, दूबराज महतो, प्रभुदयाल महतो, शिवशंकर महतो, संदीप मोदी, नरेश प्रसाद,ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद थे।

## हरवे में बसंती चुनी गयी सेविका



**कुजू।** राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरवे में मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा उत्तरी पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका चयन को लेकर शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस बीच मांडू सीडीपीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में हो रहे ग्राम सभा में पांच आवेदिका क्रमशः सुलेखा कुमारी, आरती हेंब्रम, शकुंतला देवी, सुबासो कुमारी, बसंती कुमारी ने अपना फॉर्म भरकर जमा किया। इस बीच सर्वसम्मति से बसंती कुमारी को आंगनबाड़ी के सेविका के लिए चयन किया गया। मौके पर दंडाधिकारी के रूप में लघु सिंचाई प्रमंडल विभाग रामगढ़ के शुभम चंद्र पटेल, मुखिया सरोज कुमारी, सुल्ताना परवीन,शक्ति कुमार महतो, एएनएम भारती कुमारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नंदकिशोर बने दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**रजरप्पा।** बड़कीपोना स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार रात स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इसके लिए कमेटी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से नंदकिशोर राम दांगी को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा सचिव रामविलास राम दांगी, उपाध्यक्ष भयहरण राम दांगी, सह सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार एवं नवल किशोर राम दांगी को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मौके पर पंसस शम्भु कुमार, वेदप्रकाश वर्मा, संतोष कुमार, कृष्ण मुरारी, तिलकनाथ महतो, भोला कुमार, सुबोध कुमार, जगरनाथ महतो, राजु कुमार, मिथुन कुमार, प्रीतम कुमार, दिनेश, अंकित, संजय कुमार, शिशुपाल, विशाल सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## हरे राम, हरे कृष्णा से गूंजा कुजू



**कुजू।** नगर परिषद क्षेत्र के बजरंग क्लब भरेचनगर सांडी द्वारा राधा अष्टमी को लेकर आयोजित 48 घंटे का अखंड हरिकीर्तन के दूसरे दिन हरे राम, हरे कृष्ण के मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र गुंजयमान होने के साथ भक्तिमय हो गया है। आयोजित यह अखंड हरी कीर्तन रविवार को भंडारे के साथ संपन्न होगा। इधर मंडप परिसर में समिति द्वारा स्थापित किए गए विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं।

## गांधी उच्च विद्यालय में लगा दांत जांच शिविर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सनसाइन डेंटल केयर पतरातू उचरिंगा के सौजन्य से शनिवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में दंत जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. पुष्पांजली (बीडीएस) ने करीब 300 छात्र-छात्राओं और 50 ग्रामीणों का दंत जांच की। साथ शिविर में पाये गये मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण करते हुए डॉ. पुष्पांजली ने उचति परामर्श भी दिया। इस दौरान डॉ. पुष्पांजली ने बच्चों के कक्षाओं में जा-जाकर दांतों को स्वस्थ्य रखने की तरीके से बेहतर स्वास्थ्य के लिए क्या करना चाहिए इसकी भी जानकारी दी। मौके पर प्रधानाध्यापक कैलाश राम ने कहा कि हमारा विद्यालय पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी पूरा ख्याल रखता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है, इसलिए बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और उन्हें हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। शिविर को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक कैलाश राम, शिक्षक अशोक मिश्रा, मिंटू विश्वकर्मा, बलबीर, निक्की, उषा, वीणा, रेखा, समाज सेवी मेराज अंसारी सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

# गोवर्धन पूजा में शामिल हुए सदर विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**जल्द होगा तलाब का गहरीकरण : जायसवाल**



**कटकमसांडी।** प्रखंड के अन्तर्गत ब्रगड्डा के राधाकृष्ण मंदिर में गोवर्धन पूजा के साथ अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के प्रांगण मे पुजारी श्री निवास पांडेय, परदीप पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, अरुण पांडेय,भगीरथ यादव, रघुनंदन यादव, लोकनाथ यादव, रामसहाय यादव, जयराम यादव, सीताराम यादव,जमुना यादव, सरजू यादव, जुगेश्वर यादव, राजेश यादव, बुधन यादव, बेजू यादव, इन सभी लोगों के नेतृत्व में महिला संकीर्तन मंडली की समूह सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर अन्नकूट का भंडारा, जिसमें, खीर, पूरी, सब्जी सहित अन्य व्यंजनों का भंडारा लगाया गया। विधायक श्री जयसवाल ने बताया कि पूजा अर्चना करने से मन प्रसन्न होता है। साथ साथ ग्रामीणों के द्वारा तलाव गहरीकरण के लिए सदर विधायक के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मामला में श्री जायसवाल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि जितना जल्द हो इस तलाब का गहरीकरण किया जाएगा। मौके पर सदर विधायक के विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुमन राय, लुपुंग पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रविदास, युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक मेहता सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# तीरंदाजी में लपंगा की तमन्ना ने जीता गोल्ड

**मुख्यमंत्री खेलो झारखंड में अंडर-14 में तमन्ना वर्मा बनीं चैंपियन**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रांची के होटवार खेलगांव में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय मुख्यमंत्री के खेलो झारखंड तीरंदाजी के अंडर-14 स्टेट चैंपियनशिप में भदानीनगर क्षेत्र के लपंगा कॉलोनी निवासी शेखर वर्मा व रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

सौंदा डी हाई स्कूल के 9वीं की छात्रा तमन्ना वर्मा ने प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियन बनने का गौरव पाया है। स्कूल द्वारा पहले प्रखंड में फिर जिला में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच रांची के खेलगांव में खेला गया। जिसमें झारखंड के सभी जिलों से 4 खिलाड़ी होटवार में 21 से 23 सितंबर तक तीरंदाजी अंडर-14 स्टेट चैंपयनशिप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले की लपंगा निवासी तमन्ना वर्मा 651 प्वाइंट प्राप्त कर पहले स्थान पर रही। वहीं एसकेडी की बासमती चट्टार 428 प्वाइंट के साथ दूसरे व रांची की आंचल 161 प्वाइंट लेकर तीसरे स्थान पर रही। तमन्ना ने कहा कि ओलंपिक का हिस्सा बनकर तीरंदाजी प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतना मेरा लक्ष्य है। तमन्ना की सफलता पर एकाडमी के कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो, मुकेश आर्यन, प्रधानाध्यापक अनुज खत्री, अरशद, उमेश मेहता, रामकृष्ण शर्मा, अंजू शर्मा, हर्ष शर्मा, विक्की सरकार, सुशांत बनर्जी, बितलु शर्मा समेत अन्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## अदाणी फॉउंडेशन ने 70 टीबी मरीजों को दिया पोषण किट

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिए 70 नए टीबी मरीजों के बीच चौथे चरण का पोषण किट वितरित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार को पोषण किट दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन लगातार टीबी के मरीजों के लिए पोषण किट मुहैया करा रहा है। इसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है। उन्होंने मरीजों से इन पोषण किट के सेवन की अपील की और कहा कि टीबी के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। श्री कुमार ने ग्रामीणों से जरा सा भी लक्षण पता चलने पर टीबी की जांच तुरंत करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का इलाज है,उन्होंने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन का पोषण किट गुणवत्तापूर्ण है इसकी मात्रा भी बेहतर है। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फॉउंडेशन ने गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी के अधिकतर मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

## नेशनल डिसेबल क्रिकेट टी-20 में बबन का चयन



**रामगढ़।** तीसरे नेशनल डिसेबल क्रिकेट टी 20 क्रिकेट चैंपियनशिप 28 सितंबर से राजस्थान के उदयपुर में शुरू होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेने के लिए पहुंच चुकी हैं। इस चैंपियनशिप में भाग लेने पहुंची झारखंड की टीम में रामगढ़ जिला के कुरूम निवासी बबन सिंह भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टीम में उनका चयन बतौर ऑल राउंडर किया गया है। बबन ने बताया कि इस चैंपियनशिप के लिए झारखंड की टीम की संभावनाएं काफी अच्छी हैं। क्योंकि टीम के खिलाड़ी काफी प्रतिभावान हैं। बताया कि चैंपियनशिप 28 से आरंभ हो रहा है। जिसके लिए झारखंड की टीम ने पूरी तैयारी की है।

## आचार्य चयन वर्ग प्रशिक्षण संपन्न

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एकल अभियान रामगढ़ अंचल के तत्वावधान में 20 सितंबर से भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में चल रहे तीन दिवसीय आचार्य चयन वर्ग का शुक्रवार को समापन हुआ। चयन वर्ग के अंतिम दिन भाग समिति, अंचल समिति एवं भुरकुंडा संच समिति की उपस्थिति में समापन समारोह का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया। चयन वर्ग में भिन्न-भिन्न पतरातू, माण्डू, गोला एवं बरलंगा प्रखंड के 40 गांव से चयनित 40 की संख्या में आचार्यगण उपस्थित हुए। इस तीन दिन के वर्ग में प्रतिदिन सात अर्थात 21 सत्र का प्रतिपादन किया गया।

## सांसद ने महिलाओं से किया संवाद



**हजारीगबाग।** सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने शुक्रवार को हजारीबाग स्थित अटल भवन में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं से संवाद किया। नारी-शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलाएं बेहद खुश हैं। इस बैठक में इस अधिनियम समेत अनेक संगठनात्मक व निजी विषयों पर चर्चा की गयी। महिलाओं ने इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व अपने सांसद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम बेहद प्रसन्न हैं कि जयंत सिन्हा ने अपना मत देकर इस अधिनियम को और मजबूती प्रदान की। हजारीबाग लोकसभा की महिलाओं को अपने सांसद पर गर्व है। इसके साथ ही महिला कार्यकर्ताओं ने जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष बनाये जाने पर हार्दिक बधाई दी। जयंत सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार नारी सशक्तिकरण को निरंतर बढ़ावा दे रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसका प्रमाण है। मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए कार्यरत हूं।

## एसडीओ ने की वाहनों की चेकिंग

**रामगढ़।** अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन के नेतृत्व में शुक्रव्रार रात वाहन जांच अभियान चलाते हुए रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान मोटरयान अधिनियम 1988 के अंतर्गत विभिन्न धाराओं का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से कुल 41950 रुपए की जुर्माना राशि वसूली गयी। इस दौरान वाहन चालकों से फिटनेस, टैक्स, इंश्योरेंस, प्रदूषण आदि दस्तावेजों की जांच की गई। इस दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी द्वारा यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां चालकों को दी गई। साथ ही अभिभावकों को नाबालिक बच्चों को किसी भी हालत में वाहन न चलाने देने की अपील करते हुए यातायात नियमों का उलंघन करने वालो को भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत गई। एसडीओ ने बताया कि बाइक एक्सीडेंट होने पर चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी चोट लगती है, इसलिए चालक एवं सवारी दोनों को हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे किसी भी हालत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को दो पहिया वाहन ना चलाने दे। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं को कम करने के मद्देनजर जिले भर में वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## सांसद की पहल पर सड़क पर डाला गया गिट्टी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के पहल पर एसएचएजे (स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड) के एग्जीक्यूटिव की ओर से मतकमा चौक से चुटूपालू तक बनने वाले सड़क के लादी मोड़ के पास शुक्रवार को जर्जर सड़क पर मिक्स गिट्टी डालकर क्षेत्र के परेशान ग्रामीणों एवं राहगीरों को तत्काल राहत देने का कार्य किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने बताया कि पूर्व में भी सांसद जयंत सिन्हा द्वारा दिशा की बैठक में भी सड़क के मुद्दे को गम्भीरता पूर्वक उठाया गया था। साथ ही सड़क के निर्माण में धीमी गति को लेकर स्टेट हाईवे अथॉरिटी आूफ झारखंड के एग्जीक्यूटिव को भी बोला गया है कि जितनी जल्दी हो सके निर्माण कार्य में तेजी लाया जाए। ताकि आम ग्रामीण और राहगीरों को आवागमन में असुविधा न हो। श्री दांगी ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा ग्रामीणों की सुख-दुख का पूरा ख्याल रखते हैं। यही कारण है की ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए उन्होंने जर्जर सड़क पर मिक्स गिट्टी डालकर क्षेत्र के परेशान ग्रामीणों को राहत पहुंचाने का काम किया है।

# सड़क नहीं बना तो चुनाव का करेंगे बहिष्कार ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मतकमा चौक चिकोर से कोड़ी तक जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने सीएम, सांसद व विधायक का फूंका पुतला**



**भदानीनगर (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत मतकमा चौक चिकोर से कोड़ी तक जर्जर सड़क निर्माण में देरी होने को लेकर ग्रामीण महिला-पुरूषों सहित स्कूली बच्चों में आक्रोश का माहौल है। जर्जर से तंग आकर दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने शनिवार को फंडामेंटल स्कूल के समीप विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों केन्द्र एवं राज्य सरकार सहित स्थानीय नेता व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व बड़कागांव विधायक अबा प्रसाद का पुतला भी दहन किया। ग्रामीणों ने कहा कि 2024 की चुनाव से पूर्व सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में दिलीप दांगी, दुर्गा चरण प्रसाद, पंकज कुमार, अनिरुद्ध महतो, प्रभु, सत्यनारायण महतो, पालेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो, गणेश महतो, कृष्णा, बैजनाथ, लीलावती देवी, सुमन देवी, गीता देवी, तीजा देवी, मनीता देवी, डिलसी देवी सहित दर्जनों ग्रामीण महिला-पुरूष शामिल थे।

मालूम हो की इसी सड़क से प्रतिदिन दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीणों व विद्यार्थियों का आना-जाना होता है। मतकमा चौक से पाली गांव तक सड़क में इतने गड्ढे हैं कि लोग गिनती भी भूल जाएं। बरसात के दिनों में तो इन सड़कों की स्थिति इतनी बदतर हो जाती है की पता ही नहीं चलता की गड्ढा में सड़क है की सड़क में गड्ढा। कई बार सड़क पर बड़े गड्ढे में पानी भरें होने के कारण लोग बीच सड़क पर ही गिर जाते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि हमेशा सुनने को मिलती है की जल्द से जल्द सड़क का निर्माण हो जायेगा। लेकिन सड़क निर्माण का कार्य ज्यों का त्यों है। विरोध कर रही महिलाओं ने कहा जर्जर रोड के कारण कोई भी रिस्तेदार यहां आना नहीं चाहते हैं और कोई नया रिस्ता-नाता जोड़ना नहीं चाहते। मामले को लेकर पतरातू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता जाम स्थल पर पहुंच ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का काम किया। साथ ही बीडीओ श्री गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ घंटो वार्ता कर जाम हटाने की बात कही।

एक नजर में

## शिक्षकों की कमी से पढ़ाई बाधितः विजय यादव



**बरही।** मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित ज्ञापन देते हुए बताया कि मलकोको पंचायत में मॉडल स्कूल की स्थापना होने से शिक्षा जगत के अलावे स्थानीय लोगों को काफी उम्मीद जगी थी।परंतु विद्यालय में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों के पठन पाठन में परेशानियां उत्पन्न हो गयी है मुखिया विजय यादव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि मॉडल स्कूल में जल्द से जल्द पांच शिक्षको की प्रतिनियुक्ति की जाए। जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि बहुत जल्द शिक्षको को भेजा जाएगा। इतना ही नही मुखिया श्री यादव ने बताया कि विद्यालय के खुलने से स्थानीय बच्चें व लोगों को काफी उम्मीद है कि अब यहां के बच्चे पढ़ लिखकर बड़े पदाधिकारी बनकर क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे।

## दीपांकर श्रीज्ञान को दी गयी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** झारखंड प्रसासनिक सेवा के अधिकारी दीपांकर श्रीज्ञान वर्तमान पदस्थापन संयुक्त सचिव झारखंड भवन न्यू दिल्ली का आकस्मिक निधन शनिवार सुबह को प्रातः 5 बजे हो गया। उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान नई दिल्ली में अंतिम सांस ली। उपायुक्त के समाहरणालय सभागार में दिवंगत दीपांतर श्रीज्ञान के आकस्मिक निधन को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सदर अनुमंडल अधिकारी विद्याभूषण कुमार ने कहा कि श्रीज्ञान का आकस्मिक निधन अत्यंत दुखद वा पीड़ा दायक है, उनका निधन एक अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें या पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करें। इस मौके पर अपर समाहर्ता राकेश रोशन, भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, नजारत उपसमाहर्ता डेविड बलिहार, बरही बीडीओ सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मीगण मौजूद थे।

## चुरचू पश्चिमी ग्राम जलापूर्ति योजना का उद्घाटन

**चरही।** चुरचू पश्चिमी ग्राम जलापूर्ति योजना के तहत पेय जल सुविधा केंद्र का उद्घघाटन बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो,उपमुखिया शिवचंद मुर्मू,कनीय अभियंता दिनेश एक्का और वार्ड सदस्य आशा मुनि देवी ने 45 कांटा स्थित संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। श्री महतो ने कहा कि सुविधा केंद्र को खोले जाने से यहां के लोगों के लिए जल से संबंधित समस्याओं का समाधन समय पर हो सकेगा।इस मौके पर समाज सेवी शंकर सिंह भक्ता,एफपीसी सुमित्रा देवी,सबीना हेम्ब्रोम सहित चरही, चनारो, इंद्रा के जल सहिया, सभी पंचायत के मुखिया तथा सिनी,टाटा ट्रस्ट,सपोर्ट के पदाधिकारी और एजेंसी के लोग शामिल थे।

## एक्सपोजर विजिट के लिए प्रखंड प्रमुख का चयन

**चरही।** झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग ने विशेष आवश्यकता के उद्देश्य से राज्य के विभिन्न प्रखंडों के जनप्रतिनिधियों को राजस्थान के एक्सपोजर विजिट के लिए चयन किया गया है।राज्य सरकार द्वारा जारी सूची में हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं दारू प्रमुख कुमारी स्वेता,बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी,चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी,सदर वीणा देवी चयनित किये गए हैं। सूची में 26 से 30 सितंबर 2023 तक चयनित प्रखंड प्रमुखों को राजस्थान का एक्सपोजर विजिट निर्धारित किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार राजस्थान में प्रखंड स्तर पर हुए विशेष कार्यों से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाएगा।इसके बाद झारखंड पंचायती राज्य विभाग राज्य स्तर पर इसका लाभ लेगी। चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं दारू प्रमुख कुमारी स्वेता, बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, चलकुशा प्रमुख नीतू कुमारी,सदर और सदर वीणा देवी को चयनित किये गए प्रमुखों को क्षेत्र वासियों ने बधाई दी है।

## चुरचू से गिरिडीह के लिए पायल ट्रेवल्स शुरू

**चुरचू।** शनिवार को चुरचू से सरिया-बगोदर के लिए शनिवार से यात्री बस पायल ट्रेवल्स शुरू हो गया है। जिसका विधिवत उद्घघाटन चुरचू प्रखंड के उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,पूर्व उप प्रमुख दुर्योधन महतो ,समाजसेवी महफूज खान व किमो मुखिया जालेश्वर महतो ने संयुक्त रूप फीता काट कर किया। बस के संचालक महेंद्र महतो ने बताया कि चुरचू से सुबह 8 बजे निकलेगी और सरिया से दोपहर 1 बजे निकलेगी । साथ ही यह भी कहा कि गाड़ी चुरचू, टूटकी,किमो चोय,टाटीझरिया,बिष्णुगढ़ होते हुए सरिया पंहुचेगी। उप प्रमुख संजय कुमार सिंह ने कहा की चुरचू से गिरिडीह क्षेत्र जाने वाले यात्री के लिए काफी राहत मिला है। मौके पर कामेश्वर राम, नुनु मेहता, टेकलाल महतो, नरेश महतो, भीम महतो, प्रकाश महतो,शौकत मिया, तापेश्वर यादव, प्रकाश महतो समेत कई लोग शामिल थे।

## विनोद महतो के 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**विष्णुगढ़।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने विनोद महतो के 100 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि विनोद बाबू झारखंड के इतिहास के जनक थे। उस समय टेकलाल महतो की नेतृत्व में विष्णुगढ़ के युवा झारखंड अलग राज्य के लिए आंदोलन में शामिल थे। आंदोलन में कई लोगों ने अपनी शहादत दी। विनोद बाबू तथा टेकलाल महतो के नेतृत्व में विष्णुगढ़ प्रखंड में शिवाजी समाज का गठन कर सामाजिक सुधार का भी कार्य किया गया था। पूरे झारखंड में विनोद बाबू तथा टेकलाल महतो के कार्य आज भी प्रासंगिक हैं। वे दोनों शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए लोगों को शिक्षित देखना पसंद करते थे। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालों में महामंत्री गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी, समेत कई लोग शामिल है।

## अंडर-19 वॉलीबॉल में कस्तूरबा बना चैंपियन

**बड़कागांव।** खेलो झारखंड 2023-24 में अंडर 19 बालिका वॉलीबॉल में बड़कागांव कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए गुमला जिला को हराकर झारखंड चैंपियन बनीं। कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय बड़कागांव खेलो झारखंड 2023-24 के तहत बड़कागांव प्रखंड स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 8 सितंबर 2023 को विजय हुई। तत्पश्चात जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 13 सितंबर 2023 को चालकुशा प्रखंड को हराकर जिले का विजेता बनीं। इसके बाद झारखंड राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 23 सितंबर 2023 को गुमला जिला को हराकर झारखंड विजेता बनीं। यह जानकारी कस्तूरबा की वार्डेन लीलावती एवं लेखापाल राजकुमार साहू ने संयुक्त रूप से दी।

## श्राद्धकर्म के लिए दिए 40 हजार रुपये



**चरही।** इंद्रा पंचायत के ग्राम 15 माइल में स्थापित चिंतपूर्णी स्टील स्पंज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूर कार्य करने के दौरान क्षत के ऊपर से गिर गए थे, जिससे घायल हुए थे। कंपनी की मदद से बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया गया था। कर्मी खेदन महतो की मौत 22 सितंबर को घर पर हो गई थी। परिजनों ने शव के लेकर फैक्ट्री गेट के समीप पहुंचकर नौकरी और मुआवजे की मांग करने लगे थे। चरही पुलिस ने मृतक के परिजनों को काफी देर तक समझाने बुझाने के बाद प्रबंधन ने मृतक के एक आश्रित को नौकरी तथा 6 लाख रुपए मुआवजा देने की बात कही। वर्तमान में प्रबंधन के द्वारा मृतक की पत्नी सुगनी देवी,बड़ा पुत्र टिकेश्वर महतो और छोटा पुत्र अनिल महतो को श्राद्धकर्म के लिए 40 हजार रुपये नगद दिया गया। सहयोग करने में इंद्रा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,वार्ड सदस्य चंद्रदेव महतो,समाज सेवी गोपाल महतो,राजेंद्र महतो और किशुन महतो,फैक्ट्री के सीनियर मैनजर सीएम सिंह की अहंम भूमिका रही है।

# प्रकृति का अर्थ सिखता करमा

## चंद्रमा की 11 कलाओं पर आधारित है करम पर्व



**एक** और बड़े पैमाने पर मनाया जाने वाला त्यौहार करम है जो भद्रा महीने में चंद्रमा की कलाओं के 11 वें दिन आयोजित होता है। यह यौवनऔर युवाओं का त्यौहार है। गांवों के युवा जंगल में आपस में मिलते हैं, जहां वे नृत्य करते हैं, गाना गाते हैं एवं करम देवता के नाम से जाने वाले देवता की पूजा के लिए फल और फूलों को एकत्रित करते हैं। शाम को, जब पूजा खत्म हो जाती है उसके बाद रात भर नृत्य और गायन करते हैं। पूरा पठार युवतियों के नृत्य, भावनात्मक गीत और किशोरों की खुशी के साथ गूंजने लगता है। यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण और जीवंत युवा उत्सव का एक दुर्लभ उदाहरण है। साथ ही, अविवाहित लड़कियां जवा त्यौहार मनाती हैं, जिसमें अपनी तरह का नृत्य और गीत होता है। यह मुख्य रूप से प्रजनन क्षमता और बेहतर घर की अपेक्षा के साथ आयोजित किया जाता है। अविवाहित लड़कियां अंकुरित बीज के साथ एक छोटी टोकरी सजाती हैं ऐसा माना जाता है कि अनाज के अच्छे अंकुरण लिए की गयी पूजा प्रजनन क्षमता में भी वृद्धि करेगी। लड़कियां 'बेटा' के प्रतीक के रूप करम देवता को हरा खरबूज भी देती हैं। यह मनुष्यों की आदिकालीन अपेक्षा (अनाज और बच्चे) को दर्शाता है ।

**र्मा पूजा** पर्व आदिवासी समाज का प्रचलित लोक पर्व है इस त्यवहार में एक विशेष नृत्य किया जाता है जिसे कर्मा नृत्य कहते हैं । यह पर्व हिन्दू पंचांग के भादों मॉस की एकादशी को झारखण्ड, छत्तीसगढ़, सहित देश विदेश में पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इस अवसर पर श्रद्धालु उपवास के पश्चात करमवृक्ष का या उसके शाखा को घर के आंगन में रोपित करते है और दूसरे दिन कुल देवी देवता को नवान्न देकर ही उसका उपभोग शुरू होता है। कर्मा नृत्य को नई फसल आने की खुशी में लोग नाच गा कर मनाया जाता है।

कर्मा नृत्य छत्तीसगढ़ और झारखण्ड की लोक-संस्कृति का पर्याय भी है।

छत्तीसगढ़ और झारखण्ड के आदिवासी और गैऱ-आदिवासी सभी इसे लोक मांगलिक नृत्य मानते हैं। कर्मा पूजा नृत्य, सतपुड़ा और विंध्य की पर्वत श्रेणियों के बीच सुदूर गावों में विशेष प्रचलित है। शहडोल, मंडला के गोंड और बैगा एवं बालाघाट और सिवनी के कोरकू तथा परधान जातियाँ कर्मा के ही कई रूपों को आधार बना कर नाचती हैं। बैगा कर्मा, गोंड़ कर्मा और भुंइयाँ कर्मा आदि वासीय नृत्य माना जाता है। छत्तीसगढ.के लोक नृत्य में 'करमसेनी देवी' का अवतार गोंड के घर में हुआ ऐसा माना गया है, एक अन्य गीत में घसिया के घर में माना गया है।

### उपवास

कर्मा की मनौती मानने वाले दिन भर उपवास रख कर अपने सगे-सम्बंधियों व अड़ोस पड़ोसियों को निमंत्रण देता है तथा शाम को कर्मा वृक्ष की पूजा कर टँगिये कुल्हारी के एक ही वार से कर्मा वृक्ष के डाल को काटा दिया जाता है और उसे ज़मीन पर गिरने नहीं दिया जाता। तदोपरांत उस डाल को अखरा में गाड़कर स्त्री-पुरुष बच्चे रात भर नृत्य करते हुए उत्सव मानते हैं और सुबह पास के किसी नदी में विर्सिजत कर दिया जाता हैं। इस अवसर पर एक विशेष गीत भी गाये जाते हैं-

**उठ उठ करमसेनी, पाही गिस विहान हो।**
**चल चल जाबो अब गंगा असनांद हो।।**

कहा जाता है कर्मा धर्मा दो भाई था दोनों बहुत मेहनती व दयावान थे कुछ दिनों बाद कर्मा की शादी हो गयी उसकी पत्नी अधर्मी और दूसरों को परेशान करने वाली विचार की थी। यहाँ तक की वह धरती माँ के ऊपर ही माड़ पैसा देदी थी जिससे कर्मा को बहुत दु?ख हुआ। वह धरती माँ के पीरा से बहुत दुखी था और इससे नाराज होकर वह घर से चला गया। उसके जाते ही सभी के कर्म किसमत भाग्य चला गया और वहां के लोग दुखी रहने लगे।

धर्मा से लोगों की परेशानी नहीं देखी गयी और वह अपने भाई को खोजने निकल पड़ा। कुछ दूर चलने पर




उसे प्यास लग गयी आस पास कही पानी न था दूर एक नदी दिखाई दिया वहां जाने पर देखा की उसमे पानी नहीं है। नदी ने धर्मा से कहा की जबसे कर्मा भाई यहाँ से गए हैं तबसे हमारा कर्म फुट गए है यहाँ का पानी सुख गया है , अगर वे मिले तो उनसे कहा देना। कुछ दूर जाने पर एक आम का पेड़ मिला उसके सारे फल सड़े हुवे थे, उसने भी धर्म से कहा की जब से कर्मा गए है तब से हमारा फल ऐसे ही बर्बाद हो जाते है अगर वे मिले तो उनसे कह दीजियेगा और उनसे उपाय पूछ कर बताईयेगा।

### प्रकृति के प्रति सर्मिपत है

धर्म वहां से आगे बढ़ गया आगे उसे एक वृद्ध व्यक्ति मिला उन्होंने बताया की जबसे कर्मा यहांसे गया है उनके सर के बोझ तबतक नहीं उतरते जबतक 3-4 लोग मिलकर न उतारे सो यह बता कर्मा से बता करा निवारण के उपाय बताना । धर्म वहाँ से भी आगे बढ़ गया आगे उसे एक महिला मिली उसने बताई की कर्म से पूछ कर बताना की जबसे वो गए हैं खाना बनाने के बाद बर्तन हाथ से चिपक जाते है सो इसके लिए क्या उपाय करें। धर्म आगे चल पड़ा, चलते चलते एक रेगिस्तान में जा पहुंचा वहां उसने देखा की कर्मा धुप व गर्मी से परेशान है उसके शरीर पर फोड़े परे हैं और वह ब्याकुल हो रहा है।

भादो महीने में जब वर्षा और शरद ऋतु का मिलन होता है तो चारों ओर हरियाली रहती है। इसी समय लौहनगरी सहित पूरे झारखंड में उल्लास के साथ प्रकृति की पूजा का पर्व करम मनाया जाता है। भादो का महीना शुरू होते ही यहा के आदिवासी मूलवासी समुदाय करम महोत्सव मनाने की तैयारियों में जुट जाते हैं। आदिवासी व मूलवासियों द्वारा मनाए जाने वाले इस पर्व में बहनें उपवास करती हैं। करम पूजा के एक दिन पहले जागरण के दिन व्रत रखने वाली युवतियां स्नान करने नदी जाती हैं। इस दौरान नई टोकरी में नदी का स्वच्छ महीन बालू भर लाती हैं। घर व आगन को लेप-पोत कर पीढा सजाई जाती है।

### टोकरी में जावा सजाकर होता जागरण

युवतियां आखड़ा मे बालू भरी टोकरी यानि जावा स्थापित करती हैं। जावा में कुल नौ प्रकार के अन्न के दाने होते हैं। इसमें धान, गेंहू, चना, मटर, मकई, जौ, बाजरा, उरद शामिल होते हैं। इसको बालू में मिला कर हल्दी पानी से सींचा जाता है। चारों ओर बहनें गोलाकार जुड़ कर जावा जगाने का गीत गाती व नृत्य करती हैं। टोकरी में चुड़ा, खीरा, आरवा चावल के साथ एक दीप रख दी जाती है। इसे कच्चु के पत्ते से ढंका जाता है। इस दौरान करम वृक्ष की डालिया अखड़ा या आगन में गाड़ कर अराधना की जाती है।

### आखड़ा में पहान से सुनते करम कथा

करम पर्व पर सभी लोग आखड़ा में पहान से करम कथा सुनते हैं। फिर अखड़ा में युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक रूप से करमगीत और नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं। करम कथा और करम गीत में कई अलग-अलग कहानिया प्रचलित हैं, लेकिन सभी में कर्म प्रधानता और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया है।

### पूजा के बाद खेत में गाड़ते करम डाली

पूजा के बाद करम डाली को खेत में गाड़ दिया जाता है, ऐसा माना जाता है कि इससे फसल सुरक्षित रहता है और पैदावार अधिक होती है। करम त्यौहार कृषि और प्रकृति से जुड़ा है, जिसमें परिवार की सुख समृद्धि के साथ फसलों की अधिक पैदवार के लिए प्रकृति से अराधना की जाती है। करम, कर्म पर आधारित त्यौहार है, इसे भाई-बहन के निश्छल प्यार के रूप में भी उल्लेखित किया जाता है।



## कर्म, धर्म पर आधारित व प्रकृति से जुड़ा हो

**मू**ल वैचारिक- प्रारूप किसी एक व्यक्ति की बौद्धिक उपज नहीं अपितु सारे समाज का भौगोलिक एवं एतिहासिक पृष्ठभूमि पर यथार्थ का, समष्टिगत अनुभव, विश्लेषण एवं जीवन के दिशा निर्देशन का परिणाम है, किसी भी समाज की संस्कृति, इन्हीं मूल विचारों (जीवन के दर्शन) द्वारा निर्धारित होती है। किसी भी समाज की संस्कृति उस समाज के जीवन झ दर्शन का दर्पण है जो मानवीय संबंधों को प्रतिविम्बित करता है।

करम कथा के आधार पर आदिवासी संस्कृति के निम्नलिखित मूलभूत वैचारिक प्रारूप है।

**1. ईश्वर 2. आत्माएं 3. प्रकृति 4. जाति 5. यूगान्तक प्रत्याशा ईश्वर (धर्मेस)**

धर्मेस, सिंगबोंगा, पोनोमेसोर, ठाकुर जी, ईश्वर के विभिन्न जातिगत नाम है जो क्रमशः उरांव, मूडा, खड़िया और संथाल जातियों द्वारा व्यवहृत किए जाते हैं। ये उस अस्तित्व (शक्ति) के व्यक्तिवाचक नाम है जो समस्त सृष्टि का सर्जक, पालक, और अंतिम लक्ष्य मन जाता है। ईश्वर ही सम्पूर्ण जड़ चेतन के अस्तित्व का अर्थ है। आदिवासी मिथकों में ईश्वर को एक अनुभवी बुजुर्ग (आज्जो) के रूप में चित्रित किया गया है जो निहायती अंतरंग मानवीय संबंध का बोधक है। ईश्वर का यह मानवीय रूप जाति के पारिवरिक संबंध को इंगित करता है। जैसे एक दादा (आजा) का संबंध अपने नाती-पोतों से रहता है वैसे ही ईश्वर समस्त सृष्टि, विशेष कर मानव जाति का 'आजा' बनकर अपने बच्चों की हंसी- खुशी में उम्र जनित भेद मिटाकर सम्मिलित होता, उनकी गलती,बदमाशी, चुहलबाजी या स्वार्थ को नजरअंदाज कर सदैव उनके हित की सोचता। उन्हें प्यार और भाईचारे में रहना सिखाता जीवन की हर परिस्थति में उनका मार्गदर्शन करता, उनकी हित की हर परिस्तिथि में उनका मार्गदर्शन करता, उनकी कार्य- कुशलता स्वयं अपनी निगरानी में बढ़ाता, अच्छे- बुरे का ज्ञान देता, पारिवारिक संबंध (पूर्वज, माता- पिता, भाई-बहन) और जातिगत संबंध में उचित संतुलन कायम रखता है।

ईश्वर का प्रारूप मालिक या निरंकुश शासक का नहीं अपितु एक सहचर, हम उम्र दोस्त जैसे है जो जीवन के खेल में मनुष्य जाति का पक्ष लेकर उनको हर कठिनाई का सामना करने के लिए दांव- पेंच सिखाता, उनकी हार-जीत, सूख-दुख में शरीक होता है।

पितृ- प्रधान जाति होने के कारण ईश्वर की प्रकृति पुरूष जैसी है। वो तमाम पुरूषोचित गुण जैसे- प्रज्ञा, प्यार, आदि निहित है। वह नारी और नरी का अद्वैत समीकरण है। आदिवासी ईश मिमांसनूसार ईश्वर मानव रूप लेकर ही प्रकट होता है। असुर कहानी में अपनी शक्ति एवं सम्पन्नता के दर्प से चूर्ण असुरों को सबक सिखाने के लिए ईश्वर 'खसरा-खुसरू' लड़के के वेश में आता है। मानव जाति के साथ सम्पर्क रखने के लिए वे प्रायः सर्वज्ञानी, सर्वशक्ति सम्पन्न, चिरंजीवी बूढ़े के रूप में प्रकट होता है। ईश्वर का प्रारूप, स्वभाव या विशेषता कुछ भी हो वही सारी सृष्टि का आदि और अंत माना जाता है।

### आत्माएं

भौतिक अभौतिक, शक्तियाँ, के मानवीयकृत रूप को आदिवासी 'आत्मा' की संज्ञा देते है । प्रकृति की गोद में पलते-बढ़ते मनुष्य ने इसके अनेक रूप देखे। एक ओर आंधी, तूफान, बाढ़ का प्रलयंकारी तांडव देखा तो दूसरी ओर नित्य नवजीवन से प्रस्फूटित होती वसुंधरा, कल-कल बहते झरनों का सरगम और वन्य जीव जन्तुओं से समृद्ध सांसर को पाया। सूख- दुःख, जीवन- मृत्यु के अंतहीन क्रम के पीछे उसने अद्दशय शक्ति की स्पष्ट छाप देखी। समस्त विश्वमंडल को संचालित करने वाली अद्दशय शक्ति को उसने ईश्वर की संज्ञा दी। इसके अतिरिक्त जड़ चेतन में निहित जीवात्मा को उसने उनकी नैर्सिगक विशेषता के अनुसार दो वर्गों में बांटा जो निम्नलिखित है :-

### हितैषी शक्तियां (आत्माएं)

जीवनदायी शक्ति से अनुप्राणित प्राकृतिक-अप्राकृतिक प्रतीक जो मनुष्य के अस्तित्व की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए उपयोगी है। जैसे- सूर्य, चन्द्रमा, पेड़, नदी, पहाड़, आदि। हितकारी आत्माओं को पुनः दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है झ प्राकृतिक आत्माएं और अप्रकृतिक आत्माएं।

प्रायः सभी जातियां प्रकृति के हर रूप में आत्माओं की उपस्थिति पर विश्वास करती है। अप्रकृतिक आत्माएं मानव चेतना द्वारा निर्मित शक्ति सिद्धांत है। उदाहरणार्थ 'बंढ़दा नाद' सुरक्षा की कामाााााााना से उपजी वह शक्ति (आत्मा) जो गाँव और जाति को हर हानि से बचाती है। सिर्फ 'बड़दा नाद' पुरूष प्रकृति का है। यह सभी आत्माओं पर निगरानी रखता तथा ईश्वर और मनुष्य के बीच मध्यस्थता का काम करता है। मिसका कोई भौतिक या वनस्पतिक रूप नहीं है। गाँव की सीमा से होकर अंदर आते रास्ते पर इसका निवास स्थान है। एक तरह से यह गाँव का सजग प्रहरी है। अनजान, अहितैषी आत्माओं से गाँव की रक्षा करना इसका प्रथम दायित्व है। इसी तरह आत्माएं भी एक विशिष्ट मानसिक प्रवृति की उपज है।

### अहितैषी शक्तियां (आत्माएं)

जिस तरह सूख, भौतिक समृद्धि, **सामुदायिक** सम्पन्नता प्राकृतिक के माध्यम से ईश्वर प्रदत्त वरदान समझ जाते हैं उसी प्रकार दुःख, विपन्नता, मानसिक शारीरिक कष्ट, बीमारी ईश्वर द्वारा स्वीकृत प्रकोप माने जाते है। आदिवासी समाज इन अहितकारी परिणामों का कारण या उदगम झअहितैषी आत्माओं को मानते है। बुरी आत्माओं को भी दो भागों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

### प्राकृतिक और अप्राकृतिक।

अहितैषी प्राकृतिक आत्माओं की उत्पति का वर्णन असुर कहानी में मिलता है। घमंडी असुरों का दर्प चूर्ण करने के बाद ईश्वर जब स्वर्ग की ओर उठने लगे तो असुर स्त्रियों ने उन्हें पकड़ लिया और पुछा। हमें कौन पलेगा? उन्हें झटककर अपने को छुड़ाते हुए ईश्वर ने उत्तर दिया। जाओं जहाँ कहीं भी तुम गिरोगी मानव जाति तुम्हारे आहार का प्रबंध करेगी। इस कथानक द्वारा यह दर्शाने की कोशिश की गयी



### करम संदेश

है कि बुरी आत्माओं को प्रकृति यथोचित आहार या सत्कार न पाने पर ही हानि पहुंचाने की है। उन्हें संतुष्ट रखना प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियों से समझौता करने की भावना है। अच्छाई झ बुराई सूख-दुःख, रोग निरोग जीवन के दो पहलू है। बुरी आत्माओं को शांत रखने की लिए पूजा पाठ या दान-दक्षिण देना भले ही अंधविश्वास समझा जाए प्रकृति से अन्योन्याश्रय संबंध रखना और सूक्ष्म तथा स्थूल दोनों स्तरों पर संबंधों का समन्वय कायम रखना एक संवेदनशील चेतना का प्रमाण है।

अहितकारी प्रकृतिक आत्माओं का कोई मूर्त रूप नहीं होता। यह मनुष्य की असुरक्षा भावना का मानवीयकरण है।

जैसे 'चोरदेवा' 'कद्दू-नाद' आदि का कोई मौलिक अस्तित्व नहीं है। इनकी खुशामद करते रहना किसी प्रकार की भौतिक हानि से बचने केलिए आवश्यकत नहीं है। मूल अर्थ में प्रकृति और मनुष्य के संबंध में ऐसा समन्वय होना चाहिए कि सुख-दुःख, लाभ- हानि, अच्छाई बुराई के बीच उचित संतुलन कायम रहे।

इनके अतिरिक्त आत्माओं की एक और श्रेणी है जिसे मैंने यूगान्तक प्रत्याशा शीर्षक के अंतर्गत श्रेणीबद्ध किया है क्योंकी 'पूर्वजों की आत्माएं' मनुष्य के लौकिक- परलौकिक जीवन - अवस्था से संबंध रखती है।

### जाति

जाति मनुष्य की व्यक्तिगत पहचान है। जाति या समाज के बिना व्यक्ति अपने व्यक्तिगत का समुचित विकास नहीं कर सकता। आदिवासी समाज में किसी व्यक्ति की पहचान उसके व्यक्तिगत प्रतिभा या गुण से कम जाति एवं वंश की विशेषता से अधिक होती है। समाज समष्टिगत पहचान और व्यक्तिगत अस्मिता का प्रारंभिक एवं अंतिम मापदंड है। कूल की समृद्धि समस्त जाति की सूख समृद्धि समझी जाती है, एक परिवार का दुःख झ दर्द सारे गाँव के लिए चिंता का विषय बनता है व्यक्ति की सफलता समूचे खानदान के लिए गर्व का कारण बनता है। समानता, भाईचारा सहयोग, ईमानदारी आदिवासी व्यक्ति विशेष की नहीं सम्पूर्ण जाति के मूल्य सूचक गुण सूचक गुण है।

जाति, कुल, और वंश की सुरक्षा, शुद्धता एवं निरंतरता कायम रखने के लिए पारम्पारिक रीति-रस्म, नियम- कानून और नैतिक मर्यादाओं का पालन पूरी निष्ठा से की जाती है।

**स्रोत : झारखण्ड समाज संस्कृति और विकास/ जेवियर समाज सेवा संस्थान, राँची**

## प्रकृति के कण कण का महत्व



**प्र**कृति और मनुष्य के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है। प्रकृति के बिना मानवीय अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती न मानव रहित सृष्टि का कोई अर्थ हो सकता है। प्रकृति का तात्पर्य समस्त भौतिक अस्तित्व से है। मनुष्य भी प्रकृति, मनुष्य के बा' एवं आन्तरिक स्थिति का दर्पण है। दोनों के बीच इतना गहरा संबंध है कि किसी प्रकार का बा' असंतुलन मनुष्य के आन्तरिक (मानसिक-आत्मिक) समीकरण को प्रभावित किये बिना नहीं रहता। मनुष्य के वैयक्तिक और सामूहिक संबंधों में आया बिखराव संतुलन का बिगाड़ देता है। करम महोत्सव का यही बुनियादी सैद्धांतिक आधार है।आदिवासी दृष्टिकोण से कोई भी प्राकृतिक प्रकोप जैसे महामारी बाढ़ अनावृष्टि आंधी- तूफान मनुष्य द्वारा निष्पदीत- कर्त्तव्य की अवहेलना का परिणाम है। सृष्टि के कण- कण में आत्माओं की उपस्थिति पर विश्वास करना आज के वैज्ञानिक युग में बेहद हास्यापद लगता है किन्तु सभ्य कहलाने वाली मानव जाति ने



पर्यावरण संतूलन की घोर अवहेलना करके पृथ्वी को जीव रहित मरूस्थल बनाने का कूकर्म उससे भी अधिक निंदनीय है। आदिवासी दर्शन सबके लिए एक सबक है। वनों का विनाश, मशीनों, मोटर गाड़ियों, कल- कारखानों से निकलता जहरीला रसायन, खनिज पदार्थों का अंतहीन अवैज्ञाानिक खनन, विशालकाय बांधों का निर्माण करके मनुष्य, जीव जन्तुओं और वनस्पति का सफाया, सृष्टि की हत्या ही नहीं, सृष्टिकर्त्ता की योजना का निरादर करना है। अल्पकालीन स्वार्थ झ पूर्ति के लिए आत्मा-हत्या है। मानवता के विरूद्ध अक्षमनीय अपराध है। करम पर्व के संदेश की महत्ता ऐसी परिस्थिति में और भी बढ़ जाती है।

## स्पीड न्यूज

### इवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने ईवीएम वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, कोषागार पदाधिकारी अनिता थेलमा मिंज, राजनीतिक दलों में भाकपा के दिलीप वर्मा, भाजपा के अमित लोहरा, झामुमो के बालमुकुंद लोहरा, आजसू के विलियम कुजूर व मो शाहिद अंसारी और कांग्रेस पार्टी के प्रदीप विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### चोर पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**गुमला।** लोहरदगा रोड के लूथरन स्कूल के समीप तीन चोरों को लोगों ने चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा, लेकिन दो चोर भागने में सफल रहे। एक को लोगों ने जमकर धुना। फिर गुमला पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार की रात 8:30 बजे मनीष कुजूर के घर में चोर घुस गये थे। जानकारी होने पर घर वालों ने चोरों को पकड़ने का प्रयास किया। मौके से दो चोर फरार हो गये, जबकि एक सिमडेगा के रेंगारी का अनूप टेटे पिता अल्बीनस टेटे पकड़ा गया। पूछताछ में चोर ने एक युवक का नाम ऑस्कर कुल्लू बताया जो टोंगरी टोली सिमडेगा का है।

### बचपन प्ले स्कूल में मना करमा महोत्सव



**गुमला।** बचपन प्ले स्कूल लोहरदगा रोड स्थित और बैंक कॉलोनी दुंदुरिया स्थित प्राइमरी विंग में करमा उत्सव महोत्सव मनाया गया। बच्चे पारंपरिक परिधान में अपनी संस्कृति को अपने में आत्मसात कर बहुत ही खुश लग रहे थे। निदेशक चंद्र शेखर गिरी ने करमा पर्व की शुभकाना देते हुए कहा विद्यालय में हम सभी पर्व त्योहार मनाते हैं ताकि बच्चे विविध भारतीय परंपराओं को अपने में समाहित कर भारतीय के साथ वैश्विक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम में आस्था सिंह, प्रियंका दास, पूनम गुप्ता, प्रज्ञा सिंह, रेखा बड़ाइक, सुचिता, यशोदा, चंदा कुमारी, शाइस्ता नाज, सोनल सिंह, सोनाली सोलंकी, पल्लवी गोस्वामी, खुशी सिंह, मुस्कान, मोनालिसा, अंकिता केसरी, सोनी सिंह आदि थे।

### मोटे अनाज पर कृषि विज्ञान केंद्र ने आयोजित करायी रेसिपी प्रतियोगिता



**गुमला।** कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती विशुनपुर ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष पर आधारित खाद्य पदार्थों पर रेसिपी प्रतियोगिता घाघरा प्रखंड सभागार में की। रेसिपी प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ प्रणव ऋतुराज, उपप्रमुख शिवा देवी,महेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मोटा अनाज व रागी के लड्डू खीर, खजूर, केक खीर सहित कई तरह के खाद्य सामग्री बनाकर लाया गया था। जिसका अतिथियों ने मुआयना किया। बीडीओ ने कहा कि मोटा अनाज से निर्मित खाद्य सामग्री का प्रतियोगिता निश्चित रूप से लोगों को उसके लाभ को सिखायेगा। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक संजय कुमार, अभिनंदन कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### उमवि परसा में मना शिक्षक दिवस



**भरनो।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसा स्कूल में शिक्षक दिवस सह माता-पिता सम्मान समारोह मनाया गया। इसमें अतिथि के रूप में तुरिअंबा मुखिया विनीता एक्का और बीओ शांतिमुन्नी तिर्की शामिल हुई। समारोह में शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान का सम्मान किया गया। ग्राम शिक्षा समिति परसा के अध्यक्ष गुलशाद खान ने खराब चापानल अविलंब ठीक कराने की मांग मुखिया और बीइइओ को लिखित आवेदन शिक्षा विभाग को अग्रसारित हेतु सौंपा। इस समारोह में मीर दुबराज, जाबू फरास, इदरीस खान, गुलफान खान, शेख रैफुल, मीर गुलशाद खान आरीफ, मीर इमरान, मीर गुलजार, मीर अनवर, सफील फरास, मीर तारिक, इरशाद खान, मीर आबिद, साबो फरास, संतू फरास, मीर जन्नतुल सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

### गिरिवर शिशु सदन में पेंटिंग प्रतियोगिता



**लोहरदगा।** आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के 5 वर्ष पूरे होने पर गिरिवर शिशु सदन उच्च विद्यालय में आयुष्मान दिवस मना। मौके पर स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता की गयी, जिसमें वर्ग 6-10 तक के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डीपीसी आयुष्मान श्याम किशोर प्रसाद, जिला को-ऑर्डिनेटर आयुष्मान भारत जय कुमार, डीपीएम नाजिश अख्तर, विद्यालय सचिव चंदन भारती, जयमंती कुमारी, सरस्वती सिंह, अनामिका भारती, आभा कुजूर, काजल साहू, कंचन मेहता, सबिता कुमारी, आशा दास, डोरोथी खलखो थे।

### कल्याण अस्पताल में लगा जांच शिविर

**लोहरदगा।** कल्याण अस्पताल बसारडीह हेसल लोहरदगा में लाइफ केयर हॉस्पिटल बूटी मोड़ रांची के सहयोग से नेत्र रोग जांच एवं मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल ट्रामा सेंटर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल लोहरदगा के सहयोग से स्त्री रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में रांची के डॉ हेमलता भारती नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं आप्थाल्मिक अस्सिटेंट भरत कुमार ने 34 नेत्र रोगियों की जांच कर दवा दी।

# 50 लाख के ब्राउन शुगर के साथ बाप-बेटा गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में सक्रिय ब्राउन शुगर तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने करीब 50 लाख रुपए के ब्राउन शुगर के साथ बाप-बेटा को गिरफ्तार किया है। चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित गिद्धौर थाना पुलिस ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर तस्कर बाप-बेटा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर थाना क्षेत्र के बजरंगबली मुहल्ला निवासी राजदेव दांगी और उसका पुत्र रोहित राज शामिल है। गिरफ्तार तस्करों के घर से पुलिस की टीम ने 515 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया है। एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि एसपी को लगातार गुप्त सूचना प्राप्त हो रही थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के राजदेव दांगी ब्राउन शुगर का कारोबार व्यापक पैमाने पर कर रहा है। वहीं इसका संबंध अंतरराज्यीय तस्करो के साथ भी है। 22 सितंबर को एक गुप्त सूचना मिली की राजदेव दांगी अवैध ब्राउन शुगर खरीद कर कटकमसांडी के रास्ते गिद्धौर पहुंच रहा है।

इस सूचना का सत्यापन व आवश्यक कारवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व मे एक छापामारी दल को भेजा गया था। टीम ने गिद्धौर से छापामारी करते हुए दो व्यक्ति को अवैध ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 515 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध मे गिद्धौर थाना कांड सं0-66/23 दिनांक- 23.09.2023, धारा- 21/22/27 (अ)/28/29 ठउद्धर अू३. के तहत दर्ज किया गया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तो को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल अन्य लोगो के विरूद्ध गहन अनुसंधान और छापमारी की जा रही है।

छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावे गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव, एसआई अशोक कुमार पाण्डेय और थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### देसी पिस्टल और गोली के साथ दो गिरफ्तार

**धनबाद।** गोविंदपुर जीटी रोड जोड़ा पीपल के पास राम विनय पासवान एवं सशस्त्र बल के द्वारा एक मारुति स्विफ्ट डिजायर कार संख्या जेएच10 सी वी 9387 का पीछा कर घेराबंदी करके रुकवाया गया । वहां कार रुकते ही दो सवार व्यक्ति तेजी से जंगल झाड़ियां भाग गए। शेष दो व्यक्ति पकड़े गए। जिनका नाम संतोष हजरा उम्र 19 पिता, विनोद हजरा बगुला बस्ती थाना सराय ढेला २, दीपक कुमार सिंह उम्र 25, पिता जालम सिंह गोधर नयाडीह कुसुंडा थाना केंदुआ डीह जिला धनबाद। तलाशी लेने के क्रम में दीपक कुमार के पास एक देशी पिस्तौल जिसके मैगजीन में जिंदा चार गोली लोड था एवं लावा कंपनी का एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया।

# डकैती की योजना बनाते 4 अपराधी गिरफ्तार, कट्टा और गोली बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** रामगढ़ चैनपुर थाना के सीमावर्ती क्षेत्र के कुट्टी मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। जिसमें पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। इस संबंध में एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने चैनपुर थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त थी कि पांच-छह की संख्या में लोग कुट्टी मोड़ के पास संदिग्ध अवस्था में हैं। जो किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। इस सूचना के सत्यापन हेतु चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश दूबे व रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय के संयक्त नेतृत्व में कार्रवाई की गई। जिसमें कुट्टी मोड़ के पास पुलिस जैसे ही पहुंची कि वहां पर खड़े लोग पुलिस को देखते ही भागने की फिराक में थे जिसे पुलिस ने सतर्कता पूर्वक सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। उन्होंने बताया कि जब हिरासत में लिये गये लोगों से सख्ती के साथ पूछताछ की गई और उनलोगों की तलाशी ली गई तो इनलोगों के पास से तीन देसी कट्टा, 315 बोर के पांच जिंदा गोली , एक फोल्डेड चाकू, एक अस्तुरा व मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने पुलिस को बताया कि नावाडीह माइंस के तरफ से आनेवाले हाईवा को रोककर डकैती करने की योजना थी। इसी उद्देश्य से हम सभी कुट्टी मोड़ के पास एकत्रित हुए थे। एसडीपीओ कुमार ने बताया कि एक अप्रैल 2005 को शाहपुर में एक हाईवा से 74 हजार रूपये व मोबाईल की लूट की गई थी। जिसमें इन गिरोह के लोगों का ही हाथ था। यह बात गिरफ्तार अपराधियों ने अपनी स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया। गिरफ्तार अपराधकर्मी पेशेवर अपराधी एवं डकैत हैं। गिरफ्तार अपराधियों में मो शमशाद, शाहरूख खान, इरशाद खान, मुबारक अंसारी एवं एक नाबालिग शामिल है। जो सभी चैनपुर थाना क्षेत्र के ही रहनेवाले हैं। छापेमारी दल में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दूबे, रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय, भूपेंद्र कुमार सिंह, राजीव कुमार, बिक्की कुमार, शशि कुमार, महेंद्र महतो, नंदलाल मेहरा, दिनेश राम, पप्पु कुमार शामिल थे।

# विरासत में मिला जर्जर गढ़वा, आज चारो तरफ है विकास की चमक : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 30 करोड़ रुपए की लागत से सात सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके तहत लगभग 34 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले इन सात सड़कों में खुथुआ मोड़ से बिराजपुर सड़क को आजादी के बाद पहली बार बेहतर तरीके से बनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इसके तहत गढ़वा प्रखंड में एक करोड़, 75 लाख, 15 हजार, 900 रुपए की लागत से कमता आरईओ रोड से डटमा प्राथमिक विद्यालय तक दो किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। साथ ही चार करोड़, छह लाख, 34 हजार , एक सौ रुपए की लागत से एनएच 343 से भदुमा होते हुए महुलिया पीडब्ल्यूडी तक 5.1 किमी पथ, 66 लाख, 84 हजार, तीन सौ रुपए की लागत से गढ़वा रेलवे स्टेशन गेट नंबर 5 सोनपुरवा से महुराम बस्ती तक एक किमी सड़क, मेराल प्रखंड में चार करोड़, 20 लाख, 57 हजार, 900 रुपए की लागत से एनएच 75 अर्पित लाईन होटल से पंचायत भवन होते हुए मेराल-डंडई पीडब्ल्यूडी रोड तक 4.72 किमी सड़क, एक करोड़, आठ लाख, सात हजार, 700 रुपए की लागत से पीएमजीएसवाई पथ अलगहवा पत्थर से हरिद्वार मिश्रा के घर होते हुए रामेश्वर राम के घर तक 1.23 किमी सड़क, एक करोड़, एक हजार रुपए की लागत से बंका स्टैंड से आंगनबाड़ी होते हुए पीएमजीएसवाई रोड भंडार तक 1.6 किमी सड़क तथा रामकंडा प्रखंड में 15 करोड़ 82 लाख 43 हजार, 200 रुपए की लागत से पीएमजीएसवाई रोड बिराजपुर से एनएच 343 खुथुआ मोड़ वाया बलीगढ़ तक 17.7 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।

## कट्टे के साथ तीनअपराधी धराये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस शहर में अवैध हथियारों के बल पर क्राइम को नियंत्रित करने के लिए जो अभियान चला रही है उसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं। इसी क्रम में सीताराम डेरा पुलिस ने जहां दो युवकों को देसी कट्टा के साथ अपराध की योजना बनाते गिरफ्तार किया वहीं दूसरी ओर आजाद नगर पुलिस ने एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक युवक को लोडेड देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। सबसे पहले सीताराम डेरा पुलिस की उपलब्धि पर चर्चा करते हैं। सीताराम डेरा थाना अंतर्गत स्वर्णरेखा शमशान घाट के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार युवकों ने पूछताछ में बताया कि वह लूट की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार युवकों में ह्यूमपाइप कल्याण नगर निवासी 24 वर्षीय सचिन सिंह और इंदिरा नगर ह्यूमपाइप निवासी 22 वर्षीय करण भुइयां शामिल है। थाना प्रभारी भूषण कुमार ने दोनों युवकों को विभागीय कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सीताराम डेरा भूषण कुमार के साथ पुलिस अवर निरीक्षक अजीत होनहागा, अभिनंदन कुमार, ओम प्रकाश राय, सहायक अवर निरीक्षक लालमणि प्रसाद प्रजापति और आरक्षी श्रवण सिंह मुंडा शामिल थे। दूसरी ओर, आजाद नगर थाना क्षेत्र में नेचर पार्क गेट के पास वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## बेल्डीह क्लब के कर्मचारियों को 20% की दर से बोनस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बेल्डीह क्लब प्रबंधन और कैंटीन होटल एंड रेस्टोरेंट वर्कर्स यूनियन के बीच शनिवार को बोनस समझौते पर हस्ताक्षर हुआ। समझौते के तहत बेल्डीह क्लब के 70 कर्मचारियों को 20% की दर से बोनस मिलेगा। इसके तहत कर्मचारियों को न्यूनतम 25,284 और अधिकतम 54,632 रुपए बतौर बोनस मिलेगा। समझौते के पश्चात अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया कि बोनस राशि अगले तीन-चार दिनों में कर्मचारियों के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। समझौते पर प्रबंधन की ओर से चेयरपर्सन अत्री सान्याल, मानद सचिव अमिताभ बख्शी, संयुक्त सचिव आयन लहरी, कोषाध्यक्ष विशाल अग्रवाल और राम नारायण तिवारी, एग्जूक्टिव कमेटी के सदस्य डीबी सुंदर रामम, डॉ सुधीर राय सरजीत झा, कैप्टन रवि राधा कृष्ण और उज्जवल चक्रवर्ती ने हस्ताक्षर किए। यूनियन की ओर से अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडेय, डिप्टी प्रेसीडेंट बीके डिंडा , महासचिव ददन सिंह, जुल्फिकार अली, सिद्धार्थ शंकर दास व अजीत सिंह ने हस्ताक्षर किए।

### लगातार बारिश से गिरा आशियाना, मुआवजा को लेकर पीड़ित परिवार ने लगायी गुहार



**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं लगातार बारिश के कारण गुरुवार की शाम प्रखंड के छेचा पंचायत अंतर्गत चपरी ग्राम निवासी मुकेश यादव का मिट्टी का घर ध्वस्त हो गया। गनीमत रही कि घर के सदस्य उस वक्त घर के पिछले हिस्से में थे जिसके कारण कोई भी घर के टूटे हिस्से के मलबे की चपेट में नहीं आया। वही घर टूटने की घटना के बाद पीड़ित परिवार के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई गई है। जिसको लेकर स्थानीय मुखिया और जिला परिषद की अनुशंसा के बाद मुआवजे और आवास की मांग को लेकर प्रखंड विकास अधिकारी को आवेदन भी शुक्रवार को दिया गया। पीड़ित परिवार के द्वारा मुआवजे और आवास की मांग को लेकर दिए गए आवेदन पर प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय के द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच के आदेश अंचल उप निरीक्षक सुरेश राम को देते हुए मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। उधर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा भी मामले में संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का छठवां स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति सीए बिजय कुमार दालान, कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ बड़े ही धूमधाम से बीके बिरला ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति सह भारत आरोग्य एवं ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, कोलकाता के सचिव बिजय कुमार दालान ने विश्वविद्यालय निर्माण के हेतु, विकास यात्रा, शैक्षिक व प्रशासनिक प्रगति की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय बिरला परिवार द्वारा स्थापित गुणवत्ता के सभी मानकों के अनुरूप आधारभूत संरचना, शिक्षा, शोध, नवाचार के साथ-साथ रोजगार उपलब्ध कराने के दिशा में लगातार प्रयत्नशील है। सरला बिरला विश्वविद्यालय महज कुछ ही समय में राष्ट्रीय मानक के अनुरूप अपने आप को स्थापित करते हुए विश्व के कई नामचीन विश्वविद्यालय के साथ आपसी समझौते करने में कामयाब हुआ है जिसका फायदा हमारे छात्रों को मिलेगा।

### एलप्पी ट्रेन में खराब खाना को लेकर यात्रियों का हंगामा

**धनबाद।** अलपुझा से खुलकर धनबाद जाने वाली ट्रेन संख्या 13352 की बोगी संख्या बी 4 मे कैटरिंग कंपनी अमजुद होटल जिन्हें इस ट्रेन मे कैटरिंग का ठेका मिला है,मे शनिवार को खराब खाना देने एवं रेलवे द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेने को लेकर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। जब शिकायत करने को यात्रियों ने कैटरिंग मैनेजर अनन्त सिंह को बुलाया तो उन्होंने आने से मना कर दिया। और ऐसी स्थिति मे कैटरिंग कंपनी द्वारा यात्रियों को खराब भोजन देना और निर्धारित मुल्य से अधिक पैसा लेना रेलवे मे व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करता है।

### ताला तोड़कर चोरों ने की विद्यालय में रखे मिड डे मील राशन चोरी

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय झीरमतकोमा का बिते रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मिड-डे मील के राशन चोरी कर लिया। जानकारी देते हुए विद्यालय के अध्यक्ष हुलास गंझू ने बताया कि प्रतिदिन की भांति पठन-पाठन कार्य संपन्न होने के बाद विद्यालय भवन बंद कर छात्र व शिक्षक चले गए। सुबह गांव का एक बच्चा मवेशी चराने जा रहा था तो देखा की स्कूल का ताला और दरवाजा खुला हुआ है और चावल बाहर में बिखरा पड़ा है। विद्यालय भवन का दरवाजा व ताला टूटे होने की सूचना गांव के ग्रामीणों को दी गई। सूचना पाकर विद्यालय की संयोजिका झालो देवी, वार्ड सदस्य विनेश्वर गंझू, सोहरी देवी, जीतन गंझू, प्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, अनीश गंझू, अमित गंझू, सतन गंझू, जयलाल यादव, रामचंद्र गंझू, जमुना गंझू, प्रभु यादव, मनोज गंझू सहित कई ग्रामीण विद्यालय पहुंचे तो देखा कि विद्यालय के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और कार्यालय में रखे कागजात भी बिखरा पड़ा हुआ है।

# शोषितों और गरीबों की आवाज थे विनोद बिहारी महतो : योगेंद्र

## शिबू सोरेन संग मिल कर झारखंड आंदोलन को धार दिये थे विनोद बाबू

जयंती समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



जयंती समारोह में शामिल मंत्री योगेंद्र प्रसाद व अन्य।

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड के अंतर्गत ललपनिया स्थित विनोद बिहारी महतो चौक में शनिवार को विनोद विहारी जयंती समारोह समिति द्वारा आयोजित स्व विनोद विहारी जयंती समारोह में मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्व बिनोद बाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहाकि बिनोद बाबू आदर्श और प्रेरणा के तौर पर आज भी हमारे बीच मौजूद हैं। बिनोद बाबू में कुछ कर गुजरने का जो जज्बा था। वह बेमिसाल था। जो ठान लेते थे उसे हर हाल में पूरा करते थे। एक वकील की टिप्पणी से आहत हुए तो खुद वकील बनने की ठान ली और वकील बन गए। वही उन्होंने समाज को शिक्षा के प्रति भी जागरूक किया। राजनीति में उतरे तो अपने सरल और मृदभाषी एवं गरीबों, शोषितों के प्रति हमदर्द के स्वभाव के चलते 3 बार विधायक और एक बार सांसद रहे। कहा कि आदरणीय बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ मिल कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना की और झारखंड आंदोलन को धार दी। स्वण बिनोद बाबू झारखंड आंदोलन के पुरोधा थे। इनके सामाजिकए राजनीतिक योगदान को हमेशा गर्व से याद कियाजाता रहेगा। समारोह के उपरांत सभी ने स्वण विनोद विहारी महतो के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर मुखिया बबलू हेम्ब्रम समाज सेवी केदारनाथ पंडा झामुमो 20 सूत्री सह प्रखण्ड अध्यक्ष लुदु मांझी संतोष साव समारोह समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सुदेश ने विनोद बाबू को किया नमन



**सिंदरी।** झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर उन्हें नमन करने के लिए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो चंदनकियारी सिंदरी होते हुए बलियापुर बिनोद धाम पहुंचे। उन्होंने सिंदरी के आजसू कार्यालय में रुककर दो मिनट के लिए कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। हालांकि उन्होंने संवाददाताओं के पूछे गए प्रश्न का उत्तर नहीं दिया और चलते बने। इस कार्यक्रम के लिए आजसू कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष मंटू महतो के नेतृत्व में सिंदरी थाना के समीप गौशाला सिंदरी मुख्य मार्ग को गाड़ियों के काफिले से जाम रखा। जनता को आवाजाही में परेशानी झेलनी पड़ी। सुप्रीमो से मिलने के लिए कार्यकर्ताओं में मैं आगे तू पीछे की होड़ लगी रही।

# एशियन गेम्स 2023 का रंगारंग आगाज
# हरमनप्रीत-लवलीना ने की भारत की अगुवाई



## पीएम मोदी ने एशियाड खेलों में भाग लेने गये भारतीय खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चीन के हांगझोउ 19वें एशियाई खेलों की रंगारंग शुभारंभ के दौरान भारतीय दल के खिलाड़ियों की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, एशियाई खेल आज से शुरू होंगे। मैं खेलों में भाग लेने वाले सभी खिलाडियों को अपनी शुभकानाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि हमने एशियाई खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा है यह खेलों के प्रति भारत जूनून और प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उम्मीद है कि खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## प्रज्ञानन्दा की स्पेन के वाजेहो पर शानदार जीत

**लिनारेस, स्पेन।** भारत के नंबर 3 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर प्रज्ञानन्दा नें स्पैनिश शतरंज लीग में पहले दो राउंड में अपनी टीम सीए सोलवाय से खेलते हुए छठे राउंड में स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी वोजेहो फ्रांसिस्को को पराजित करते हुए अपनी टीम को टीम कसाब्लंका पर जोरदार जीत दर्ज करने में योगदान दिया और फिलहाल उनकी टीम लीग में शीर्ष पर पहुंच गयी है। इससे पहले प्रज्ञानन्दा नें दो मुकाबले जीतने के बाद लगातार 3 मुकाबले ड्रॉ खेले थे। इस जीत के बाद प्रज्ञानन्दा रेटिंग में मामूली 5 अंको की बढ़त के साथ 2739 रेटिंग के साथ विश्व के 16वें नंबर के खिलाड़ी बने हुए है। 29 सितंबर से एशियन गेम्स मे प्रज्ञानन्दा टीम चैंपियनशिप में भारत की टीम से खेलते हुए नजर आएंगे।

## विश्वनाथन आनंद नें अरोनियन को हराया

**एम्स्टर्डम, नीदरलैंड।** भारत के पांच बार के विश्व शतरंज चैंपियन विश्वनाथन आनंद नें एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड शतरंज में वापसी की है। क्लासिकल शतरंज से लंबे समय से दूर आनंद लगातार विश्वस्तर पर रैपिड शतरंज में नजर आ रहे है और इस बार वह लेवीटोव इंटरनेशनल शतरंज में दुनिया के नौ अन्य खिलाड़ियों के साथ डबल राउंड रॉबिन आधार पर कुल 18 राउंड का टूनार्मेंट खेल रहे है। फिलहाल दो दिन के बाद कुल 9 राउंड खेले जा चुके है और आनंद 5 .5 अंक बनाकर तीसरे स्थान पर चल रहे है। नौ राउंड में आनंद नें अभी तक सिर्फ एक मुकाबला हारा है जबकि तीन जीत और पांच ड्रॉ के शानदार परिणाम हासिल किए है। आनंद नें इस दौरान सबसे आगे चल रहे यूएसए के लेवोन अरोनियन और वेसली सो, रूस के यान नेपोमनिशी को पराजित किया है जबकि अजरबैजान के ममेद्यारोव, रूस के डेनियल डुबोव, ब्लादिमीर क्रामनिक, इजराइल के बोरिस गेलफंड और रूस के पीटर स्वीडलर से बाजी ड्रॉ खेली है। उन्हे एकमात्र हार रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक से मिली। फिलहाल नेपोमनिशी और ग्रीसचुक 6 अंक बनाकर पहले स्थान पर चल रहे है।

## औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिए बनेंगे सरदर्द : गौतम गंभीर

**मोहाली।** भारत के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम गेंदबाजों के लिये सरदर्द साबित होंगे। क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गंभीर ने स्टार स्पोर्टस पर अपनी राय व्यक्त करते हुये कहा कोई शक नहीं कि विराट कोहली, केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ,जो रूट,रोहित शर्मा और डेविड वार्नर दुनिया के धाकड़ बल्लेबाज हैं मगर बाबर आजम के पास वह क्वालिटी है कि वह किसी भी गेंदबाज को छकाने का माद्दा रखते हैं। मैने बहुत कम ऐसे खिलाड़ी देखे है जिनके पास इतना वक्त है बल्लेबाजी करने के लिये। बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है जो उन्हे मौजूदा बल्लेबाजों से अलग बनाती है।

## पाकिस्तान को भरोसा, वार्म अप मैच से पहले मिल जायेगा वीजा

**लाहौर।** भारत में पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिये अपने किट बैग तैयार कर रही पाकिस्तानी टीम को भरोसा है कि हैदराबाद में 29 सितंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की टीम को शुक्रवार तक विश्व कप के लिये भारतीय वीजा नहीं मिल सका था हालांकि इसके लिये आवेदन पहले ही कर दिया गया था मगर भरोसा है कि वर्ल्ड कप के वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा।

## सचिन ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में माथा टेका

**वाराणसी।** भारतीय क्रिकेट के महानतम बल्लेबाज रहे मास्टर ब्लास्टर्स सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को यहां श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पहुंच कर ज्योर्तिलिंग का दर्शन पूजन किया। लाल रंग के लिबास में बाबा विश्वनाथ धाम पहुंचे तेंदुलकर ने विधिविधान से दुग्धाभिषेक कर पूजा अर्चना की। सचिन करीब 15 मिनट तक विश्वनाथ धाम में रहे। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

## टेनिस: लेवर कप में टीम वर्ल्ड का शानदार प्रदर्शन टीम यूरोप के खिलाफ बनायी 4-0 से बढ़त

**नयी दिल्ली।** फेलिक्स ऑगर-एलियासेम, बेन शेल्टन और फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के एकल मुकाबलों के बाद फ्रांसिस टियाफो तथा टॉमी पॉल के युगल मैच में जीत से टीम वर्ल्ड ने लेवर कप अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में टीम यूरोप पर 4-0 से बढ़त बना ली। फेलिक्स ऑगर-एलियासेम ने गेल मोनफिल्स को 6-4, 6-3 से हराकर टीम वर्ल्ड को दिन की तीसरी सफलता दिलाई। इसके बाद टियाफो और पॉल की जोड़ी ने युगल मुकाबलों में आंद्रे रुबलेव और आर्थर फिल्स की जोड़ी को 6-3, 4-6, 10-6 से हराकर स्पर्धा के पहले दिन टीम वर्ल्ड का दबदबा कायम किया। ऑगर-एलियासेम ने कहा, ह्यदिन के आखिर में हमारा लक्ष्य आगे बढ़ना और जीतना है। मैं सभी मैचों को गंभीरता से लेता हूं। मैं प्रतिस्पर्धा करके जीतना और इसका लुत्फ उठाना चाहता हूं।इससे पहले शेल्टन ने दिन के शुरूआती मुकाबले में फिल्स को 7-6 (4), 6-1 से हराकर टीम वर्ल्ड को बढ़त दिलाई।

## चीन ने दिखाया अपनी आधुनिकीकरण की ताकत

एजेंसी

**हांगझोउ।** आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकी के तत्वों के शानदार मिश्रण के साथ शनिवार को हांगझोउ एशियाई खेल कुछ अनूठे उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गए, जिसमें भविष्य की 'कार्बन रहित' आतिशबाजी की झलक दिखी। यह प्रदूषण रहित रोशनी से दमकता समारोह अरुणाचल प्रदेश के तीन भारतीय खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार को लेकर उठे राजनयिक विवाद के बीच हुआ जिसमें प्रौद्योगिकी, चीन के सांस्कृतिक इतिहास और महाद्वीप की एकता की भावना अद्भुत मेल था। लगभग दो घंटे तक चले इस समारोह में नए युग में चीन, एशिया और दुनिया के अंतर संबंधों के साथ-साथ एशियाई लोगों की एकता, प्रेम और दोस्ती को दिखाया गया। समारोह में चीन और एशिया के भावों को दिखाने का प्रयास किया जिसमें देश की सांस्कृतिक विरासत और हजारों साल पुरानी सभ्यता और आधुनिक प्रौद्योगिकी के मिश्रण को बेहद सुंदर दृश्यों से दिखाया गया।

इसमें चीन के आधुनिकीकरण के प्रयासों को खूबसूरती से पेश किया गया। चीन की प्रौद्योगिकी की ताकत हर जगह दिखायी जिसमें खेलों की 'फ्लेम' को अनूठे तरीके से प्रज्वलित किया गया। इसमें डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल वर्चुअल मशालवाहक के तौर पर किया गया। चीनी के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने खेलों की शुरूआत की घोषणा की जिससे 45 देशों के 12,000 एथलीट आठ अक्टूबर तक शीर्ष सम्मान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह, अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के प्रमुख थॉमस बाक, कई देशों के प्रमुख, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस समारोह में मौजूद थे। चीन में पिछले साल कोविड-19 मामलों के बढ़ने के कारण इन खेलों को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया था। 'हरित एशियाई खेलों' या 'कार्बन रहित खेल' की सोच को ध्यान में रखते हुए उद्घाटन समारोह में डिजिटल आतिशबाजी का इस्तेमाल किया गया लेकिन इससे भी रोमांचक माहौल बन गया। करीब 80,000 दर्शकों की क्षमता वाला 'बिग लोटस' स्टेडियम प्रतिभागी देशों के खिलाड़ियों के स्वागत के लिए सजा हुआ था।

## भारतीय दल के प्रवेश करते ही गूंज उठा स्टेडियम

चीन की सरकार ने अरुणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ियों को वीजा देने से इनकार कर दिया जिसके बाद भारत ने अपने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर का दौरा रद्द कर दिया। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी इस मौके पर उपस्थित नहीं थी क्योंकि इस समय पर संसदीय दल के साथ पराग्वे में हैं, हालांकि समारोह में अन्य अधिकारियों ने शिरकत की। भारत के करीब 100 एथलीट और अधिकारियों ने जैसे ही मार्च के लिए स्टेडियम में प्रवेश किया, वैसे ही तालियों की तेज गड़गड़ाट हुई जिसमें दल के ध्वजवाहक हरमनप्रीत सिंह और लवलीना बोरगोहेन तिरंगा लिये सबसे आगे थे। भारतीय दल की परेड आठवें नंबर पर रही। टेनिस टीम से केवल रामकुमार रामनाथन ने परेड में हिस्सा लिया क्योंकि अन्य खिलाड़ियों का रविवार को मैच है। पुरुष एथलीट बंदगले की जैकेट और खाकी कुर्ता पहने थे जबकि महिला खिलाड़ियों ने गर्दन तक ढका ब्लाउज और खाकी रंग की साड़ी पहनी हुई थी। भारत के 655 एथलीट इन खेलों में हिस्सा ले रहे हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने जीता दर्शकों का दिल

करीब एक घंटे तक चले देश के दलों के स्वागत के बाद 30 मिनट के सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शकों को दिल जीत लिया। फिर लौ प्रज्वलित करने के बाद आधिकारिक गान प्रस्तुत किया गया। महाद्वीप के सबसे बड़े बहु-स्पर्धा आयोजन की मेजबानी करके चीन ने महामारी से उबरने की भी घोषणा की। खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से यह उसके इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है। इसमें कोई शक नहीं की ओलंपिक दुनिया के सबसे बड़े बहु-स्पर्धा खेल हैं लेकिन एशियाई खेलों में काफी अधिक खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हैं। हांगझोउ में 12,000 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। तोक्यो में हुए ओलंपिक खेलों में लगभग 11, 000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जबकि अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में लगभग 10,500 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## एशियाई खेलों 12 हजार खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा

इंडोनेशिया में हुए 2018 एशियाई खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। एशियाई खेलों के 19वें सत्र का आयोजन हांगझोउ के अलावा पांच अन्य शहरों में होगा। ये शहर हुझोउ, निंगबो, शाओक्सिंग, जिंहुआ और वेनझोउ हैं। एशिया के 45 देश और क्षेत्र इस दौरान 40 खेलों और 61 स्पधाओं में 481 स्वर्ण पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें पहली बार ईस्पोट्र्स को भी पदक वाले खेलों में शामिल किया गया है। शनिवार के हुए उद्घाटन समारोह से पहले ही फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, पाल नौकायन, नौकायन, टेबल टेनिस और मॉडर्न पेंटाथलॉन की प्रतियोगिताएं शुरू हो गयी थी।

## बल्लेबाज बरसायेंगे रन या गेंदबाजों का दिखेगा दम भारत-ऑस्ट्रेलिया के मैच में कैसी होगी इंदौर की पिच

एजेंसी

**इंदौर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबले इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। मोहाली में हुए पहले मुकाबले को भारत ने 5 विकेट से अपने नाम किया था। तीन मैचों की इस वनडे सीरीज में भारत 1-0 से आगे हैं। अब रविवार को टीम सीरीज में अजेय बढ़त बनाने के इरादे से मैदान पर आएगी। इस मैच में भी केएल राहुल की भारत की कप्तानी करेंगे।

### कैसी होगी इंदौर की पिच?

इंदौर के होल्कर स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। मैदान छोटा होने की वजह से खूब छक्के चौके भी लगते हैं। इसी मैदान पर वीरेंद्र सहवाग ने वनडे में 219 रनों की पारी खेली थी। रोहित शर्मा ने इसी मैदान पर



35 गेंद पर टी20 इंटरनेशनल का सबसे तेज शतक ठोका था। वनडे में इस मैदान का सबसे बड़ा स्कोर 418 रन है। इसी साल की शुरूआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ इस मैदान पर भारत ने 385 रन ठोके थे। इसका मतलब साफ है कि मैच में बड़े स्कोर देखने को मिलेंगे और गेंदबाजों का चैन छिनने वाला है।

### इंदौर में अजेय टीम इंडिया

इस मैदान पर भारतीय टीम ने 2006 में पहला मैच खेला था। तब इंग्लैंड पर 7 विकेट से जीत मिली थी। तब से भारत यहां कुल 6 वनडे खेल चुका है और सभी में जीत मिली है। 2017 में यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया का भी वनडे मुकाबला हुआ था। उसमें टीम इंडिया को 5 विकेट से जीत मिली थी। रोहित शर्मा के साथ ही अजिंक्य रहाणे और हार्दिक पंड्या ने अर्धशतक लगाए थे लेकिन तीनों यह मैच नहीं खेलेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में यहां हुए मैच में शुभमन गिल के बल्ले से शतकीय पारी निकली थी।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), रविंद्र जडेजा, रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, इशान किशन, शार्दुल ठाकुर, वाशिंगटन सुंदर, आर अश्विन, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज , प्रसिद्ध कृष्णा।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, एडम जम्पा, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्टार्क, स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर, जोश हेजलवुड, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैट शॉर्ट।

## मोदी ने वाराणसी में किया अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास



एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग 451 करोड़ रुपए की लागत वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर,सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, गुंडप्पा विश्वनाथ, बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और राजीव शुक्ला समेत भारतीय क्रिकेट की कई जानी मानी हस्तियां मौजूद थी। यह स्टेडियम प्रदेश का तीसरा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम है जबकि बीसीसीआइ का यह पहला स्टेडियम है। वाराणसी के गांजरी, राजातालाब में बनने वाला आधुनिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इस स्टेडियम की विषयगत वास्तुकला की प्रेरणा भगवान शिव से ली गई है, जिसमें अर्धचंद्राकार छत के कवर, त्रिशूल के आकार की फ्लड-लाइट, घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिल्विपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं। इस स्टेडियम की क्षमता 30 हजार दर्शकों की होगी।

## 15 साल बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी सरजमीं पर वनडे हारा बांग्लादेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में मेजबान बांग्लादेश को हरा दिया है. न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 86 रनों से हराया। वहीं, इस तरह न्यूजीलैंड टीम ने बांग्लादेशी सरजमीं पर जीत का सूखा खत्म किया। दरअसल, न्यूजीलैंड की टीम बांग्लादेश के खिलाफ बांग्लादेशी सरजमीं पर वनडे फॉर्मेट में पिछले 15 साल से नहीं जीती थी। बांग्लादेशी के सामने जीत के लिए 255 रनों का लक्ष्य था। लेकिन मेजबान टीम 41.1 ओवर में महज 168 रनों पर सिमट गई। बांग्लादेश के लिए तमीम इकबाल ने 58 गेंदों पर 44 रन बनाए. जबकि महमदुल्लाह ने 76 गेंदों पर 49 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने निराश किया। बांग्लादेश के 6 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके।

### सोढ़ी के सामने बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने किया सरेंडर

न्यूजीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने शानदार गेंदबाजी का नजारा पेश किया। ईश सोढ़ी ने 10 ओवर में 39 रन देकर 6 बांग्लादेशी बल्लेबाजों को आउट किया।




काईली जेमिसन को 2 कामयाबी मिली। इसके अलावा लॉकी फर्ग्यूसन और कोल मैकेंची को 1-1 सफलता मिली। इस जीत बाद न्यूजीलैंड टीम 3 वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है।

### टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड

इससे पहले न्यूजीलैंड के कप्तान लॉकी फर्ग्यूसन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड टीम 49.2 ओवर में 254 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के लिए टॉम ब्लंडल ने सबसे ज्यादा 66 गेंदों पर 68 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाया। बांग्लादेश के लिए खालेद अहमद और मेंहदी हसन ने 3-3 विकेट झटके।

## चेन्नईयन एफसी के खिलाफ अपने गढ़ में अजेय रही ओड़िशा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा एफसी ने चेन्नईयन एफसी के खिलाफ भुवनेश्वर के अपने गढ़ कलिंगा स्टेडियम को अजेय रखा है। ओडिशा एफसी ने शनिवार को खेले गए इंडियन सुपर लीग 2023/24 सीजन के अपने पहले मुकाबले चेन्नईयन एफसी को 2-0 से हरा दिया। ओडिशा की जीत में जेरी माविहिमिंगथांगा ने 45वें और स्थानापन्न ब्राजीलियाई फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो ने 63वें मिनट में गोल दागे। जेरी को पहला गोल दागने और राइट विंग में तेज-तर्रार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। हेड कोच सर्जियो लोबेरा के जगरनॉट्स ने अपने किले को अभेद रखते हुए इस सीजन की शुरूआत जीत से की और अपने पहले मैच से पूरे तीन अंक हासिल किए। वहीं, मरीना मचान्स की हार से मुख्य कोच ओवेन कोयल को निराशा मिला।

## तेंदुलकर ने भेंट की पीएम मोदी को टीम इंडिया की जर्सी



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, मदन लाल, रोजर बिन्नी समेत कई क्रिकेटर मौजूद रहे। गंजारी स्थित जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। स्टेडियम के शिलान्यास के मौके पर भारतीय क्रिकेट टीम के महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर पीएम मोदी को टीम इंडिया की जर्सी भी भेंट की। पीएम मोदी को भेंट की गई इस जर्सी पर नमो लिखा था। सचिन तेंदुलकर के इस कार्यक्रम में बीसीसीआई के सचिव जय शाह भी उपस्थित थे। इसके अलावा स्टेडियम के शिलान्यास के इस खास मौके पर कपिल देव की कप्तानी में 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को भी अतिथि के तौर पर वाराणसी बुलाया गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी स्टेडियम के शिलान्यास के मौके पर भारतीय क्रिकेटरों को इस तरह सम्मानित किया गया है।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने ताजिकिस्तान को 3-0 से हराया

एजेंसी

**हांगझोउ।** भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई खेलों में अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए शनिवार को पूल एफ मुकाबले में ताजिकिस्तान को 3-0 से हराया। भारतीय टीम की यह लगातार तीसरी जीत थी। भारत ने इससे पहले यमन को 3-0 और फिर सिंगापुर को 3-1 से हराया। इससे पहले महिला टीम ने भी आज बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नेपाल को 3-0 से हराया था। मैच का पहला मुकाबला भारत के मानव विकास ठक्कर और ताजिकिस्तान के अफजलखोन महमूदोव के बीच खेला गया। मानव ने यह मुकाबला सीधे गेम में 3-0 (11-8, 11-5, 11-8) से जीता और भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दिन का दूसरा मुकाबला भारत के मानुष उत्पलभाई शाह और उबैदुल्ला सुलतोनोव के बीच खेला गया। मानुष ने दूसरे मैच में सीधे गेम में जीत हासिल कर भारत की जीत पक्की कर दी। उन्होंने मुकाबला 3-0 (13-11, 11-7, 11-5) से जीता। दिन का तीसरा मैच भारतीय खिलाड़ी हरमीत राजुल देसाई और इब्रोखिम इस्मोइलजोडा के बीच



खेला गया। हरमीत ने यह मुकाबला 3-0 (11-1, 11-3, 11-5) से जीतकर भारत को 3-0 से जीत दिला दी।

### भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम की लगातार दूसरी जीत, नेपाल को 3-0 से हराया

**हांगझोउ।** भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने शनिवार को पूल एफ के अपने दूसरे मैच में नेपाल को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों में अपना विजयी अभियान जारी रखा। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले शुक्रवार को अपने पहले मैच में सिंगापुर को हराया था। नेपाल के खिलाफ दिन के पहले मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी दीया चितले का सामना नेपाली खिलाड़ी श्रेष्ठा सुवाल हुआ। चितले ने यह मुकाबला केवल 13 मिनट में 3-0 (11-1, 11-6, 11-8) से जीत लिया। मुकाबले का दूसरा मैच भारत की अयहिका मुखर्जी और नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के बीच खेला गया। शुरूआत में 0-3 से पिछड़ने के बाद अयहिका ने बेहतरीन वापसी की और 11-3 से पहला गेम जीत लिया। अयहिका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा गेम 11-7 से जीतकर 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। तीसरे और अंतिम गेम में अयहिका ने 11-2 से जीत दर्ज की। उन्होंने नबीता श्रेष्ठ को महज 15 मिनट में 3-0 (11-3, 11-7, 11-2) से हराकर भारत को 2-0 की बढ़त दिला दी।

स्पीड न्यूज

## नहाने गए युवक की तालाब में डूबने से हुई मौत

**दुमका।** जिले के सदर प्रखंड के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के झिकटी गांव के समीप तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक मृणाल चक्रवर्ती( 18),पिता वासुदेव चक्रवर्ती है। जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के श्रीअमड़ा, शांतिनगर निवासी मृणाल चक्रवर्ती दोपहर में नहाने के लिए झिकटी गांव के तालाब में गया था। जहाँ नहाने के क्रम में पैर फिसलने से गहरे पानी मे समा गया। जिससे मौके पर ही डूबने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गई है।

## प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन

**दुमका।** सिदो कान्हू इंडोर स्टेडियम में संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ संथाल परगना डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने शनिवार को किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए डीआईजी ने कहा कि जिस तरह से संथाल के जिलों से खिलाड़ियों की सहभागिता देखने को मिल रही है, निश्चित तौर पर आने वाले समय में संथाल परगना के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवायेंगे। अनुशासन और समर्पण का पाठ देते हुए उन्होंने बच्चो का हौसला अफजाई किया।

## डालसा सचिव ने किया केंद्रीय कारा का दौरा

**दुमका।** झालसा के निर्देशानुसार 18 सितंबर से 20 नवंबर तक विचाराधीन कैदियों के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस विशेष अभियान में केंद्रीय कारा, दुमका के विचाराधीन कैदियों की समीक्षा के लिए प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत में केंद्रीय कारा का दौरा कर कैदियों की समीक्षा की।सचिव ने मानक संचालन प्रक्रिया में दिए गए निर्देश के अनुसार वैसे अपराधियों की पहचान की जिन्हें निचली अदालत में दोषी पाया गया और उन्होंने अब तक उच्च न्यायालय में अपील दाखिल नही किया हो, वैसे कैदियों की पहचान की। जिन्हें अदालत द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया। लेकिन वह जमानत देने में सक्षम नहीं है।

## तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को रौंदा, मौके पर हुई मौत

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि डटमी गांव निवासी शंभू बाजार करने के लिए फुलवरिया गया हुआ था। बाजार से लौटने के दौरान विपरीत दिशा से आ रहे गिट्टी लदे तेज रफ्तार हाइवा ने शंभू को अपने चपेट में ले लिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुवे उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। इधर शव का अंतर्परिक्षण के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया।

## सदर अस्पताल परिसर में अज्ञात वृद्ध महिला की मौत

**कोडरमा।** सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को एक अज्ञात वृद्ध महिला की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला पहले कई दिनों से सदर अस्पताल के बाहर पड़ी थी और अस्पताल कर्मियों ने महिला का सूद तक नहीं लिया, जिसके बाद महिला की इमरजेंसी वार्ड के बाहर शनिवार को मौत हो गई। वहीं इस मामले में झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला का सही से इलाज नहीं होने के कारण मौत हुई हैं, अस्पताल प्रबंधन को पता ही नहीं है कि यह मरीज इमरजेंसी वार्ड के बाहर पड़ी है। वहीं उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार से बात करने पर बताया कि उक्त महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और पिछले 25 दिनों से सदर अस्पताल में इलाजरत थी। चिकित्सकों के द्वारा वार्ड का राउंड के दौरान महिला अपने बेड से गायब रहती थी, क्योंकि महिला के साथ कोई नही था इसलिए पता नहीं चला कि वह कब बाहर निकल गई।

# पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन पूरा

## पटना से जमुई का अप-डाउन सफर 5 घंटे में तय

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पटना से हावड़ा के बीच शुरू की जाने वाली पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस का शनिवार को ट्रायल रन पूरा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22348 पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पटना से सुबह 8 बजे खुली थी और फिर जमुई से वापस पटना दोपहर 1 बजे तक पहुंच गयी। यानि पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस ने 5 घंटे के अंदर पटना से जमुई अप-डाउन की दूरी पूरी की। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पटना-हावड़ा वंदे भारत समेत अन्य राज्यों के लिए 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर एक साथ रवाना करेंगे। इसके किए लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। आज पटना हावड़ा वंदे भारत का सफल ट्रायल रन किया गया। ट्रेन निर्धारित समय सुबह आठ बजे पटना जंक्शन से जमुई के लिए रवाना हुआ। पटना-हावड़ा वंदे भारत सुबह 8 बजे पटना से खुली और उसके बाद 10:30 बजे जमुई पहुंची। फिर यह ट्रेन वापस एक बजे वापस पटना लौट आई। इस दौरान इसीआर के एजीएम अपनी टीम के साथ ट्रेन में मौजूद थे। पूरी ट्रायल रन के दौरान वह ट्रेन की स्पीड से लेकर हर एक बिंदु पर अपनी नजर बनाए हुए थे। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन सहित कुल 09 वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन की शुरूआत करेंगे। बता दें, पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन बिहार राज्य की दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। पटना-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन पटना से हावड़ा के मध्य लगभग 532 किमी की दूरी 06 घंटे 30 मिनट में तय करगी जो इस रेलखंड पर मौजूदा तेज ट्रेनों की तुलना में लगभग 01 घंटा 30 मिनट कम यात्रा समय होगा। यह ट्रेन पटना और हावड़ा से बुधवार को छोड़कर सप्ताह में 06 दिन परिचालित की जायेगी। इस ट्रेन में एग्जीक्यूटिव क्लास और चेयरकार है। एग्जीक्यूटिव क्लास का किराया 2300 और चेयरकार का 1200 रुपये निर्धारित हुआ है। इसमें कैटरिंग सर्विस चार्ज भी शामिल नहीं है। उद्घाटन के एक से दो दिन बाद आम लोग भी इस लग्जरी ट्रेन से सफर कर सकेंगे। ट्रेन के उद्घाटन की तैयारी चल रही है।

## आदिवासी क्रांति सेना के केंद्रीय अध्यक्ष बने मुकेश

**दुमका।** आदिवासी क्रांति सेना संगठन की बैठक बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम शनिवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सीमांत हांसदा ने किया। बैठक में आदिवासी समाज के लोगों के ऊपर हो रहे अत्याचार, शोषण, मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौज आदि घटनाएं खबरों पर चर्चा हुई। ऐसे घटनाओं को कैसे रोका जाए इस पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

## आसमानी बिजली का कहर दो युवक की मौत, तीन घायल

**हंसडीहा।** दुमका जिले के हंसडीहा स्थित संत फ्रांसिस मिशन के समीप खेल मैदान में शनिवार को फुटबॉल मैच देखने गए दो युवक की वज्रपात से मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हंसडीहा स्थित संत फ्रांसिस मिशन के समीप खेल मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा था। इसी बीच अचानक बारिश शुरू हो गई। जहां मैच देखने गये दर्शक बारिश से बचने के लिए मैदान के समीप बने टेंट में चले गए। उसी वक्त घटना घटी। घटना के बाद जालवे गांव में मातम पसर गया।

## भव्य धर्म सभा एवं शौर्य जागरण रथ यात्रा को लेकर विहिप ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की ओर से राम मंदिर के उद्घाटन से पहले भारत के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को एवं उनकी शौर्य गाथाओं का जागरण किया जाएगा। इसी क्रम में रांची स्थित प्रभात तारा मैदान में 8 अक्टूबर को विशाल धर्म सभा का आयोजन किया गया है। जिसमे राज्य के चार जगहों से शौर्य जागरण रथ को निकाला गया है।

जिसमें सभी जिले के स्वतंत्रता सेनानियों जिनके योगदान से यह देश अमर है। उनको याद करते हुए उनकी गाथाओं का बखान करते हुए। चारों रथ 8 अक्टूबर रांची के प्रभात तारा मैदान में अपनी यात्रा संपन्न होगी। इसी क्रम में जिला से भी एक रथ रांची की ओर प्रस्थान करेगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद जिला समिति एवं प्रखंड समिति के सभी कार्यकर्ता आपस में बैठकर विचार विमर्श करके कार्यक्रम को किस प्रकार सफल बनाने पर चिंतन किया गया। दुमका जिला में 28 सितंबर को महर्षि मेंही आश्रम हथिया पाथर पुसारो में एक धर्म सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से साध्वी लाडली शरण जी भाग लेंगी और 29 सितंबर को वीर कुंवर सिंह चौक दुमका से सुबह 8 बजे शौर्य जागरण रथ को रवाना किया जाएगा। जो दुमका नगर में स्थित सभी स्वतंत्रता सेनानियों के मूर्ति में माल्यार्पण करते हुए काठीकुंड, गोपीकंदर, खरौनी होते हुए पाकुड़ जिला जाएगी। जहां-जहां यह रथ जाएगी उस प्रखंड के समिति के सदस्यों के द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया जाएगा। बैठक में विभाग संगठन मंत्री कालेश्वर टुडू जिला संगठन मंत्री सरोज टुडू जिला मंत्री मिथलेश कुमार मांझी जिला अध्यक्ष सुनील मोदी जिला कार्य अध्यक्ष संजीव कुमार गौराई जिला उपाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता जिला सह मंत्री अविनाश सिंह जिला संपर्क प्रमुख ललन कुमार मंडल जिला संयोजक राजू यादव, विकास ठाकुर, सकलदेव यादव, प्रदुम सिंह, विशाल ठाकुर,पवन वर्मा, विनय कुमार, निलेश कुमार जिला कोषाध्यक्ष गुड्डू चौरसिया, रंजीत कुमार एवं नगर एवं प्रखंड के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महगामा विधायक ने कथावाचक महाराज जी का आशीर्वाद ग्रहण किया

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के प्रचलित मोरडीहा ग्राम में चल रहे भागवत कथा में क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह भी शरीफ हुई। उन्होंने कथावाचक अभियानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज से आशीर्वाद ली और उपस्थित श्रद्धालुओं,समिति सदस्यों आदि को संबोधित भी किया।कहा की ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र का ये मोरडीहा गांव एक प्रचलित गांव है। प्रत्येक वर्ष दो-तीन बार यहां धार्मिक आयोजन होते रहता है।दुर्गा पूजा के अलावे गणेश पूजा के साथ-साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी यहां विस्तार रूप से होते रहा है।यहां के युवा शक्ति संघ के सदस्य के साथ-साथ अन्य नवयुवक और बुजुर्ग, शिक्षाविद, गणमान्य, समाजसेवी हर प्रकार के कार्यों में लगे रहते हैं।यह इस गांव के ग्रामीणों की महानता है। कहा की मां दुर्गा,गणेश भगवान आदि इस परिसर में स्थित मंदिर के सभी देवता देवी देवताओं का या आशीर्वाद रहा है कि यह गांव पंचायत और क्षेत्र में शांति बनी रहती है।कहा कि वे खुद ही धार्मिक कार्यक्रम की बात सुनकर अपने आप को रोक नहीं पाई और आकर शामिल हुई।बताई की धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से निश्चित रूप से अनेक प्रकार का लाभ होता है। इसलिए सभी ग्रामीण श्रद्धालु धार्मिक कथा का लाभ उठावें और हर संभव धार्मिक कार्य में सहयोग करते रहे।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, विनय भगत, इंडिया महा गठबंधन के दर्जनों कार्यकर्ता,समाजसेवी दिलीप कुमार शाह, रंभा देवी, नवनीता देवी, सोनी देवी,स्यामलता देवी, युवा शक्ति संघ के अध्यक्ष ज्योतिष कुमार साह सहित सभी सदस्य, मुख अजमान सपत्नीक परशुराम शाह सहित मोरडीहा ग्राम पंचायत के अलावे प्रखंड क्षेत्र के कई गांव के सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

## विद्युत आपूर्ति की समस्या से जनता परेशान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** शहर के शांति नगर वार्ड नंबर 14 में 7 दिनो से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण आम लोगों के जीवन में काफी प्रभाव पड़ रहा है। लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है छात्र-छात्राओ को पढ़ने में काफी समस्या हो रही है सभी जनप्रतिनिधियों का घर नजदीक है फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बिजली का ट्रॉली से लाइट का विकल्प चुना गया था लेकिन फिर भी कुछ घरों में मिल पा रहा है कुछ घर में नहीं मिल पा रहा है बिजली ऑफिस के पदाधिकारियों का कहना है कि मेरे पास ट्रांसफार्मर नहीं है और उपलब्ध नहीं होने के कारण से ट्रांसफार्मर की आपूर्ति करने में असमर्थ हूं। देवघर तक भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं की ट्रांसफार्मर मिल जाए ऐसा पदाधिकारियों का कहना है।

## माल मंडरो मध्य विद्यालय की जांच प्रधानाध्यापक पर जांच में उठे सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिला टुडू द्वारा बनाई गई जांच टीम ने शनिवार को मध्य विद्यालय माल मंडरो की जांच किया। जांच टीम में शामिल गोड्डा के क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नवीन कुमार बाड़ा, महागामा के क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुभाष अनुराग एकका और ठाकुर गंगटी की प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हेलन मरांडी सहित तीन सदस्यीय जांच टीम ने विद्यालय में विभिन्न प्रकार की पंजीयों के साथ-साथ अन्य कार्यों की भी जांच किया। क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुभाष अनुराग एकका ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार की पंजीयों, कागजातों, शिक्षण व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों की उपस्थिति, भवन आदि की जांच की गई। उन्होंने कहा कि मध्यान भोजन से संबंधित पंजी और विद्यालय प्रबंधन समिति की पंजी प्रधानाध्यापक सुभाष ठाकुर द्वारा



नहीं दिखाया गया। दो-चार दिनों के अंदर ही पंजी जमा करने को कहा गया है।

बारीकी से जांच किया जाएगा और उसमें जो कमी होगी निश्चित रूप से विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कक्षा एक से पांच तक में कूल नामांकित 713 छात्रों में से मात्र 224 छात्र उपस्थित थे। जब कि कक्षा छह से आठ तक में कूल नामांकित 628 छात्रों में से मात्र 374 छात्र ही उपस्थित थे। यह उपस्थिति 50% से भी कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षकों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शिक्षण के साथ-साथ अन्य विभागीय कार्यों में सुधार लाने को कहा गया। बताते चलें कि शिकायत मिलने पर करीब एक मह पूर्व जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिला टुडू द्वारा इस विद्यालय की जांच की गई थी।उस समय भी कई प्रकार की कमियां पाई गई थी और उस समय भी मध्यान भोजन सहित कई प्रकार की पंजी को प्रधानाध्यापक द्वारा नहीं दिखाया गया था।जिसके चलते की प्रधानाध्यापक सुभाष ठाकुर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने की बात कही जा रही थी।

## देश की सर्वोच्च संस्था संसद में बैठ कर सदस्यों को अपने पद मान और संविधान की गरिमा और मयार्दाओं का पालन अवश्य करना चाहिए?

डा0 दिलीप कुमार झा पत्रकार झारखंड।

हमारे देश के लोकतंत्र में एक अशिक्षित असभ्य और उद्दंड व्यक्ति का भी वही स्थान है जो पढ़े लिखे विद्वानो और बुद्धिजीवियों का रहा है। लेकिन कुछ ऐसी घटनाएं हो जाती हैं या उस महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच कर शिक्षित होते हुए भी अपने क्रोध और नफरत पर नियंत्रण नहीं रख पाते हैं जो देश की आम जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और अपनी भाषा की मयार्दाओं की सीमा लांघ जाते हैं और हास्यास्पद और आलोचना के केंद्रबिंदु बन जाते हैं। ये हमारे नैतिक चरित्र के पतन और अपनी वाणी पर नियंत्रण की क्षमता को प्रभावित करता है। भले ही हमारी शैक्षणिक योग्यता की डिग्री कितनी भी ऊंची क्यों न हो। दो दिन पूर्व ही भाजपा के दिल्ली लोक सभा




के क्षेत्र से चुने गए सांसद रमेश विधूड़ी ने भी अपनी भाषा की मर्यादाओं और अपने संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की सीमा को लांघते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिससे संपूर्ण देश की गरिमा को ही शर्मशार नही की बल्कि भाजपा के उन नेताओं को भी शर्मसार किया जो अपनी मर्यादित भाषा और व्यवहार के लिए सत्ता पक्ष या विपक्ष की नजरों में सम्मानित हुआ करते थे। भारत के भूतपूर्व प्रधान मंत्री स्व० अटल बिहारी बाजपेई भी भाजपा के ही सांसद रहे थे, जिन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी भाषा और मयार्दाओं पर नियंत्रण रखते हुए बड़े ही शालीनता के साथ अपनी व्यथा को सुनाते हुए अपना पक्ष इसी सदन में रखा था जबकि उनकी सरकार मात्र एक बोट से गिरने वाली थी, फिर भी न असंवैधानिक भाषा का प्रयोग किया और न अभद्र व्यवहार का परिचय दिया था। ये सीख उन तमाम सदस्यों को लेने की जरूरत है चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में।

सत्ता के संघर्ष में पक्ष और विपक्ष के बीच नोक झोंक बहस समर्थन और विरोध चलती रहेंगी लेकिन न भाषा की मयार्दाओं को लांघ कर न अभद्रता पूर्ण आचरण के द्वारा इस सर्वोच्च संस्था को अपमानित करके ।सांसद रमेश विधूड़ी की शिक्षा और योग्यता पर कोई प्रश्न नही है वो स्नातक और एलएलबी भी हैं लेकिन उनके व्यवहार और भाषा की अभिव्यक्ति से भाजपा के तमाम नेताओं को आलोचनाओं का केंद्र बनने से रोक नहीं पाएंगे जब बसपा के लोक सभा सदस्य को उन्होंने भडुआ आतंकवादी कह कर संबोधित किया ।वो भी संसदीय क्षेत्र से चुने गए जन प्रतिनिधि हैं कोई जंगल से पकड़ कर लाए गए पशु नही। जो भाषा उनके लिए प्रयोग किए गए वो भी उस भाषा का जवाब दे सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और संवैधानिक परंपराओं और मयार्दाओं की सीमा नहीं पार की और उनका विरोध भी उस वक्त न करना उनकी विद्वता और संवैधानिक मयार्दाओं का पालन करते हुए देखा गया जो प्रशंसनीय है। भविष्य में इस तरह के अमर्यादित व्यवहार और अभद्र भाषा का इस्तेमाल एक माननीय सांसद न करें इसके लिए दंडात्मक कार्रवाई की व्यवस्था अन्य सांसदों द्वारा जोरदार तरीके से अपनी आवाज को संसद पटल पर रखें और असंसदीय भाषा और व्यवहार करने वाले सदस्यों को निलंबित किए जाने की आवश्यकता भी है जिससे देश की सर्वोच्च संस्था का आदर और सम्मान पूरे देश के साथ विदेशो में भी जा सके।

एक नजर में

## सरस्वतिया एवं दानरो नदी तट पर कुड़ा-कचरा डंप न करने की मांग

**गढ़वा।** गढ़वा शहरी क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चन्दन जायसवाल ने शनिवार को शहर के व्यवसायियों के साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरस्वतिया नदी एवं दानरो नदी के संगम तट पर गढ़वा नगर परिषद के द्वारा कुड़ा-कचरा डम्प करवाकर प्रदुषण फैलाने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। सौंपे गये मांग पत्र के माध्यम से श्री जायसवाल ने कहा कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर नदियों को प्रदुषण मुक्त करने के लिए कई योजनाएं चला रही है। परन्तु नगर परिषद गढ़वा के द्वारा शहर के लाईफ लाईन दानरो नदी एवं सरस्वतिया नदी के संगम तट पर पूरे शहर का कचरा डम्प किया जा रहा है। जिससे न सिर्फ जल बल्कि वायु भी प्रदूषित हो रहा है। नदी को अतिक्रमित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के द्वारा संगम तट पर कुड़ा-कचरा डम्प करने पर अविलम्ब रोक लगायी जाय। साथ ही वहां के डंपिंग कचड़े को हटाकर साफ-सफाई करायी जाए। ताकि नदियों का संरक्षण हो सके व प्रदूषण से मुक्ति मिल सके। मौके पर जय प्रकाश केशरी, प्रमोद केशरी, अमित केशरी, बबलु केशरी, गौरव जायसवाल, संजय केशरी, नीलु बंगाली, अरविंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, सुरेश केशरी, अभिषेक केशरी टुबूल, बुान, सागर गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## रोजगार सेवक एवं झाप्रसे के अधिकारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**गढ़वा।** जिले के प्रखंड कार्यालय सगमा के रोजगार सेवक शशिकांत सिंह व झाप्रसे के एक आिकारी दीपंकर श्री ज्ञान के निधन पर शनिवार को समाहरणालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

मौके पर डीडीसी राजेश कुमार राय ने उनके आकस्मिक निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने एक अच्छा कर्मी एवं पदाधिकारी को खोया है, जो काफी पीड़ादायक है। दुःख की इस घड़ी में हम मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। शोक सभा में अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम समेत अन्य वरीय पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में शनिवार को बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रदेश संयोजक योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि चुनाव में बूथ कार्यकर्ताओं की भूमिका बहुत ही अहम होती है। इस दौरान उन्होंने बूथ को मजबूत बनाने का गुरु मंत्र दिया। उन्होंने सभी बीएलओ को विाानसभा वार सम्मेलन का निर्देश दिया। जिससे आने वाले चुनाव में इसका लाभ मिले। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने आगामी पांच अक्टूबर को झारखंड प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान प्रवास को लेकर कार्यक्रम सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जवाहर पासवान, शारदा महेश प्रताप देव आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

## डेढ़ दर्जन हॉकरों के बीच छाता का वितरण

**गढ़वा।** जायन्ट्स सेवा सप्ताह के आखिरी दिन जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शनिवार को शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में अखबार बांटने वाले डेढ़ दर्जन हकरों के बीच छाता का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स पदाधिकारी ने अखबार बेचने वाले हॉकरों की काफी प्रशंसा करते हुए कहा कि कड़कड़ाती ठंड का मौसम हो, मूसलाधार बरसात हो या शरीर को झुलसा देने वाली तेज गर्मी का मौसम हो सालों भर घर घर अखबार पहुंचाते हैं।

## पेज 1 का शेष

### न्यायालय से दखल और...

मीडिया के किसी सवाल का सीएमओ कर्मी ने कोई जवाब नहीं दिया। मालूम हो कि इडी ने सीएम को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। वहीं, दूसरी ओर से सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम की तरफ से ईडी को जो पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह याचिका फिलहाल अदालत में लंबित है। इसीलिए एजेंसी से यह आग्रह है कि जब तक हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई नहीं हो जाती और कोई फैसला नहीं आ जाता, तब तक कोई कार्रवाई न की जाये। सीएम की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश केस लड़ रहे हैं। **इडी दफ्तर में थी कड़ी सुरक्षा :** वहीं सीएम के इडी कार्यालय आने के अंदेशे के बीच शनिवार को वहां अतिरिक्त सुरक्षा की गयी थी। कार्यालय के आसपास भी भारी संख्या में सुरक्षा में पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था।

### आज रांची-हावड़ा वंदे भारत...

रेल मंत्रालय के अनुसार इन वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत से देश में रेल सेवा के एक नये मानक की शुरूआत होगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित ये ट्रेनें आम लोगों, पेशेवरों, व्यापारियों, छात्र समुदाय और पर्यटकों को यात्रा के आधुनिक, त्वरित और आरामदायक साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।

### कानून सरल हो...

उन्हें अपनी भाषा में कानून समझ आना चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं को दूसरे देशों के बेस्ट प्रैक्टिस सीखने की सलाह दी है। साथ ही कहा, पीएम मोदी ने कहा कि कानून को जटिल भाषा में बनाने का चलन रहा है। विधि समुदाय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका और बार भारत की न्याय प्रणाली के लंबे समय से संरक्षक रहे हैं और वे भारत की आजादी में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत कई ऐतिहासिक क्षणों का गवाह बना है। भारत पर दुनिया के बढ़ते विश्वास में निष्पक्ष न्याय की एक बड़ी भूमिका है। 'मुझे विश्वास है यह अंतर्राष्ट्रीय वकील सम्मेलन इस दिशा में भारत के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा।

### कब्जे वाले कश्मीर को...

पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाओं का घर बताया। **पाकिस्तान का रिकार्ड सबसे खराब :** उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाला देश है। जहां अल्पसंख्यक और महिलाओं के अधिकारों की स्थिति सबसे खराब है। अच्छा होगा कि पाकिस्तान ऐसा करने से पहले अपना घर संभाले। पाकिस्तान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली ना उठाये। भारतीय राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के खिलाफ 'निराधार और दुर्भावनापूर्ण प्रचार' करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की। गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का दुरुपयोग किया है। यह एक तरह का अपराध है और पाकिस्तान इस तरह के मामलों में एक आदतन अपराधी नजर आता है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने करतूतों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करता रहा है। गहलोत ने पाकिस्तान से 2011 के मुंबई आतंकवादी हमले के अपराधियों के खिलाफ 'विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई' करने का आग्रह किया।

स्पीड न्यूज

## जयपुर में राहुल गांधी ने की स्कूटी की सवारी



**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर के अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान महारानी कॉलेज में छात्राओं के साथ संवाद किया। कांग्रेस नेता शनिवार दोपहर महारानी कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य ने उनका स्वागत किया। वह छात्राओं के साथ संक्षिप्त संवाद के बाद हेलमेट लगाकर एक स्कूटी पर बैठे। स्कूटी को एक युवती चला रही थी। सुरक्षा काफिले के बीच उन्होंने कुछ दूर तक स्कूटी पर सफर किया।

## राधाष्टमी में दो वृद्ध श्रद्धालुओं की मौत

**मथुरा।** मथुरा जिले के बरसाना में राधाष्टमी के अवसर पर उमड़ी भारी भीड़ के बीच शनिवार सुबह अलग-अलग कारणों से एक महिला समेत दो बुजुर्गों की मृत्यु हो गयी। भीड़ की वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब होने की भी खबर है। पुलिस ने बताया कि बरसाना में शुक्रवार की रात से श्रद्धालुओं की भीड़ है और इसकी वजह से कई श्रद्धालुओं की तबीयत खराब हो गई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई। लेकिन शनिवार सुबह महिला सहित दो लोगों की मृत्यु होने की जानकारी मिली है।

## 9.5 करोड़ पाकिस्तानी गरीबी में : विश्व बैंक

**इस्लामाबाद।** विश्व बैंक ने कहा है कि पिछले वित्त वर्ष में पाकिस्तान में गरीबी बढ़कर 39.4 प्रतिशत हो गई है। खराब आर्थिक हालात के कारण 1.25 करोड़ से अधिक लोग इसकी चपेट में आए हैं और वित्तीय स्थिरता हासिल करने के लिए देश को तत्काल कदम उठाने होंगे। वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने शुक्रवार को एक मसौदा नीति का अनावरण किया। मसौदा नीति में कहा गया कि लगभग 9.5 करोड़ पाकिस्तानी अब गरीबी में रहते हैं। इसे पाक की अगली सरकार के लिए सभी हितधारकों की मदद से तैयार किया है।

## बंगाल में डेंगू से छह और लोगों की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में डेंगू से छह और लोगों की मौत होने से इस वर्ष राज्य में डेंगू से मरने वालों की संख्या बढ़कर 30 से अधिक हो गयी है। अधिकारियों ने बताया कि दो मरीजों की कोलकाता के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी। उनमें से एक सॉल्ट लेक से था तथा दूसरा बाघा जतीन का निवासी था।

# खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की संपत्ति जब्त

## एनआइए ने चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रॉपटी को किया अटैच

एजेंसी

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पंजाब में बड़ी कार्रवाई करते हुए खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ व अमृतसर में मौजूद संपत्ति को जब्त कर लिया है। एनआईए ने इन संपत्तियों को सील करते हुए अपना बोर्ड लगा दिया है। भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पन्नू के संगठन पर बैन लगाया था। पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का मुखिया है। वह कनाडा और दूसरे देशों से लगातार भारत विरोधी बातें करता रहता है। हाल ही में कनाडा-भारत विवाद में उसने कनाडा में रहने वाले हिंदुओं को भी धमकी दी थी। एनआईए ने शनिवार को अमृतसर के गांव खानकोट में पन्नू की 46 कनाल की प्रॉपर्टी जब्त की है। खानकोट पन्नू का पैतृक गांव है। यह कृषि भूमि है। वहीं चंडीगढ़ के सेक्टर 15 में पन्नू का घर है। पहले 2020 में इन्हें अटैच किया गया था। अब एनआईए ने इन्हें जब्त कर लिया है। अब इस संपत्ति की मालिक सरकार बन गई है।



## आतंकी निज्जर के आवास पर चिपकाया नोटिस

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कनाडा में मारे गए खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के पंजाब के जालंधर में स्थित आवास पर संपत्ति जब्त करने का नोटिस चस्पा कर दिया है। यह घर जालंधर जिला के गांव भारसिंहपुरा (फिल्लौर) में स्थित है। एनआईए की टीम ने शनिवार को यह नोटिस चिपकाया है। मोहाली स्थित एनआईए की विशेष अदालत से जारी हुए नोटिस में कहा गया है कि एनआईए ने हरदीप सिंह निज्जर की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए याचिका दी है। इस मामले में रिश्तेदार-नजदीकी 11 अक्टूबर को स्पेशल एनआईए कोर्ट मोहाली में पेश होकर अपना पक्ष रख सकता है। भारत द्वारा कनाडा को सौंपे डोजियर के मुताबिक निज्जर 1996 में फर्जी पासपोर्ट बनवाकर कनाडा भागा था। इसके बाद निज्जर ने एक महिला से शादी की, जिसने उसकी इमिग्रेशन को लेकर मदद की। निज्जर 25 मई 2007 को कनाडाई नागरिक बन गया। निज्जर 2012 में एक जत्थे के साथ पाकिस्तान गया था। यहां उसने हथियारों और धमाके की ट्रेनिंग ली। इसके बाद फिर कनाडा आ गया और आतंकी मनसूबे पूरे करने लिए अपने साथियों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी।

## जाति जनगणना से डरते क्यों हैं प्रधानमंत्री : राहुल

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि देश के प्रधानमंत्री जातिगत जनगणना से डरते क्यों हैं?

राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री को जातिगत जनगणना के आंकड़े देश के सामने रखने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि संसद व विधानसभाओं में महिला आरक्षण को आज ही लागू किया जा सकता है लेकिन सरकार परिसीमन व जनगणना का बहाना बनाकर इसे 10 साल टालना चाहती है। प्रधानमंत्री 24 घंटे ओबीसी की बात करते हैं तो फिर जातिगत जनगणना से क्यों डरते हैं?

## प्रधानमंत्री ने 16 अटल आवासीय विद्यालयों का किया लोकार्पण, कहा

# पूरी दुनिया में बजे काशी का डंका

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी के लोगों को वहां का ब्रांड एंबेसडर बताते हुए शनिवार को कहा कि काशी का डंका पूरी दुनिया में बजना चाहिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने राज्य के 16 अटल आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी के बारे में यहां के लोग ही जानते हैं। यहां का हर व्यक्ति, हर परिवार काशी का ब्रांड एंबेसडर है, लेकिन साथ ही यह भी जरूरी हैं कि सभी लोग काशी के बारे में अपनी पहचान को अच्छे से सभी के सामने रख पाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी पर्यटक स्थल हो, यात्रा धाम हो, वहां उत्तम गाइड का होना बहुत जरूरी होता है। वह प्रतिभावान हो, उसके पास संपूर्ण जानकारी हो। यह ताकत काशी में होनी चाहिए, आजकल पर्यटक गाइड एक बड़ा रोजगार बन रहा है। क्योंकि पर्यटक सब कुछ समझना चाहता है और इसके लिए पर्यटक कीमत भी चुकाने को तैयार रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए मेरी इच्छा है और मैं यहां काशी सांसद टूरिस्ट गाइड प्रतियोगिता की आयोजित करने का प्रयास कर रहा हूं। आप गाइड बनकर आएं और लोगों को हर एक स्थल के बारे में जानकारी देकर इनाम पायें। इसके कारण लोगो को पता चलेगा कि इस शहर में गाइड की एक संस्कृति बन रही है। मुझे यह काम इसलिए करना है कि मैं चाहता हूं कि मेरी काशी का डांका पूरी दुनिया में बजे। मोदी ने कहा कि बाबा की कृपा से काशी अब विकास के ऐसे आयाम गढ़ रही है, जो अभूतपूर्व हैं। आज ही मैने बनारस में अंतरराष्ट्रीय

### मोदी ने बनारस को दिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का सौगात



अटल बिहारी आवासीय विद्यालय का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्य नाथ।

क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया हैं और उप्र के 16 अटल आवासीय विद्यालयों के लोकार्पण का अवसर भी मिला हैं। इनका निर्माण लगभग 1,115 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रत्येक विद्यालय का निर्माण लगभग 10 से 15 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। छात्रों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए यहां खेल के मैदान, मनोरंजन गतिविधियों के लिए क्षेत्र, एक सभागार, छात्रावास परिसर, मेस और कर्मचारियों के लिए आवासीय फ्लैट की सुविधा भी दी गई है। प्रत्येक विद्यालय में लगभग एक हजार छात्र पढ़ सकेंगे। इनका निर्माण विशेष रूप से मजदूरों, निर्माण श्रमिकों और कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

### नारी नेतृत्व का सामर्थ्य हर कालखंड में साबित किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने का श्रेय महिलाओं को देते हुए कहा कि हमने नारी नेतृत्व का सामर्थ्य हर कालखंड में साबित किया है। हाल में संसद में संविधान (128वां संशोधन) विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शनिवार को यहां संपूर्णानंद संस्कृत विवि के मैदान में नारी शक्ति वंदन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए एक आधुनिक व्यवस्था हो सकती है, लेकिन हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं। मोदी ने कहा कि यही काशी रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना की जन्मभूमि भी है। आजादी की लड़ाई में लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना से लेकर आधुनिक भारत में मिशन चंद्रयान तक नारी नेतृत्व का सामर्थ्य क्या होता है, यह हमने हर कालखंड में साबित किया है।

## पाकिस्तान में 13 आतंकवादी गिरफ्तार

**लाहौर।** पाकिस्तान की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पंजाब प्रांत में प्रमुख प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की एक बड़ी आतंकवादी साजिश को विफल कर दिया और 13 आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इन आतंकवादियों में से ज्यादातर आईएसआईएस और टीटीपी से संबंधित हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## फिल्म गणपत में जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी कृति सैनन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन अपनी आने वाली फिल्म गणपत में जोरदार एक्शन करती नजर आयेंगी। पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म गणपत में टाइगर श्राफ,कृति सेनन और अमिताभ बच्चन की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में कृति सैनन एक्शन अवतार में नजर आयेंगी। निर्माता जैकी भगनानी ने कहा कि गणपत मेरे सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है, जो एक्शन और रोमांच से भरपूर मिश्रण का वादा करती है। दर्शकों के लिए हमारे पास जो शानदार रेविलेशन है वह है कृति सैनन का पावर-पैक एक्शन अवतार। उन्होंने खुद को एक असाधारण परिवर्तन यात्रा में अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच 9 महीने



के गहन प्रशिक्षण से गुजरते हुए, ननचुक्स चलाने की कला में महारत हासिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने चरित्र के प्रति उसकी प्रतिबद्धता प्रेरणादायक है। यह फिल्म 20 अक्टूबर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी।

## डूसू चुनाव : एबीवीपी ने जीता तीन सीट, एनएसयूआइ के खाते में आयी एक सीट

**नयी दिल्ली।** आरएसएस से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की चार सीट में से अध्यक्ष सहित तीन सीट पर जीत दर्ज की, जबकि एक सीट कांग्रेस से संबद्ध एनएसयूआई के खाते में गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि एबीवीपी के तुषार डेढ़ा डूसू के अध्यक्ष चुने गए, जिन्होंने ह्यनेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के हितेश गुलिया को 3,115 मतों से हराया। डेढ़ा को 23,460 मत मिले, जबकि गुलिया के खाते में 20,345 वोट पड़े।

# कपड़े और थर्मोकोल से बनेगा पंडाल

खबर मन्त्र का अभियान

## श्री श्री दुर्गा पूजा नवयुवक संघ : काल्पनिक मंदिर में पधारेंगी दुर्गा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्री दुर्गा पूजा नवयुवक संघ गुदड़ी बाजार में भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस बार काल्पनिक मंदिर में मां दुर्गा पधारेंगी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए कपड़े और थर्मोकोल की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। पूजा पंडाल के आस-पास विशेष विद्युत साज की तैयारी की जा रही है। इस बार पांडाल की ऊंचाई 35 फीट चौड़ाई 35 फीट लंबाई 30 फीट होगी। पूजा समिति के अध्यक्ष उज्जवल कु मार सिन्हा और मुख्य संयोजक नंद किशोर चंदेल ने बताया कि यहां मां दुर्गा की पूजा 1975 से लगातार होता आ रहा है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। उन्होंने बताया कि पंडाल में मां भगवती का 9 दिनों तक रीति रिवाज के साथ पूजा होता है। देवी दुर्गा सहित अन्य देवी देवताओं के मूर्ति का निर्माण स्थानीय कलाकार कर रहे हैं। इस पूजा समिति को स्वर्गीय उमेश प्रसाद सिन्हा के द्वारा शुरू किया गया था और लगातार उनकी



इस परंपरा को पूजा समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारीगण निर्वहन करते चले आ रहे है, 15 अक्टूबर को कलश स्थापना की जाएगी और पंडाल का पट 20 अक्टूबर से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा।

इस मौके पर बच्चों के लिए कई प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पूजा समिति के सचिव विनित कुमार ने बताया कि नवमी को भोग का वितरण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया जाएगा। पंडाल के आसपास विशेष विद्युत साज की जाएगी। इस बार का बजट पंडाल व अन्य खर्चों में लगभग 9-10 लाख रखा गया है।

पूजा तैयारी को लेकर समिति के अध्यक्ष उज्ज्वल कुमार सिन्हा, संरक्षक सुमन साहू, शिवा भाटिया, मृत्युंजय सिंह, दयानंद प्रसाद, रामावतार प्रसाद, सचिव गोपाल जी, मुख्य संरक्षक राजू प्रसाद महतो, मुख्य संयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल, कार्यकारिणी अध्यक्ष श्री मनप्रीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष चंदन साहू, रोहित साहू, आनंद वर्मा, सतीश चंद्र, सचिव श्री गोपाल गुप्ता, पवन साहू, सह सचिव अनमोल सिंह, योगेश कुमार, सह कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार, अंशु गुप्ता, प्रचार मंत्री नीरज कुमार गोलू, पंडाल प्रभारी सोनू कुमार, कार्तिक राम, मीडिया प्रभारी रितेश कुमार गुप्ता, मुख्य पुजारी दीपक सिंह, सह पुजारी आशीष वर्मा, दीपक कुमार लगें हुए है।

